राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा


स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 24 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 114, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ग्राम पंचायत बेलहा सीकटिहा में लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप....06

पंजीकृत ठेकेदारों ने टेंडर प्रक्रिया में पक्षपात के आरोप लगाते हुए सौंपा ज्ञापन....12

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, 'एक्स पोस्ट फैक्टो' पर्यावरणीय मंजूरी को क्यों दी चुनौती?

**● कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स पोस्ट फैक्टो' (कार्योत्तर) पर्यावरणीय मंजूरियों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. जयराम रमेश ने दावा किया कि पहले बिना अनुमति के परियोजना शुरू करना और बाद में मंजूरी ले लेना एक खतरनाक चलन है**





कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स पोस्ट फैक्टो' (कार्योत्तर) पर्यावरणीय मंजूरियों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. उन्होंने दावा किया कि पिछली तारीख से दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरियां कानून की नजर में गलत हैं.'एक्स पोस्ट फैक्टो' पर्यावरणीय मंजूरी का मतलब बिना पूर्व अनुमति के शुरू हो चुकी औद्योगिक परियोजनाओं को बाद में वैधानिक मंजूरी देना है।

पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, '29 दिसंबर 2025 को अरावली की पुनर्परिभाषा पर दिए गए अपने पहले के फैसले की उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई. समीक्षा से उत्साहित होकर, मैंने अब उच्चतम न्यायालय में एक्स पोस्ट फैक्टो (कार्योत्तर) पर्यावरणीय मंजूरियों को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की है.' उनका कहना है कि पिछली तारीख से दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरियां कानून की नजर में गलत हैं, जन-स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं और शासन व्यवस्था का मजाक बनाती है।

**सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को लेकर स्थगित किया था आदेश**

जयराम रमेश ने कहा, 'ये उन लोगों को आसान रास्ता देती हैं जो जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करते हैं. कानून की अनभिज्ञता, उसका उल्लंघन करने का कोई बहाना नहीं हो सकती.' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 नवंबर के फैसले में दिए गए उन निर्देशों को बीते 29 दिसंबर को स्थगित रखने का आदेश दिया था, जिसमें अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था. जयराम रमेश इसी घटनाक्रम को पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में एक सकारात्मक संकेत मानते हुए आगे की कानूनी लड़ाई की तैयारी में हैं।

**कानून का पालन करने वालों के साथ अन्याय**

जयराम रमेश ने दावा किया कि पहले बिना अनुमति के परियोजना शुरू करना और बाद में मंजूरी ले लेना एक खतरनाक चलन है, जो कानून का पालन करने वालों के साथ अन्याय करता है. उन्होंने दो टूक कहा कि कानून की अनभिज्ञता, उसका उल्लंघन करने का कोई बहाना नहीं हो सकती।

जयराम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्हें अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 दिसंबर 2025 को दिए गए आदेश से हौसला मिला है. उन्होंने लिखा कि इसी फैसले की समीक्षा से उत्साहित होकर उन्होंने अब एक्स पोस्ट फैक्टो पर्यावरणीय मंजूरियों को चुनौती देने का फैसला किया है

अरावली मामले में फैसले से मिला है हौसला- रमेश

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि उन्हें अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 दिसंबर 2025 को दिए गए आदेश से हौसला मिला है। उन्होंने लिखा कि इसी फैसले की समीक्षा से उत्साहित होकर उन्होंने अब 'एक्स पोस्ट फैक्टो' पर्यावरणीय मंजूरियों को चुनौती देने का फैसला किया है।

**क्या था अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

गौरतलब है कि इससे पहले 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा को लेकर अहम निर्देश दिए थे, जिन्हें बाद में 29 दिसंबर को स्थगित कर दिया गया। जयराम रमेश इसी घटनाक्रम को पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में एक सकारात्मक संकेत मानते हुए आगे की कानूनी लड़ाई की तैयारी में हैं।

## एपेक्सा ग्रुप घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 16 करोड़ की संपत्ति जब्त

**ईडी ने एपेक्सा ग्रुप द्वारा 194.76 करोड़ रुपए की निवेशक धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई की है. जयपुर जोनल टीम ने 37 अचल संपत्तियां और 1.5 करोड़ रुपये का बैंक खाता जब्त किया. आरोपी मुरली मनोहर नामदेव और उनके साथियों ने ऊंचे मुनाफे का लालच देकर भोले-भाले निवेशकों से पैसे ऐंठे और अपनी निजी संपत्ति बढ़ाई।**



एपेक्सा ग्रुप के निवेश घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15.97 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है. यह कार्रवाई 22 जनवरी 2026 को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के तहत की गई।

ईडी की जयपुर जोनल टीम ने इस मामले में 37 अचल संपत्तियां और एक बैंक खाता जब्त किया है. अटैच की गई संपत्तियों में खेती और रिहायशी जमीनें शामिल हैं, जो बूंदी, बारां और कोटा जिलों में स्थित हैं. ये संपत्तियां मुरली मनोहर नामदेव, दुर्गा शंकर मेरोथा, अनिल कुमार, गिरिराज नायक, शोभा रानी समेत अन्य के नाम पर दर्ज हैं. इसके अलावा एपेक्सा ग्रुप के एक बैंक खाते में जमा 1.50 करोड़ रुपये भी जब्त किए गए हैं।

**राजस्थान पुलिस की स्नढ्ढक्र के आधार पर शुरू हुई थी जांच**

ईडी ने यह जांच राजस्थान पुलिस की एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. आरोप है कि एपेक्सा ग्रुप ने लोगों को बेहद ऊंचा मुनाफा देने का लालच देकर करीब 194.76 करोड़ रुपए जुटाए. जांच में सामने आया कि मुरली मनोहर नामदेव और उनके साथियों ने जानबूझकर फर्जी योजनाएं बनाई और भोले-भाले निवेशकों को फंसाया।

ईडी के मुताबिक, 2012 से 2020 के बीच निवेशकों को कभी-कभार थोड़े पैसे लौटाकर या नए निवेशकों से आए पैसों से पुराने निवेशकों को भुगतान कर यह दिखाया गया कि कारोबार मुनाफे में है. कई निवेशकों को मुनाफा दोबारा निवेश करने के लिए भी उकसाया गया. असल में इतनी ज्यादा कमाई संभव ही नहीं थी और ये योजनाएं शुरू से ही टिकाऊ नहीं थीं।

**पैसे ले लिए लेकिन भुगतान के लिए कुछ भी नहीं**

कोरोना काल के दौरान जब बड़ी संख्या में निवेशकों ने अपने पैसे और मुनाफे की मांग की, तो एपेक्सा ग्रुप के पास भुगतान करने के लिए कुछ भी नहीं था. यहीं से पूरा खेल उजागर हो गया और योजनाएं धराशायी हो गई. हजारों निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

जांच में यह भी सामने आया कि निवेशकों से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल जमीनें खरीदने और नए निजी कारोबार खड़े करने में किया गया, ताकि आरोपी अपनी निजी संपत्ति बढ़ा सकें, न कि निवेशकों को कोई वैध मुनाफा दिया जा सके. ईडी का कहना है कि इस मामले में जांच अभी जारी है और आगे और संपत्तियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ओवरब्रिज के नीचे थोक सब्जी कारोबार पर प्रशासन की सख्ती, 9 व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित



**बलिया** में अवैध रूप से थोक सब्जी कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा और कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभापति के निर्देश पर ओवरब्रिज के नीचे थोक व्यापार संचालित कर रहे 9 सब्जी व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई मंडी अधिनियम, 1964 की धारा 17(2) तथा नियमावली के नियम 71 के तहत की गई है। प्रशासन ने संबंधित व्यापारियों को अधिनियम की धारा 17(2) और नियम 72 के अंतर्गत 15 दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मंडी परिसर में आवंटित दुकान/फड़ के साथ लाइसेंस भी निरस्त कर दिए जाएंगे। निलंबित किए गए व्यापारियों में मे0 भरत प्रसाद एंड संस, मे0 एकता आलू भंडार, मे0 कृष्ण राय एंड संस, मे0 गुन्ना लाल चुन्ना लाल, मे0 लाला साह रामेश्वर प्रसाद, मे0 राइन ट्रेडिंग कंपनी, मे0 बलिराम प्रसाद एंड संस, मे0 शौकत अली अली शेर और मे0 सुरेश कुमार राजेश कुमार शामिल हैं। नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई मंडी नियमों के उल्लंघन और निर्धारित व्यवस्था के बाहर व्यापार संचालन को लेकर की गई है। उन्होंने कहा कि इस कदम से अवैध और अनियमित थोक व्यापार पर रोक लगेगी तथा मंडी व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। कार्रवाई के बाद मंडी क्षेत्र के व्यापारियों में हलचल मची हुई है। प्रशासन ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी

**उसका बाजार।** कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार सहित अन्य शिक्षण संस्थानों पर शुक्रवार को बसंत पंचमी और सुभाष चंद बोस जयंती धूमधाम से मनाया गया। किसान इंटर कालेज के परिसर में स्थित माता सरस्वती के मंदिर में माता सरस्वती की प्रतिमा पर प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता , शिक्षक गण और बच्चो ने माल्यार्पण कर , दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया है। इसके उपरांत नेता जी सुबास चंद बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रधानाचार्य ने सुबास चंद बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसी तरह ज्ञानोदय इंटर कालेज, बाबा हरिदास इंटर कालेज, एस एन पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ सेंट्रल एकेडमी आदि विद्यालय पर बसंत पंचमी ,और सुबास चंद बोस जयंती मनाया गया।

## गुजरात में दो महीने में 48 धार्मिक ढांचे गिराए गए, सरकार ने हाई कोर्ट को बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** गुजरात के गृह विभाग ने गुरुवार को हाई कोर्ट को बताया कि 1 नवंबर से 31 दिसंबर, 2025 के बीच यानी दो महीने में राज्य भर में 48 गैर-कानूनी धार्मिक ढांचे गिराए गए. 38 को दूसरी जगह बसाया गया और 30 को नियमित किया गया।

गुजरात हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल और जस्टिस डीएन रैन की पीठ ने सड़कों, बगीचों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर गैर-कानूनी धार्मिक कब्जों के बारे में एक स्वतः संज्ञान वाली याचिका (स्न्श्व स्रूश्वह्लश्व) की सुनवाई की. सुनवाई के दौरान गृह विभाग ने पीठ के समक्ष एक डिटेल्ड एफिडेविट पेश किया।

गृह विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने याचिका के जवाब में एफिडेविट फाइल किया और धार्मिक अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई पर दूसरी रिपोर्ट भी पेश की. मामले में अगली सुनवाई अब 11 मार्च को होगी।

राज्य सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल कमल त्रिवेदी ने पीठ को बताया कि राज्य सरकार गैर-कानूनी धार्मिक ढांचों के खिलाफ नियमित, पारदर्शी और कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने साफ किया कि किसी खास धर्म या पंथ को निशाना बनाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन जनता के हित में और कानून को बनाए रखने के लिए कार्रवाई जरूरी है।

गृह विभाग के हलफनामे के मुताबिक, पिछले दो महीनों में राज्य भर में 48 धार्मिक अतिक्रमण हटाए गए. इनमें से 38 को दूसरी जगह स्थापित किया गया और 30 से अधिक को नियमित किया गया।

त्रिवेदी ने आगे कहा कि सड़कों, बगीचों या अन्य सार्वजनिक जगहों पर गैर-कानूनी धार्मिक ढांचों के खिलाफ 468 नोटिस जारी किए गए हैं. इनमें से 97 नोटिस अखबारों में छपवाए गए. साथ ही, धार्मिक नेताओं से सहयोग मांगने के लिए उनके साथ 97 बैठकें की गई।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता और केंद्र सरकार को तीन हफ्ते के भीतर लिखित दलीलें जमा करने का निर्देश दिया है। यह मामला मौत की सजा के तरीके को लेकर महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई देशों ने फांसी छोड़कर इंजेक्शन लगाने जैसे तरीके अपना लिए हैं। भारत में अभी मौत की सजा के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत फांसी ही निर्धारित तरीका है।

## संभल में फिर बदले सीजेएम, महज 2 दिन में आदित्य सिंह का ट्रांसफर, अब दीपक कुमार जायसवाल को जिम्मेदारी



विभांशु सुधीर | आदित्य सिंह | दीपक जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) को एक बार फिर बदल दिया गया है। महज दो दिन पहले जिस फैसले पर मुहर लगी थी, उसे अब वापस लेते हुए नए सीजेएम की तैनाती कर दी गई है। ताजा आदेश के अनुसार, कौशाम्बी में सीजेएम के पद पर तैनात दीपक कुमार जायसवाल को अब संभल का नया सीजेएम नियुक्त किया गया है। वहीं, अब तक सीजेएम संभल रहे आदित्य सिंह को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के रूप में चंदौसी स्थित खाली कोर्ट में भेज दिया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ दो दिन पहले ही आदित्य सिंह को संभल का सीजेएम बनाया गया था। उन्हें यह जिम्मेदारी विभांशु सुधीर की जगह दी गई थी। लेकिन इस फैसले के बाद संभल में वकीलों की नाराजगी खुलकर सामने आ गई, जिसके चलते पूरे प्रशासनिक फैसले पर फिर से विचार करना पड़ा। संभल के पूर्व सीजेएम विभांशु सुधीर हाल ही में उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने संभल हिंसा मामले में तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर स्नढ्ढक्रदर्ज करने का आदेश दिया था।इस आदेश के कुछ ही दिनों बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनका तबादला करते हुए उन्हें संभल से सुल्तानपुर, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर भेज दिया।

## नाली व रैम्प निर्माण कार्य को लेकर ध्वस्तीकरण



**नैनी, प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती पीएसी कॉलोनी में नाली और रैंप निर्माण को लेकर बसंत पंचमी के दिन से ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। वार्ड नंबर 40 नैनी दादरी के पार्षद पवन यादव की देखरेख में आजाद पार्क के पास रहने वाले कॉलोनी निवासियों के घरों के सामने ध्वस्तीकरण शुरू होने से लोग अपने वाहन नहीं निकल सके। जिनके वाहन बाहर रखे थे उनको सुरक्षित जगह की तलाश में भटकते देखा गया।ध्वस्तीकरण होने से लोग अपने घरों में कैद रहे। पार्षद का दावा है कि नाली और रैंप निर्माण का काम 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। इसके लिए कॉलोनी निवासियों को सहयोग करना होगा। पार्षद का कहना है कि जिनके घरों के सामने वृक्ष लगे हुए हैं उनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। वृक्षों के जड़ों के चारों तरफ पक्के चबूतरे बनाए जाएंगे। बता दें कि पार्षद के जरिए हो रहे इस काम में कॉलोनी वासियों ने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है। साथ ही पार्षद पर भरोसा करते हुए अपने-अपने घरों के सामने तोड़फोड़ कराई है ताकि गुणवत्ता पूर्वक काम समय पर पूरा कर लिया जाए।

## ओबीसी के लिए 27% आरक्षण कोई कृपा नहीं, हमारा संवैधानिक अधिकार: रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में रविवार को ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आम सभा में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने भी शिरकत की और प्रदेश सरकार से ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण को शीघ्र बहाल करने की स्पष्ट मांग की। इस आम सभा में प्रदेशभर से 70 से अधिक सामाजिक संगठनों की भागीदारी देखने को मिली।



सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों को वर्षों से अधर में रखा गया है, जो सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर रिक्तियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिखाती है, वहीं दूसरी ओर 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर देना ओबीसी समाज के साथ अन्याय है।

डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि, '27 प्रतिशत आरक्षण कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है। हम किसी का हक़ नहीं मार रहे बल्कि अपने हक़ की मांग कर रहे हैं। जब तक ओबीसी को उसका पूरा हक़ नहीं मिलेगा, तब तक सामाजिक समानता की बात अधूरी रहेगी।' उन्होंने एससी-एसटी-ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में निजी क्षेत्रों में आरक्षण दिए जाने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी ओबीसी को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

गौरतलब है कि डॉ. अतुल मलिकराम वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई के साथ सक्रिय भूमिका में हैं और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल के साथ मिलकर संगठन निर्माण तथा आगामी चुनावों की रणनीतिक तैयारी में जुटे हुए हैं। सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता को प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है।

## परिवार रजिस्टर में घर के लोगों के नाम दर्ज कराने के लिए दर- दर भटक रहा बुजुर्ग, नहीं मिलती सचिव



**हमीरपुर:–** कर्मचारियों की मनमानी आम लोगों को कितना परेशान करती है, इसकी पीड़ा राठ क्षेत्र के धमना निवासी प्रहलाद ने बड़े ही हताश मन से बताई। धमना गांव के 65 वर्ष के बुजुर्ग प्रहलाद ने आवेदन पत्र दिखाते हुए बताया कि उसे आवश्यक काम के लिए परिवार रजिस्टर की नकल की जरूरत है लेकिन परिवार रजिस्टर में उसके परिवार के कुछ सदस्यों के नाम नहीं हैं। बताया सभी सदस्यों के नामों के बगैर नकल बेकार होगी, इसलिए वह बीते लंबे समय से गांव के पंचायत भवन के चक्कर काट रहा है लेकिन ग्रामसचिव पूनम देवी कभी आती ही नहीं हैं। बताया कि वह लोगों के कहने पर कई बार ब्लॉक कार्यालय पहुंचा, लेकिन वहां भी ग्राम सचिव के न मिलने पर हर बार मायूस लौटना पड़ा।बुजुर्ग ने बड़े ही हताश भाव से बताया कि वह कई दिनों दर-दर भटक रहा है लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। वृद्ध ने आरोप लगाया कि ग्रामसचिव हमेशा नदारत रहतीं हैं जिनके न आने से ग्रामीणों के जरूरी काम नहीं हो पाते।

## सात साल पुराने पॉक्सो केस में विशेष न्यायालय का सख्त फैसला

**● अभिषेक वर्मा को कारावास व अर्थदंड, पीड़िता को प्रतिकर देने के आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से अपहरण और दुष्कर्म के सात वर्ष पुराने मामले में कड़ा और मिसाल कायम करने वाला फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मोहम्मद कमरूज्जमा खान की अदालत ने आरोपी अभिषेक वर्मा को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी स्पष्ट आदेश दिया कि दोषी से वसूली गई अर्थदंड की संपूर्ण राशि पीड़िता को उसके पुनर्वास हेतु प्रदान की जाए।

**मामले की पृष्ठभूमि** यह मामला 7 फरवरी 2019 को थाना गाजीपुर में दर्ज मु.अ.सं. 127/2019 से जुड़ा है। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी बाजार गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस द्वारा दर्ज गुमशुदगी की विवेचना के दौरान तथ्य सामने आए कि आरोपी अभिषेक वर्मा नाबालिग को बहला-फुसलाकर पहले बेंगलुरु और फिर सूरत ले गया, जहां उसके साथ यौन शोषण किया गया।

**कानूनी कार्यवाही और पक्षकार**

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय एवं अरुण कुमार ने प्रभावी पैरवी करते हुए पीड़िता का पक्ष मजबूती से रखा।

बचाव पक्ष ने आरोपी के कम शिक्षित होने और पूर्व आपराधिक इतिहास न होने का हवाला देकर सजा में नरमी की मांग की, जिसे अदालत ने अपराध की गंभीरता और पीड़िता की आयु को देखते हुए अस्वीकार कर दिया।

**अदालत की टिप्पणी और सजा का विवरण** अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि नाबालिग के साथ यौन अपराध समाज की जड़ों को कमजोर करते हैं और ऐसे मामलों में दया का कोई स्थान नहीं है। दोषी को निम्नलिखित सजाएं सुनाई गईं–

धारा 376 (दुष्कर्म): 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 जुर्माना

धारा 366 (अपहरण): 5 वर्ष का कारावास एवं 5,000 जुर्माना

धारा 363 (अपहरण): 3 वर्ष का कारावास एवं 3,000 जुर्माना

अदालत ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी, तथा आरोपी द्वारा जेल में पहले से बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

**साक्ष्य, गवाह और सह-आरोपी**



अभियोजन ने मामले में कुल आठ गवाह प्रस्तुत किए, जिनमें मुख्य विवेचक अशोक कुमार राजभर और चिकित्साधिकारी डॉ. संदीपा श्रीवास्तव प्रमुख रहीं। वहीं, सह-आरोपी विकास कुमार को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। पीड़िता ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि विकास ने न तो उसे ले जाने में भूमिका निभाई और न ही उसके साथ कोई गलत कृत्य किया।

**पीड़िता के पुनर्वास पर जोर** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत (निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ) का अनुपालन करते हुए, अदालत ने निर्णय की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLS), लखनऊ को भेजने का आदेश दिया है, ताकि पीड़िता को अतिरिक्त क्षतिपूर्ति दिलाने पर विचार किया जा सके। अदालत का यह निर्णय न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को यह स्पष्ट संदेश भी देता है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कानून पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा और दोषियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तुलसीपुर विधानसभा में राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी के उत्तर प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्षो का हुआ बैठक



**तुलसीपुर/बलरामपुर-** तुलसीपुर में राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी के उत्तर प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्षो किं बैठक आहत किया गया जिसमे पार्टी के सभी जिला अध्यक्षो सहीत प्रदेश के युवा अध्यक्ष भी शामिल हुए जिसमे पार्टी को संगठीत कर आगे आने वाले समय में चुनाव हेतु विस्तार करने तथा पार्टी को मजबूत करने का सकल्प सभी पदाधिकारियों ने लिया, बैठक में पार्टी की, विस्तार पर भी चर्चा किया गया, सभी ने अपने विचार रखें राजकुमार विश्वकर्मा प्रदेश महासचिव ने कि बैठक में प्रयागराज अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव एंव अभीनव प्रताप सिंह युवा जिला अध्यक्ष एंव मुकेश शर्मा युवा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थनगर एंव मंगनी शर्मा अध्यक्ष बलिया ने सबोधीत किया बैठक को सबोधीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वृजेश विश्वकर्मा ने कहा किं प्रदेश में कानून व्यवस्था पुरी तरह से बदखल है। आराजकता कायम है, जनता बेहाल है अधिकारी बेखौफ लूट रहें है भष्ट्राचार का आलम गाँव तक फैला हैं। ऐसे में सभी कार्यकर्ता सर्ष के लिए तैयार रहें तथा जनता के लिए अपने कर्तव्यो को निभाए।

### अवैध रूप से संचालित दिव्या अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, प्रशासन की सख्त कार्रवाई




**बलरामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में शिवपुरा स्थित दिव्या अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था, जो कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम एवं स्वास्थ्य विभाग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, पटल सहायक श्री राजेश सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। टीम द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सेंटर को सील किया गया तथा संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र को बख्शा नहीं जाएगा। भ्रूण लिंग परीक्षण एवं बिना पंजीकरण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

### संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित करे सरकार : मंजीत करौसिया



**एससीएसटी आयोग सदस्य के जरिए सीएम को भेजा ज्ञापन**

**उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने सफाई कर्मियों के उत्थान के लिए उठायी मांग**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया के नेतृत्व में एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य के द्वारा प्रदेश मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को भेजा गया। ज्ञापन में प्रदेश की निकयों में 20 वर्षों से तैनात समस्त संविदा सफाई एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित कराने की मांग की गयी। इस दौरान उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया, अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय करौसिया संजू कप्तान, नवल घावरी, जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहार, जितेंद्र करौसिया, बृजेश नहरिया, अमित करौसिया, आकाश बाल्मीकि, रामू चौहान, वंश बाल्मीकि, राजबहादुर सिंह, छोटू बाल्मीकि, दीपक नाहार, अजय कुमार, आदर्श, पुष्पेंद्र घावरी, शनि बाबरा, विक्रम, अंगिद, अमर, रजनीश, रामू, रहमान मिस्त्री आदि प्रमुख्य रूप से शामिल रहे।

## बस्ती में 550 महुआ लहन नष्टः अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही अवैध शराब विक्रेताओं में मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र अवैध शराब के निर्माण भंडारण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को बड़ी कार्यवाही की गई आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 550 किलो महुआ लहन किया नष्ट यह कार्रवाई आबकारी निरीक्षक अंगद गोड आबकारी निरीक्षक गफ्फार खान के नेतृत्व में किया गया छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छितौना माझा क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे संयुक्त टीम द्वारा सुनसान स्थान झाड़ियां और संबंधित ठिकानों की गहन तलाशी ली गई इस दौरान अवैध रूप से कच्ची शराब तैयार करने के लिए रखा गया करीब 550 किलो ग्राम महुआ लहन बरामद किया गया आबकारी अधिनियम के तहत तत्काल कार्यवाही करते हुए बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा संबंधित धाराओं में अभियुक्त पंजीकृत किया गया इस कार्यवाही से अवैध शराब निर्माण की कोशिशें को पूरी तरह से विफल कर दिया गया अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार में संतृप्त लोगों में हड़कंप मच गया प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि गैर कानूनी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें अवैध शराब के सेवन से होने वाले सामाजिक आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधित दुष्परिणामों की जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि यदि कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री हो रही हो तो इसकी सूचना तत्काल आबकारी विभाग को दें आबकारी निरीक्षक अंगद गौड ने कहा कि छावनी थाना क्षेत्र में अवैध शराब मुक्त बनाने के उद्देश्य यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आने वाले दिनों में छापेमारी एवं निगरानी और तेज की जाएगी।

## जगत को सनातन धर्म से जुड़े : व्यासजी

**ललितपुर।** रावतयाना नेमवि ग्राउंड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का दूसरे दिन की कथा सम्पन्न हुई, जिसमें व्यासजी महाराज शिवम कृष्ण शास्त्री ने गोकर्ण और धुंधकारी का संवाद सुनाया गया। भागवतजी के श्लोकों का व्याख्यान किया गया। आज की कथा में व्यासजी ने जगत को सनातन धर्म से जोड़ने को कहा और संसार में जो धर्म के विरुद्ध कुरीतियां फैल रही है। उनसे हटने एवं अपने परिवार को धर्ममय बनाने के उपदेश दिए तथा रामायण की चौपाई परहित सरिस धर्म नहिं भाई पर पीड़ा सम नही अधिमाई। इस दुनिया में जो व्यक्ति दूसरों की भलाई करता है वह मानव जीवन को सार्थक बनाता हैं। संत सेवा मानव सेवा एवं जीव सेवा के प्रति समर्पण भाव रखे। कथा में यजमान शैलेंद्र प्रताप सिंह, शुभम राजा बुंदेला, धर्म प्रताप सिंह, अशोक साहू, मुकेश साहू, महेश पटैरिया, जयहिन्द यादव, प्रीतम कुशवाहा, गब्बर पटेल, अतुल निरंजन, अनुज झा, अरविन्द्र चौबे, दिनेश विश्वकर्मा, संजय गुप्ता सहित समस्त मुहल्ला वासी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी नहीं बनेंगे इस देश के प्रधानमंत्री, करते हैं दो नाव की सवारी : बृजभूषण शरण सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** पूर्व सांसद व भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह शुक्रवार को सुल्तानपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के तिवारीपुर में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे। जहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा राहुल गांधी इस देश के प्रधानमंत्री नहीं हो सकते, मैं बृज भूषण सिंह कह रहा हूं। क्योंकि वो दो नाव की सवारी कर रहे हैं। चुनाव में वो हिंदू बन जाते हैं और चुनाव के बाद हिंदुओ को गाली देते हैं। दो नाव की सवारी करके इस देश में कोई प्रधानमंत्री नहीं बन सकता है। बृज भूषण शरण सिंह ने प्रज्ञा ठाकुर का समर्थन किया, कहा उन्होंने जो कहा सत्य कहा लेकिन भाषा थोड़ी अच्छी नहीं है। माघ मेले में शंकराचार्य पर लगाई गई पाबंदी पर हुए सवाल पर वो ये कहकर खुद को बचा ले गए कि मैं वहां पर था नहीं। अयोध्या काशी के बाद क्या मथुरा की बारी है इस पर उन्होंने कहा ये हमारा सवाल नहीं है ये विश्व हिंदू परिषद बताएगा। मिलावट के एक सवाल पर बृज भूषण ने कहा मैं अपना काम कर रहा हूं सरकार अपना काम कर रही है। फिर तंज कसते हुए उन्होंने कहा हम इतना जरुर जानते हैं कि एक जगह मैंने सूचना दी की फला जगह नकली पनीर बन रही है। दो लाख लिए चले गए पनीर बन रही। वो अपना काम कर रहे हैं हम अपना काम कर रहा हूं। आप खरीदो नहीं उनका बिकना बंद हो जाएगा। 2029 में लोकसभा चुनाव लड़ने की उन्होंने बात कही। ये भी कहा हो सकता है सुल्तानपुर से ही लड़ जाऊ। इस पर लोगों ने तालियां बजाई। बृज भूषण ने कहा मैं सुल्तानपुर से लड़ जाऊ तो मुझको कुछ वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा। मेरे लिए पूरा उत्तर प्रदेश पड़ा है।

## चार दिवसीय विराट किसान मेले का भव्य समापन, किसानों को मिली उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में कृषि उत्पादन में वृद्धि, कृषि प्रसार एवं तकनीकी प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्ती जनपद के विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोखरभिटवा स्थित बघढ़ेरवा शिव मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय विराट किसान मेले का समापन चौथे दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ राज बहादुर बिक्रम चौधरी एवं श्री हृदय राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ रामचंद्र चौधरी ने किसानों को जायद सीजन में उर्द व मूंग की खेती करने की सलाह देते हुए दलहनी फसलों को अधिक लाभकारी बताया। वहीं कृषि विशेषज्ञ हेरंब नाथ त्रिपाठी ने सावा,कोदो, ज्वार व बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इनके सेवन से शुगर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार वर्मा ने बताया कि उर्द व मूंग के मिनी किट जिले के सभी बीज भंडारों पर उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन मिलेगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर बी सिंह,कृषि विशेषज्ञ सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ सत्येन्द्र कुमार, मेला प्रबंधक सानू चौधरी, गोविन्दापुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक राज बहादुर बिक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जनपद सलाहकार अजीत त्रिपाठी,कनिष्ठ सहायक संकट हरण पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मशहूर भोजपुरी गायक अमरेश पाण्डेय अमृत ने अपनी भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी।

## शंकराचार्य के साथ जो हुआ वो हिटलरशाही का है उदाहरणः संजय सिंह

**●शंकराचार्य होने के प्रमाण मांगने पर बोले संजय सिंह बोले- प्रधानमंत्री उनका पैर छूते हैं तब वो शंकराचार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह अपने गृह जनपद सुल्तानपुर पहुंचे। यहां पर मीडिया से बात करते हुए प्रयागराज में शंकराचार्य के साथ हुई घटना और अन्य सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर संजय सिंह ने कहा यह बहुत ही अपमानजनक है हिटलरशाही का जीता जागता उदाहरण है। मोदी-योगी की जो डबल इंजन सरकार है वो चरम पर पहुंच चुकी है। आप उनके शिष्यों की चोटी पकड़ कर उनको घसीट घसीट कर उनको पिटवा रहे हैं मरवा रहे हैं। इतने बड़े शंकराचार्य पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं उनसे कोई माफ़ी मांगने के लिए या अपनी गलती मानने के लिए तैयार नहीं है ये तो अहंकार की पराकाष्ठा है। उनसे शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। जब प्रधानमंत्री उनका पैर छूते हैं तब वो शंकराचार्य हैं। जब महाकुंभ में उनको दूसरे शंकराचार्यो के साथ स्नान कराया जाता है तो उन्हें शंकराचार्य माना जाता है। लेकिन क्योंकि वो गौ-हत्या के खिलाफ बोल रहे हैं, महाकुंभ में भगड़दड़ के दौरान जो मौते हुई उसके बारे में बोलते हैं तो उनसे कहा जा रहा है बताओ आप शंकराचार्य हैं की नहीं हैं। ये कुल मिलाकर बहुत अपमानजनक मामला है जो उनके साथ बरताव किया जा रहा है। मेरी उनसे फोन पर उनसे बात भी हुई थी और मैं पूरी तरीके से शंकराचार्य के समर्थन में हूं। मैंने कोई AI वीडियो डाला है, वही वीडियो डाला है जो स्थानीय लोगों ने डाला था। इनकी पार्टी की नेता सुमित्रा महाजन ने कहा मंदिर तोड़े गए। माता अहिल्याबाई होल्कर जी के परिजनों ने कहा मंदिर तोड़ा गया। इनका एक मंत्री है रविंद्र जायसवाल उन्होंने कहा ठेकेदार से गलती हो गई। तो जिन पापियों ने मंदिर को तोड़ा, माता अहिल्याबाई की प्रतिमा को तोड़ा उन पापियों पर कार्रवाई करो न। मुझ पर तो रोज FIR करते रहते हो, करो दो चार और क़र लो। लेकिन उन लोगों पर FIR होनी चाहिए जिन्होंने उस पवित्र स्थान को तोड़ने का काम किया है उन लोगों पर FIR होना चाहिए।

## सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन हुआ।यह आयोजन केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व, नेतृत्व की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध सोच का जीवंत उदाहरण रहा। ट्रस्ट के नेतृत्व में यह प्रयास उन हजारों ग्रामीण परिवारों के लिए आशा की किरण बना, जो सीमित संसाधनों के कारण गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।शिविर के दौरान आधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों से सुसज्जित विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्रामीण, निर्धन एवं जरूरतमंद नागरिकों की गहन जांच की गई। इस सामाजिक पहल के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया गया, जिससे जनविश्वास और सहभागिता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।शिविर की प्रमुख उपलब्धियाँ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से संचालित इस शिविर में—कुल नेत्र परीक्षण (ओपीडी): 2845 नागरिकमोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित मरीजः 260आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पंजीकरणः 150 लाभार्थीसामाजिक नेतृत्व की भूमिकाशिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में युवराज श्री अनंत विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके नेतृत्वकारी विचारों एवं समाज के प्रति उत्तरदायी दृष्टिकोण ने इस आयोजन को वैचारिक दिशा प्रदान की। विशिष्ट अतिथि बहुरानी श्रीमती शाम्भवी सिंह ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में ट्रस्ट की निरंतर सक्रियता और संवेदनशील नेतृत्व की सराहना की।अपने संबोधन में युवराज श्री अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि सशक्त समाज की नींव स्वस्थ नागरिकों पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि जब सामाजिक नेतृत्व सेवा भाव से आगे आता है, तब विकास केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में दिखाई देता है। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के भाव से किया गया यह आयोजन सामाजिक नेतृत्व की सच्ची परिभाषा प्रस्तुत करता है।वहीं रानी शाम्भवी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट का नेतृत्व केवल आयोजनकर्ता की भूमिका तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व समाज के अंतिम व्यक्ति की पीड़ा को समझकर उसके समाधान तक पहुँचने का संकल्प है। उन्होंने कहा– 'सामाजिक नेतृत्व का वास्तविक अर्थ है–ज़रूरतमंद के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाना। किसी की आंखों में रोशनी लौटाना, पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को उज्ज्वल करने जैसा है। 'जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की सहभागिता

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्राम प्रधान एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने ट्रस्ट के इस सामाजिक प्रयास को जननेतृत्व की सशक्त मिसाल बताया। प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा त्रिजुगी नारायण शुक्ल, एडवोकेट गिरजाशंकर शुक्ला, शमनोज पांडेय, ग्राम प्रधान शीतला यादव, महेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।भविष्य की दिशा और संकल्पट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट का उद्देश्य सेवा को अभियान और नेतृत्व को उत्तरदायित्व के रूप में स्थापित करना है। अमेठी आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन शीघ्र ही कराए जाएंगे। भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## पढ़ेंगे और अब बढ़ेंगे अमेठी के बच्चे

**●योगी सरकार की पहल से अमेठी में बन रहा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय**

**1.33 करोड़ की लागत से मिलेगा आधुनिक कम्पोजिट स्कूल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** योगी सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य जोरों पर है। गौरीगंज विकास खण्ड के धनीजलालपुर गांव में स्थित इस परियोजना पर लगभग 1.33 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस आधुनिक स्कूल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को बेहतर और समावेशी शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। अब तक 60 फ़ीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। यह अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक की शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के तहत प्रदेश भर में सैकड़ों परिषदीय विद्यालयों को उच्चीकृत कर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अमेठी जिले में धनीजलालपुर का यह स्कूल इसी क्रम में शामिल है। निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज जल निगम यूनिट - 29 लखनऊ के माध्यम से किया जा रहा है।

स्कूल में छात्रों की समग्र विकास के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। 5 कक्षों से युक्त 1 एकीकृत भवन, लाइब्रेरी, बैडमिंटन कोर्ट, मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने हेतु डाइनिंग शेड, दिव्यांग शौचालय, गार्ड रूम, मल्टीपल ड्रींकिग वाटर यूनिट, बालक/बालिका शौचालय, स्टाफ रूम, सांइस लैब, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम, ओपेन जिम आदि की सुविधा रहेगी। हैंडवाशिंग यूनिट से लेकर यूटिलिटी यार्ड तक की सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके अलावा क्लासरूम्स को स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जाएगा, जिसमें बेहतर फर्नीचर, लाइटिंग, वेंटिलेशन और खेलकूद के लिए मैदान शामिल होंगे।

स्थानीय अभिभावक और शिक्षक इस निर्माण से उत्साहित हैं, क्योंकि इससे बच्चों को शहरों की तरह आधुनिक शिक्षा मिल सकेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि धनीजलालपुर का यह स्कूल तैयार होने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों के लिए नई उम्मीद का केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा होने की उम्मीद है, जिससे अमेठी के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप ने बताया कि अब तक कुल भौतिक प्रगति 60 प्रतिशत है। मुख्य भवन में फिनिशंग व डायनिंग हाल में प्लास्टर का कार्य कराया गया है। हमारी पूरी कोशिश है कि निर्धारित समय के भीतर विद्यालय का निर्माण पूरा करा दिया जाए।

## संवैधानिक अधिकारों के हनन का आरोप, भारत मुक्ति मोर्चा सहित कई संगठनों ने डीएम बस्ती को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआरएसएस-बीजेपी पर संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए भारत मुक्ति मोर्चा, वामसेफ, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ सहित कई सामाजिक संगठनों ने आज जिला अधिकारी बस्ती को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठनों ने जाति आधारित जनगणना, शांतिपूर्ण आयोजनों पर रोक और बहुजन समाज की आवाज दबाने के प्रयासों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा का संयुक्त राष्ट्रीय अधिवेशन 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक ओडिशा के कटक स्थित बलियात्रा लोअर ग्राउंड में आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। इस अधिवेशन में ओबीसी, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक समाज के सामाजिक, आर्थिक और संवैधानिक अधिकारों पर विचार-विमर्श होना था। साथ ही जाति आधारित जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा प्रस्तावित थी। ज्ञापन में कहा गया कि इस अधिवेशन के लिए आयोजकों द्वारा समय रहते सभी आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की गई थीं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों से विधिवत अनुमति ली गई थी। देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी हजारों प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए पहले से रेल और हवाई टिकट बुक कर रखे थे। इसके बावजूद अंतिम समय में कथित तौर पर आरएसएस-बीजेपी से जुड़े लोगों के दबाव में आकर कार्यक्रम की अनुमति रद्द कर दी गई।संगठनों ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ड्ड), 19(1)(ड्ढ) एवं 19(1)(ष) का खुला उल्लंघन बताया, जो नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण सभा करने तथा संगठन बनाने का अधिकार देता है। ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से सम्मेलन, अधिवेशन और विचार-विमर्श करना प्रत्येक नागरिक और संगठन का मौलिक अधिकार है, जिसे किसी भी राजनीतिक या वैचारिक दबाव में छीना नहीं जा सका।

भारत मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने आरोप लगाया कि जाति आधारित जनगणना की मांग बहुजन समाज को उसका संवैधानिक हक दिलाने से जुड़ी है, लेकिन मौजूदा सरकार और उससे जुड़े संगठन इस विषय पर चर्चा से बचना चाहते हैं। इसी कारण सामाजिक संगठनों के कार्यक्रमों को बार-बार बाधित किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। ज्ञापन सौंपते समय संगठनों ने राष्ट्रपति से मांग की कि ओडिशा के कटक में अधिवेशन की अनुमति रद्द किए जाने के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जिन अधिकारियों ने राजनीतिक दबाव में आकर संविधानिक अधिकारों का हनन किया है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। भविष्य में किसी भी सामाजिक संगठन के शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक कार्यक्रम को रोकने की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई। संगठनों ने जिला अधिकारी बस्ती के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार को यह संदेश देने का प्रयास किया कि बहुजन समाज अपने अधिकारों को लेकर सजग है और किसी भी कीमत पर लोकतांत्रिक अधिकारों से समझौता नहीं करेगा। नेताओं ने कहा कि यदि संविधानिक अधिकारों की रक्षा नहीं की गई और जाति आधारित जनगणना सहित सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लगातार नजरअंदाज किया गया, तो देशभर में लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और समानता की मांग उठाई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## स्वास्थ्य योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने वायभीट पहुंचे सीएमओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम वायभीट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया और मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की जानकारी ग्रामीणों से प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आशा कार्यकर्ता द्वारा नियमित रूप से जागरूकता फैलाई जा रही है तथा एएनएम द्वारा बच्चों का समय पर टीकाकरण किया जा रहा है। अधिकांश पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बन चुके हैं, जिससे उन्हें निःशुल्क उपचार का लाभ मिल रहा है। इसी दौरान ग्राम निवासी अंजनी देवी ने शिकायत की कि उनका प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में हुआ, लेकिन उन्हें जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिला। इस पर सीएमओ ने ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक से जानकारी ली, जिस पर स्पष्ट किया गया कि लाभार्थी के खाते में 1400 रुपये की धनराशि पहले ही भेजी जा चुकी है। वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु के ग्राम निवासी गोपाल ने आयुष्मान कार्ड न बनने की बात कही। इस पर सीएमओ ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक को निर्देश देते हुए उनका आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समय से मिल रहा है। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचे और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कोतवाली के सामने स्थित हनुमान मंदिर से घंटा चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली के ठीक सामने स्थित हनुमान मंदिर में बृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोर मंदिर में लगा घंटा चुरा ले गए। घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। मोहल्ला निवासी नीलेश शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कई बार मंदिर से घंटा चोरी हो चुकी है। हर बार पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे चोरों के हौसले बढ़ गए हैं। बताया गया कि रात के समय अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे घंटे की जंजीर तोड़ दी और घंटा खोलकर फरार हो गए। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तब चोरी की जानकारी हुई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## शिक्षक की पत्नी ने जीता मिसेज उत्तर प्रदेश का खिताब



**डलमऊ रायबरेली** डलमऊ के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक की पत्नी को मिसेज उत्तर प्रदेश का खिताब मिला है लखनऊ में आयोजित हुई प्रतियोगिता में पद्मश्री कोल्हापुरी ने सम्मानित किया है। विकासखंड के सभी शिक्षकों ने बधाई दी है। डॉ रंजना वाजपेई के पति संतोष कुमार प्राथमिक विद्यालय नरसवां में सहायक अध्यापक है। डॉक्टर रंजना खुद इतिहास विषय की प्रवक्ता है और बछरावां के आश्रम पद्धति विद्यालय में कार्यरत है पिछले दिनों एक निजी संस्था के द्वारा रायबरेली में आयोजित हुई प्रतियोगिता में उन्हें विजेता घोषित किया गया इसके बाद रविवार को लखनऊ मे क्रिएटिव आई फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य सौंदर्य प्रतियोगिता में मिसेज उत्तर प्रदेश 2026 का विजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर रंजना वाजपेई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिसेज उत्तर प्रदेश सीजन 3 का स्थान हासिल किया इसके साथ ही निर्णायक मंडल ने उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर तीन अन्य विशेष उप शीर्षकों से नवाजा है। डॉक्टर रंजना वाजपेई ने मिस प्राइड ऑफ स्टेट 2026, मिसेज एलिगेंट 2026 और क्वीन ऑफ़ एक्सीलेंस के खिताब अपने नाम किये है। एक पैर मे समस्या होने के बावजूद उन्होंने अपने आत्मविश्वास और जुनून के दम पर बचपन से इस सपने को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया।उन्होंने रैंप वॉक टैलेंट राउंड और पर्सनैलिटी राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही बॉलीवुड अभिनेत्री व पद्म श्री कोल्हापुरी ने उन्हें सम्मानित किया। शिक्षक की पत्नी की सफलता पर शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।

## बसंत पंचमी पर मेले का किया गया आयोजन,सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात



**घुरवारा।** चौदहमील में बसंत पंचमी के अवसर पर एक विशाल मेले का आयोजन किया गया। चौदहमील में स्थित बईलाने बीर बाबा मंदिर पर आयोजित इस मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़े। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद चढ़ाया। बईलाने बीर बाबा मंदिर के प्रति स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचते हैं। बसंत पंचमी के दिन सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी।लोगों ने बताया कि इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है।यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। यहां पर लोग मन्नते मांगते है।मन्नते पूरा होने पर लोग मंदिर में लड्डू,अगरबत्ती,घंटा आदि चढ़ाते है।

मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल, खिलौनों की दुकानें और झूले लगाए गए थे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात सुचारु रखने एवं वाहनों की रफ्तार कम रहे इसके लिए बैरियर लगाए गए। इस मेले में छविनाथ, पिंटू त्रिवेदी, रामफल, रामस्वरूप, पंचम सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# दबंगई की हद! विरोध के बावजूद कूड़ाघर के किनारे राशन दुकान, बिराहिमपुर में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ):** उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के मलिहाबाद ब्लॉक अंतर्गत बिराहिमपुर गांव में एक विवादास्पद मामला सामने आया है। गांव के दबंग प्रधान रामशंकर कश्यप पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने ग्रामीणों के विरोध के बावजूद कूड़ाघर के निकट सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान (राशन दुकान) बनवा दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह फैसला स्वास्थ्य और खाद्यान्न सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में इस इलाके में पानी भर जाता है, जिससे राशन दुकान के आसपास जलभराव हो जाता है। ऐसे में अनाज और अन्य राशन सामग्री भीगने या खराब होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, कूड़ाघर के ठीक बगल में राशन की दुकान होना स्वच्छता के मानकों के खिलाफ माना जा रहा है। लोग मानते हैं कि इससे कीट-पतंगे, दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, खासकर गरीब परिवारों के लिए जो यहां से अनाज लेते हैं। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'प्रधान जी ने गांव वालों की एक नहीं सुनी। हमने कई बार मौखिक विरोध किया, लेकिन काम रुकवाने की बजाय तेजी से चलवाया जा रहा है। कूड़े के ढेर के पास राशन दुकान बनाना बिल्कुल गलत है। बारिश में तो पानी में अनाज डूब जाएगा। 'ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर लिखित आवेदन भी संबंधित अधिकारियों को सौंपा है। आवेदन में उन्होंने दुकान का स्थान बदलने या निर्माण कार्य रोकने की मांग की है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है और निर्माण कार्य जारी बताया जा रहा है। प्रधान रामशंकर कश्यप से इस मामले पर प्रतिक्रिया लेने के प्रयास किए गए, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो सके।



स्थानीय प्रशासन से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला है।यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय नेताओं की मनमानी के मुद्दे को फिर से उजागर करता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह जल्द से जल्द इस विवाद की जांच कर उचित कार्रवाई करे ताकि लोगों का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर बना रहे।

## श्री परशुराम मंदिर निर्माण के प्रथम ईश्वरीय कार्य का पावन शुभारंभ

**सीतापुर** मंशाराम नव-निर्मित परशुराम ब्राह्मण चेतना मंच के तत्वावधान में श्री परशुराम मंदिर के निर्माण कार्य के प्रथम चरण (छत निर्माण) के सफल एवं सुचारू रूप से पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में ईश्वर कृपा से प्रथम धार्मिक अनुष्ठान के रूप में श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी 2026 (शनिवार) यह मानस पाठ न केवल मंदिर निर्माण की आध्यात्मिक शुरुआत है, बल्कि समाज में धर्म, संस्कार और चेतना के विस्तार का एक पवित्र प्रयास भी है। प्रभु श्रीराम की अमृतमयी वाणी से वातावरण भक्तिमय होगा और समस्त क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। अतः आप सभी श्रद्धालु भक्तजन,धर्मप्रेमी बंधु एवं मातृपित्रशक्तियों से विनम्र अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुण्य अवसर के साक्षी बनें, मानस पाठ अनुष्ठान में सहभागी होकर पुण्य लाभ अर्जित करें एवं अपने जीवन को कृतार्थ करें। आपकी गरिमामयी उपस्थिति से ही यह आयोजन पूर्णता को प्राप्त करेगा।

## सुल्तानपुर में मनाया गया इमाम हुसैन का जन्मदिन

● बधुआंकलां में फल, मिठाई और पानी का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** बधुआंकलां में शुक्रवार को हज़रत इमाम हुसैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्टॉल लगाकर फल, मिठाई, बिसलरी पानी और चॉकलेट वितरित किए गए। हजारों लोगों ने इमाम हुसैन को उनके जन्मदिवस पर याद किया और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। खादिम अब्बास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इमाम हुसैन के जन्मदिन पर शुक्रवार को निःशुल्क मिठाई, फल, पानी और चॉकलेट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन इंसानियत के मसीहा हैं, जिनका सम्मान पूरी दुनिया में हर कौम और धर्म के लोग करते हैं।

मौलाना फकीह हैदर ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान इमाम हुसैन की याद में है, जो करोड़ों इंसानों के लिए गरिमा, शांति और बुनियादी मानवाधिकारों के साथ



रहने के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने इमाम हुसैन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गुलाब अब्बास ने जानकारी दी कि इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर यह आयोजन हर साल किया जाता है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लोगों को फल, मिठाई और पानी वितरित किया गया। इस मौके पर अली अब्बास, हैदर अली, हसन अब्बास, गुड्डू, नूराई, शोएब अहमद, फारुख, हुसैनी, सरवर, साकिर हुसैन, उस्मान खान, मोहम्मद, गाजी अब्बास, राहिल, सैफ, हसनैन जैदी और मसीह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह जानकारी फज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

## माँ सरस्वती जी का भव्य पूजन एवं हवन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**......नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस मनाया गया।**

**या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।**

**या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।**

**या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।**

**सा माम् पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा।**

**लखनऊ।** युगाब्द 5127 विक्रम संवत 2082 माघ शुक्ल पक्ष पंचमी शुक्रवार को बसन्त पंचमी के पावन पर्व एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती पराक्रम दिवस के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज लखनऊ में विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी का भव्य पूजन एवं हवन का आयोजन कर वसन्तोत्सव का शुभारम्भ हुआ। आचार्य श्री ने पूजन के क्रम में वसन्त ऋतु की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि 'ऋतुओं में मैं वसन्त हूँ ये कहकर प्रभू ने इस ऋतु की श्रेष्ठता को सिद्ध कर दिया इसलिए वसन्त को ऋतुराज कहते हैं। उक्त अवसर पर आचार्य



ने मुख्य यजमान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष चन्द्र पाण्डेय द्वारा नवग्रह पूजन एवं हवन कार्यक्रम फिर सरस्वती माँ पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं मन्त्रोच्चारण के साथ विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कार्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने पूर्णाहुति दी एवं महाविद्यालय के विकास के लिए मंगल कामना की। पीले रंग के प्रसाद वितरण के साथ वसन्तोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अविभाजित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष झन्द्र पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को आजाद हिंद की अंतरिम सरकार एवं उसके मंत्रिमंडल तथा स्वतंत्रता आन्दोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



**हरगांव।** सरस्वती विद्या मंदिर शिशु मंदिर, हरगांव में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भैया धनंजय सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन द्वारा हुआ, जिसके उपरांत मां सरस्वती की वंदना की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिपिन बिहारी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या और संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, राष्ट्रकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती तथा वीर हकीकत राय के बलिदान पर भी विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक श्री ललन बाबूजी शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्री राम प्रकाश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भैया- बहनों को आशीर्वचन प्रदान किए। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्ति, अनुशासन और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल जी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# आजाद समाज सेवा समिति ने किया 48 यूनिट रक्तदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में संस्था के 48 पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। इस दौरान कुल 48 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आरके मिश्रा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय सिंह और वरिष्ठ चिकित्सक एके गोयल की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। संस्था के संस्थापक और राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी रक्तदानियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने आजाद समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस रक्तदान कार्यक्रम की सराहना की। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए




अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। उनके सपनों को पूरा करने के लिए देश में एकता और अखंडता बनाए रखना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

रक्तदान करने वालों में मेडिकल कॉलेज के डॉ. राघवेंद्र सोनकर, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. एस.के. तिवारी, रजनी सिंह, शराफत खान, रजा अब्बास जैदी, अजय सिंह (डब्लू), शिवशंकर सिंह, गिरीश तिवारी (बब्लू), वसीम राजा, महफूज अली (बब्बन), शैलेश कुमार वर्मा, मसूद अहमद, विजय कुमार, सतेंद्र कुमार सिंह, दिनेश यादव, सफीक घोसी, खालिद अली, महेंद्र निषाद, जयप्रकाश सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह उतरी, अर्पित गुप्ता, अनुज, ऋषभ सिंह, प्रिंस सिंह, विनोद रावत, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हवलदार सिंह, दल बहादुर सिंह, अमित सिंह, अंकुर अग्रहरि, सुरजीत वर्मा, प्रमोद तिवारी, अमित यादव, अभिषेक सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, विनय सिंह, मोईद अहमद, शरद त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, प्रवीण, श्यामशंकर, पवन शर्मा, जितेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, अमित शर्मा और रंजीत कुमार सहित कुल 48 लोग शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था उपाध्यक्ष बब्लू सिंह प्रधान, ओम प्रकाश गौड़, मयंक पांडेय, आलोक निषाद, विनोद पांडेय, मकसूद अंसारी, विक्रम जायसवाल, दीपक सिंह, शमशाद अहमद और अरविंद यादव सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## मलिहाबाद कस्बे में नगर पंचायत की सख्त कार्रवाई: अतिक्रमण हटाया, जाम की समस्या से मिली राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/मलिहाबाद:** उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के प्रसिद्ध आम उत्पादक कस्बे मलिहाबाद में नगर पंचायत ने सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी की मदद से दुकानदारों द्वारा सड़क पर लगाए गए बैनर, पोस्टर और टीन के पल्लों को हटा दिया। इस दौरान भारी पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई सुचारू रूप से पूरी हुई।स्थानीय दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान, बैनर और अन्य सामग्रियां रखने से मलिहाबाद के मुख्य बाजार क्षेत्रों में लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। इससे आम नागरिकों, खासकर राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती थी। नगर पंचायत ने इस समस्या को देखते हुए पहले ही दुकानदारों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया था। हालांकि, कई दुकानदारों ने सूचना के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके बाद नगर पंचायत ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अतिक्रमण सामग्री को उखाड़कर ट्राली में जब्त कर लिया।नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सार्वजनिक सड़कों को मुक्त कराने और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी यदि कोई अतिक्रमण पाया गया तो ऐसी ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने इस कदम का



स्वागत किया है और कहा कि इससे बाजार में आवागमन आसान हुआ है तथा जाम की समस्या काफी हद तक कम हो गई है।यह कार्रवाई मलिहाबाद में पहले भी कई बार की जा चुकी है, जहां नगर पंचायत समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाती रही है। प्रशासन की इस मुहिम से कस्बे की सड़कें अब अधिक सुगम और सुरक्षित हो गई हैं।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर मलिहाबाद के ग्राम पंचायत दतली में निकली भव्य तिरंगा पैदल यात्रा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद। लखनऊ:** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के मलिहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दतली के अटौरा गांव में एक उत्साहपूर्ण तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यात्रा अटौरा से प्रारंभ होकर लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दतली, गोड़वा और मतैयाखेड़ा गांवों से होकर गुजरी। इस दौरान प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगे लहराते दिखे और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' जैसे देशभक्ति भरे नारे गूंजते रहे। यात्रा में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, पीवीआर स्कूल के संस्थापक महेंद्र रावत, शिवप्रकाश शर्मा, रामकिशन पुष्कर, प्रसादी मौर्य, ओमकार सिंह, डॉक्टर पवन रावत, सोनू रावत, नीरज रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभात के पत्रकार राहुल कुमार भी मौजूद रहे और कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया। यात्रा के दौरान केवल देशभक्ति का प्रदर्शन ही नहीं किया गया, बल्कि नशे से दूर रहने की अपील भी की गई। प्रतिभागियों ने लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूक किया और कहा कि स्वस्थ एवं सशक्त युवा ही राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं।यह तिरंगा यात्रा न केवल गणतंत्र दिवस की भावना को मजबूत करने वाली साबित हुई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में एकता, देशप्रेम और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी फैलाया। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।यह कार्यक्रम मलिहाबाद क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की तैयारियों का एक सुंदर उदाहरण बन गया है, जहां ग्रामीण स्तर पर भी देशभक्ति की लौ प्रज्ज्वलित हो रही है।

## कुकर फटने से महिला झुलसी घर में मची अफरा-तफरी, खाना बनाते समय हुआ हादसा

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के तालगांव थाना क्षेत्र के दनियालपुर गांव में खाना बनाते समय कुकर फट जाने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। जोरदार धमाके के साथ हुए हादसे से घर में अफरा-तफरी मच गई परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार दनियालपुर गांव निवासी आश्मी पत्नी बदलू हसन खां रोज की तरह देर रात घर के चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान प्रेशर कुकर में अचानक तेज धमाका हुआ और कुकर फट गया। धमाके की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य और आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। कुकर फटने से उबलता हुआ खाना और गर्म भाप महिला के शरीर पर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे के बाद परिजन तुरंत महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताया है चिकित्सकों के अनुसार महिला को शरीर के कई हिस्सों में जलने के साथ चोटें भी आई हैं और उसे निगरानी में रखा गया है जोरदार धमाके के चलते कुछ देर के लिए पूरे घर में दहशत का माहौल बन गया ग्रामीणों का कहना है कि आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भी सहम गए!!

# मोती महल लॉन में अधिवक्ताओं व कार्यकर्ताओं संग धूमधाम से मनाया गया शिवपाल सिंह यादव का 69वां जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रोशनी सोनकर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी की रीढ़ माने जाने वाले शिवपाल सिंह यादव का 69 वां जन्मदिन राजधानी लखनऊ स्थित मोती महल लॉन में भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में उनके पुत्र आदित्य यादव और बड़ी संख्या में अधिवक्ता, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक शामिल हुए। पूरे आयोजन स्थल को फूल-मालाओं और बैनरों से सजाया गया था, वहीं समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान शिवपाल सिंह यादव का अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर केक काटा गया और उपस्थित लोगों ने उनके दीर्घायु होने की कामना की।

अपने संबोधन में शिवपाल सिंह यादव ने सभी उपस्थित लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, सकारात्मक ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे शुभ अवसर हमें अपने उद्देश्य और संघर्ष को और मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों में संघर्ष का रास्ता आसान नहीं है, लेकिन समाजवादी विचारधारा के कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना होगा। शिवपाल सिंह यादव ने जोर देकर




कहा कि समाजवादी आंदोलन की ताकत कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता से जुड़ाव में निहित है। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा वंचित, कमजोर और शोषित वर्गों की आवाज उठाई है और आगे भी उठाती रहेगी। अधिवक्ताओं की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में अधिवक्ताओं का योगदान अहम है और समाजवादी पार्टी ने सदैव उनके हितों की रक्षा के लिए काम किया है। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता अजीत कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिवपाल सिंह यादव ने हमेशा परिवार, संगठन और पार्टी को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रयागराज में महामंडलेश्वर के स्नान को लेकर चल रहे विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से सनातन परंपराओं का अपमान हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसका असर आने वाले विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा और जनता सरकार की कथित तानाशाही को समाप्त करेगी।

अजीत कुमार यादव ने यह भी कहा कि अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए जितना कार्य समाजवादी पार्टी ने किया है, उतना किसी अन्य राजनीतिक दल ने नहीं किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में






समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अधिवक्ताओं के लिए फिर से क्रांतिकारी और ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता अजीत यादव, अधिवक्ता अजीत यादव, अधिवक्ता सत्य नारायण यादव, अधिवक्ता जीवन कुमार यादव, अधिवक्ता सुभाषचंद्र यादव, अधिवक्ता देवराज यादव, अधिवक्ता अशोक कुमार, अधिवक्ता सुनील कुमार, अधिवक्ता राहुल यादव, अधिवक्ता पंकज यादव, अधिवक्ता सुदेश कुमार, अधिवक्ता आलोक कुमार, अधिवक्ता ज्ञान सिंह यादव, अधिवक्ता आनंद कुमार, अधिवक्ता सतीश यादव, अधिवक्ता के. के सिंह, अधिवक्ता अभय सिंह समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शिवपाल सिंह यादव के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करते हुए समाजवादी पार्टी और उसकी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास मंदिर में मेले के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**महराजगंज रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के मोन गांव में सैकड़ो वर्ष प्राचीन बाबा ओरीदास के मंदिर के मेले का शुभारंभ उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व ग्राम प्रधान श्यामकला द्वारा हवन पूजन के पश्चात कराया गया। शुक्रवार को बसंत पंचमी की सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए लाइनों में खड़े रहे। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बसंत पंचमी के दिन से हवन पूजन व भण्डारे के बाद मेले की शुरुआत हुई। मोन गांव स्थित इस मंदिर पर लोगों की अटूट आस्था भी है। यहां लगने वाले विशाल मेले में रायबरेली जनपद ही नहीं आसपास के जनपदों से भी लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। और ओरीदास बाबा पर जलाभिषेक व दर्शन करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे उपजिलाधिकारी गौतम सिंह, ग्राम प्रधान श्यामकला व मेला कमेटी ने हवन पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। मेले का शुभारंभ करने के बाद उपजिलाधिकारी ने मेले में घूमकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मेले के व्यवस्थापक सीताराम, अमरेंद्र सिंह, रज्जन महराज, सुशील पांडेय, अंशुमान मिश्रा, धनंजय सिंह, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। बसंत पंचमी पर ओरीदास मंदिर मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में लखनऊ कैंट के कमांडो पहलवान ने कानपुर के कुलदीप पहलवान को हराकर फाइनल कुश्ती का खिताब जीता। इसके पहले गैर जनपदों व क्षेत्रीय पहलवानों के बीच दर्जनों कुश्तियां हुई। जिसमें लखनऊ के सचिन, मोहित



व चंदन आदि का बेहतर प्रदर्शन रहा। दंगल में विजेता और उपविजेता पहलवानों को आयोजक समीर सिंह उर्फ आशू सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आशीष सिंह, राम यश सिंह, धनंजय सिंह, मनोज सिंह, श्यामचंद सिंह, सीताराम अमरेंद्र सिंह, विद्याकांत अवस्थी, अमरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**बिसवां (सीतापुर)** कोतवाली क्षेत्र के भोलागंज पुलिस चौकी के निकट शुक्रवार को सड़क हादसे में साइकिल सवार बोरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामनाथ पुत्र पुत्तू, निवासी ग्राम सिरसा कला, थाना बिसवां के रूप में हुई है। वह बोरिंग का काम करने के लिए साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वह बिसवां-रेउसा रोड पर भोलागंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज़ रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। इस दुर्घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एक खिलाड़ी से राष्ट्र तक: मुस्तफिजुर प्रकरण और टूटा विश्वास

**क्रिकेट पर सियासत की जीत: हार किसकी हुई?**
**यदि हर असहमति का उत्तर बहिष्कार हो, तो बचेगा क्या क्रिकेट में?**

क्रिकेट का मैदान केवल खेल का स्थल नहीं होता, वह राष्ट्रों की भावनाओं, आकांक्षाओं और आपसी विश्वास का प्रतिबिंब भी होता है। जब इसी मैदान से किसी देश की अनुपस्थिति की घोषणा होती है, तो वह केवल खिलाड़ियों की कमी नहीं दर्शाती, बल्कि विचारों और संबंधों के टूटने का संकेत भी देती है। भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से बांग्लादेश का बहिष्कार इसी टूटन की घोषणा है। यह फैसला खेल भावना से अधिक राजनीति की भाषा बोलता है। जिस विश्व कप को वैश्विक एकता, प्रतिस्पर्धा और उत्सव का प्रतीक होना चाहिए था, वह अब संदेह, टकराव और कूटनीति का अखाड़ा बनता जा रहा है। यह घटना बताती है कि आधुनिक क्रिकेट अब केवल बल्ले और गेंद का खेल नहीं रहा, बल्कि सत्ता और अस्मिता का माध्यम बन चुका है। इस पूरे प्रकरण की शुरुआत एक खिलाड़ी से हुई, लेकिन उसका विस्तार पूरे राष्ट्र तक पहुंच गया। मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल से बाहर होना एक पेशेवर निर्णय था, जैसा हर लीग में होता है, किंतु बांग्लादेश ने इसे सम्मान और सुरक्षा से जोड़कर देखा। यहीं से खेल निर्णय राजनीतिक मुद्दा बन गया। बीसीबी द्वारा मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने की मांग, आईसीसी का इनकार और फिर सीधा बहिष्कार, यह सब इस बात का प्रमाण है कि फैसले खेल तर्क से नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव में लिए गए। खेल सलाहकार और सरकारी नेतृत्व के तीखे बयान यह स्पष्ट करते हैं कि यह निर्णय क्रिकेट बोर्ड का नहीं, बल्कि सत्ता संरचना का था। परिणामस्वरूप संवाद की संभावना समाप्त हो गई और टकराव ने जगह ले ली।

भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल लेकिन सौहार्दपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों ने संघर्ष और सहयोग, दोनों के उदाहरण पेश किए हैं। उनके बीच खेले गए मुकाबले केवल अंक तालिका की लड़ाई नहीं थे, बल्कि साझा इतिहास और क्षेत्रीय पहचान की अभिव्यक्ति भी थे। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाओं ने इस संतुलन को तोड़ दिया है। बांग्लादेश के भीतर भारत विरोधी भावनाएं तेज हुई हैं और क्रिकेट उनका सबसे प्रभावी मंच बन गया है। मुस्तफिजुर प्रकरण को राष्ट्रीय अपमान के रूप में प्रस्तुत कर सरकार ने जनभावनाओं को संगठित किया। ऐसे वातावरण में पीछे हटना राजनीतिक कमजोरी माना जाता है। यही कारण है कि क्रिकेट अब खेल कम और भावनात्मक राजनीति का औजार अधिक बनता जा रहा है। इस बहिष्कार का सबसे गहरा और प्रत्यक्ष प्रभाव स्वयं बांग्लादेश क्रिकेट पर पड़ेगा। आर्थिक नुकसान केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता, वह पूरी खेल संरचना को प्रभावित करता है। आईसीसी से मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी, प्रायोजक अनुबंध, मैच फीस और पुरस्कार राशि का नुकसान बोर्ड को वर्षों पीछे धकेल सकता है। खिलाड़ियों के लिए विश्व कप केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान और करियर निर्माण का मंच होता है। वहां से बाहर होना उनके भविष्य की दिशा बदल सकता है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं के सपने भी अधर में लटक गए हैं। सुरक्षा के नाम पर लिया गया यह फैसला अंततः खिलाड़ियों से सबसे बड़ी कीमत वसूल करता दिखाई देता है।

भारत के लिए यह स्थिति पहली नजर में सहज प्रतीत हो सकती है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम कहीं अधिक गंभीर हैं। कमजोर प्रतिद्वंद्वी की अनुपस्थिति से प्रतियोगिता की गुणवत्ता प्रभावित होगी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर आईसीसी और मेजबान देश की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे। यदि अन्य देश भी इसी मार्ग पर चलते हैं, तो विश्व कप की विश्वसनीयता कमजोर हो जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन इस बात का संकेत है कि यह संकट सीमित नहीं रहेगा। दर्शक क्रिकेट को रोमांच और प्रतिस्पर्धा के लिए देखते हैं, राजनीतिक रणनीति के लिए नहीं। यदि यह संतुलन टूटा, तो दर्शकों का विश्वास भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। क्रिकेट और राजनीति का संबंध नया नहीं है, लेकिन उसका यह खुला और आक्रामक स्वरूप अत्यंत चिंताजनक है। जब सरकारें खेल निर्णयों में हस्तक्षेप करने लगती हैं, तब खिलाड़ी केवल प्रतीक बनकर रह जाते हैं। खेल संघों की स्वायत्तता कमजोर होती है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं दबाव में आ जाती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच पहले हुए बहिष्कारों ने चेतावनी दी थी, लेकिन उनसे कोई ठोस सबक नहीं लिया गया। यदि हर राजनीतिक असहमति का उत्तर बहिष्कार होगा, तो विश्व कप का वैश्विक स्वरूप समाप्त हो जाएगा। आईसीसी को अब केवल तटस्थ रहने के बजाय स्पष्ट और कठोर नीति बनानी होगी।

यह बहिष्कार किसी एक टूर्नामेंट तक सीमित घटना नहीं है, बल्कि वह मोड़ है जो क्रिकेट के भविष्य की दिशा तय कर सकता है। वर्षों की साझी मेहनत से बनी एशियाई क्रिकेट की एकता आज स्पष्ट रूप से दरकती दिखाई दे रही है। यदि राजनीति लगातार खेल पर हावी होती रही, तो आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसा क्रिकेट विरासत में मिलेगा जो विभाजित होगा, अधूरा होगा और अपने मूल उद्देश्य से भटका हुआ होगा। खेल का जन्म राष्ट्रों को जोड़ने के लिए हुआ था, न कि उनके बीच की खाइयों को और गहरा करने के लिए। क्रिकेट की आत्मा प्रतिस्पर्धा में बसती है, विरोध और वैमनस्य में नहीं। जब सीमाएं खेल के मैदान में दीवार बन जाएं, तब आत्ममंथन केवल आवश्यक नहीं, बल्कि अनिवार्य हो जाता है। फिर भी, संकट के इस दौर में आशा पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। संवाद, पारदर्शिता और आपसी सम्मान ही इस टकराव से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता हैं। बीसीबी, बीसीसीआई और आईसीसी को राजनीतिक दबावों से ऊपर उठकर खेल के व्यापक हित में निर्णय लेने होंगे। क्रिकेट को शक्ति प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद का सेतु बने रहना चाहिए। यदि आज खेल को राजनीति की गिरफ्त से मुक्त नहीं किया गया, तो भविष्य में केवल विवादों की श्रृंखला बचेगी, उपलब्धियों की नहीं। मैदान पर संघर्ष बल्ले और गेंद से तय होना चाहिए, विचारधाराओं और सत्ता समीकरणों से नहीं। क्रिकेट की एकता की रक्षा करना अनिवार्य है, क्योंकि यही इस खेल की सबसे बड़ी पहचान भी है और उसकी सबसे बड़ी विजय भी।

**प्रो. आरके जैन**

# संविधान और लोकतंत्र: खतरा या भ्रम?

**हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति और सार्वजनिक विमर्श में एक वाक्य बार-बार दोहराया जा रहा है 'संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं'। विपक्षी दलों द्वारा इसे सरकार पर प्रहार का सबसे प्रभावी औज़ार बनाया गया है। किंतु लोकतंत्र में किसी भी आरोप का मूल्यांकन उसकी आवृत्ति से नहीं, बल्कि तथ्यों और संवैधानिक यथार्थ से किया जाता है। इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यह खतरा वास्तविक है या केवल एक राजनीतिक भ्रम? यह सत्य है कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे विस्तृत, सुदृढ़ और संतुलित संविधानों में से एक माना जाता है। यह केवल शासन चलाने का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रणाली है, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन स्थापित करती है। पिछले 75 वर्षों में भारत ने युद्ध, आंतरिक अशांति, आर्थिक संकट, आतंकवाद, सामाजिक आंदोलनों, सत्ता परिवर्तन और यहाँ तक कि आपातकाल जैसे कठिन दौर भी देखे हैं। इसके बावजूद संविधान की मूल आत्मा और लोकतांत्रिक ढाँचा सुरक्षित बना रहा। यह तथ्य स्वयं इस कथन को कमजोर करता है कि भारतीय लोकतंत्र किसी गंभीर संकट में है।**

**यदि वास्तव में संविधान और लोकतंत्र खतरे में होते, तो उसके स्पष्ट संकेत दिखाई देते, जैसे समय पर चुनाव कराने से बचा जाता,स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बाधित होते, सत्ता हस्तांतरण शांति पूर्ण न होता,न्यायपालिका सरकार के विरुद्ध निर्णय देने में असमर्थ होती, संसद में विपक्ष को अपनी बात रखने नहीं दी जाती, विपक्ष को संसद और संसद के बाहर सरकार की आलोचना करने, रैली निकालने, धरना प्रदर्शन से रोका जाता, मीडिया पर पूर्ण नियंत्रण होता, टीवी चैनलों में बहस करते समय सरकार और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की आलोचना करना आसान न होता और नागरिकों की अभिव्यक्ति व आंदोलन की स्वतंत्रता सीमित हो जाती। किंतु भारत का वर्तमान यथार्थ इससे भिन्न है। यहाँ चुनाव नियमित रूप से हो रहे हैं, न्यायपालिका सक्रिय रूप से संवैधानिक समीक्षा कर रही है, मीडिया सरकार की समय-समय खुली आलोचना करता है और नागरिक और राजनीतिक दल अपनी असहमति सड़कों से लेकर न्यायालय तक व्यक्त कर रहे हैं। ये सभी तथ्य लोकतंत्र की सक्रियता को प्रमाणित करते हैं।**

**यह भी सत्य है कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव स्वाभाविक है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार से प्रश्न पूछे, नीतियों की आलोचना करे और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहे। किंतु जब हर निर्णय और हर प्रशासनिक कदम को बिना ठोस संवैधानिक आधार के 'लोकतंत्र पर हमला' कह दिया जाता है, तब यह स्वस्थ आलोचना नहीं, बल्कि राजनीतिक अतिशयोक्ति बन जाती है। वास्तविक खतरा लोकतंत्र को तब उत्पन्न होता है, जब संवैधानिक संस्थाओं जैसे संसद, न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया पर जनता का विश्वास जानबूझकर कमजोर किया जाए। निरंतर संकट का नैरेटिव नागरिकों में भय और अविश्वास पैदा करता है। लोकतंत्र भय या भ्रम से नहीं, बल्कि संविधान सम्मत आचरण, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से चलता है।**

**भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में लोकतंत्र का टिके रहना उसकी आंतरिक शक्ति का प्रमाण है। आपातकाल जैसे अनुभव के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का पुनर्स्थापन यह दर्शाता है कि भारतीय लोकतंत्र आत्म-सुधार की क्षमता रखता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नागरिक चुनौती और संकट के अंतर को समझें। चुनौती लोकतंत्र को परिपक्व बनाती है, जबकि कृत्रिम संकट का प्रचार उसे कमजोर दिखाने का प्रयास करता है।**

**निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि 'संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं' कथन तथ्यों से अधिक राजनीतिक आरोपों और भ्रम पर आधारित प्रतीत होता है। सच तो यह है कि भारत का लोकतंत्र किसी विध्वंसक संकट में नहीं, बल्कि परिवर्तनशील दौर से गुजर रहा है। इसकी वास्तविक सुरक्षा नागरिक विवेक, जिम्मेदार विपक्ष और संविधान के प्रति निष्ठा में निहित है।**

**प्रो.(डा.) मनमोहन प्रकाश**

# आशा और चुनौती के बीच भारत का बजट तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदमों की कसौटी

फरवरी की पहली तारीख को पेश होने वाला आम बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं होगा, बल्कि यह उस दिशा का संकेत देगा, जिस ओर भारत अगले दशक में बढ़ना चाहता है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब भारत की नजर तीसरे स्थान पर है और इसी लक्ष्य की नींव रखने वाला यह बजट माना जा रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं, बदलती भू-राजनीति, संरक्षणवाद के बढ़ते रुझान और अमेरिकी टैरिफ नीति जैसी चुनौतियों के बीच भारत को संतुलन साधते हुए आगे बढ़ना है। ऐसे समय में बजट से उम्मीदें भी बहुत हैं और आशंकाएं भी। पिछले दस बारह वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस तेजी से आकार बढ़ाया है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। लगभग 4.18 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत आज चौथे पायदान पर है और 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आने वाले तीन बजट बेहद अहम माने जा रहे हैं और मौजूदा बजट उसी श्रृंखला की पहली मजबूत कड़ी बन सकता है। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि विकास की गति को बनाए रखते हुए आत्मनिर्भर भारत, निर्यात वृद्धि और निवेश को बढ़ावा दिया जाए, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती है बढ़ता सार्वजनिक कर्ज। देश पर कर्ज का बोझ अब एक ऐसे स्तर पर पहुंच चुका है, जहां उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा। पिछले एक दशक में कुल कर्ज 53 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 185 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है और अनुमान है कि मार्च 2025 तक यह 196 से 200 लाख करोड़ रुपये के बीच पहुंच सकता है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि हर साल लगभग 12 लाख करोड़ रुपये केवल ब्याज चुकाने में खर्च हो रहे हैं। यानी सरकार की कमाई का एक बड़ा हिस्सा विकास कार्यों की बजाय पुराने कर्ज की भरपाई में चला जाता है। यह स्थिति लंबे समय में विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगा सकती है। हालांकि, यह भी सच है कि कर्ज अपने आप में बुरा नहीं होता, अगर उसका इस्तेमाल उत्पादक क्षेत्रों में किया जाए। समस्या तब खड़ी होती है, जब कर्ज का बोझ इतना बढ़ जाए कि वह नीतिगत फैसलों की स्वतंत्रता को सीमित करने लगे। भारत आज विश्व बैंक से कर्ज लेने वाले देशों में अग्रणी है और दुनिया के बड़े कर्जदार देशों में सातवें स्थान पर है। भले ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली जैसे देश भारत से कहीं अधिक कर्जदार हों, लेकिन भारत जैसे विकासशील देश के लिए कर्ज का संतुलन बनाए रखना कहीं ज्यादा जरूरी हो जाता है। ऐसे में इस बजट से उम्मीद की जा रही है कि सरकार कर्ज नियंत्रण की स्पष्ट रणनीति सामने रखेगी।

बजट का आकार भी अपने आप में एक बड़ा संकेत है। पिछले बारह साल में केंद्र सरकार का बजट 15 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है। इस साल इसमें करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह बढ़ोतरी बताती है कि सरकार विकास के लिए खर्च करने को तैयार है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या यह खर्च टिकाऊ वित्तीय ढांचे के साथ किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी, निर्माण, रक्षा उत्पादन और कृषि जैसे क्षेत्रों पर सरकार का फोकस पहले से रहा है और आगे भी इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ने की संभावना है। चुनौती यह है कि इन निवेशों से वास्तविक रोजगार और उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए। वैश्विक परिदृश्य भी इस बजट को खास बनाता है। अमेरिका और अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में संरक्षणवादी नीतियों का असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ रहा है। टैरिफ को कूटनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति ने निर्यात-आयात के समीकरणों को जटिल बना दिया है। भारत के लिए यह खतरा भी है और अवसर भी। अगर सही नीतियां अपनाई जाएं, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत कर सकता है। इसके लिए बजट में निर्यात प्रोत्साहन, एमएसएमई को सस्ता कर्ज और तकनीकी उन्नयन जैसे कदम अहम हो सकते हैं। रक्षा क्षेत्र भी इस बजट का एक महत्वपूर्ण पहलू रहेगा। बदलते वैश्विक हालात और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए रक्षा बजट में बढ़ोतरी की मांग लंबे समय से हो रही है। आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा देता है। सरकार पहले ही इस दिशा में कई कदम उठा चुकी है, लेकिन बजट के जरिए इस रफ्तार को और तेज किया जा सकता है।

आम आदमी की नजर से देखें तो बजट की सबसे बड़ी कसौटी राहत की उम्मीदों पर टिकी है। आयकर दाताओं को टैक्स स्लैब में बदलाव या छूट की आस है, वहीं महंगाई से जूझ रहे मध्यम और गरीब वर्ग को रोजमर्रा की चीजों में राहत चाहिए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल ने ज्वेलरी उद्योग को संकट में डाल दिया है। सट्टेबाजी का बाजार गरम है और इसका असर आम उपभोक्ता पर भी पड़ रहा है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती है कि वह बाजार में स्थिरता लाने के उपाय करे। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी इस बजट का अहम हिस्सा होंगी। देश की बड़ी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है और ग्रामीण मांग मजबूत हुए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई, भंडारण और मार्केटिंग व्यवस्था को सुधारने के लिए बजट में ठोस प्रावधान जरूरी हैं। इसके साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना भी दीर्घकालीन विकास के लिए अनिवार्य है। यह बजट ऐसे समय में आ रहा है, जब भारत आशा और निराशा के एक बड़े मोड़ पर खड़ा है। चौथी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ पूरी हो चुकी है, लेकिन तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का रास्ता अभी चुनौतीपूर्ण है। कर्ज, वैश्विक अनिश्चितताएं और घरेलू मांग की मजबूती इन सबके बीच संतुलन साधना आसान नहीं होगा। फिर भी, अगर बजट विकास, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक न्याय के बीच सही तालमेल बैठा पाता है, तो यह आने वाले वर्षों के लिए मजबूत आधार बन सकता है। अंततः, एक अच्छा बजट वही होता है जो केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन में बदलाव लेकर आए। यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है, जहां उम्मीदें भी हैं और चुनौतियां भी। देश की निगाहें टिकी हैं कि सरकार इस मौके को किस तरह अवसर में बदलती है और क्या वाकई यह बजट भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा पाता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## विपरीत परिस्थितियों में भी भारत की नीतियों का कमाल

**भारत समर्थ आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर**

निश्चित रूप से यह चमत्कार से कम नहीं है कि वर्ष 2014 के पहले मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के समय भारत विश्व में 11वीं आर्थिक शक्ति में गिना जाता था। 2014 में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहले आर्थिक मजबूती की नीतियों पर ध्यान देते हुए भारत की अंदरूनी अर्थशास्त्र मरम्मत करते हुए आज 2025 में विश्व की जापान जैसी चौथी आर्थिक शक्ति को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर चौथी महाशक्ति बन गया है। सकल जीडीपी में भारत ने उत्साह जनक वृद्धि करते हुए आश्चर्यजनक रूप से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का कम समय में रिकॉर्ड बनाया है और अब तीसरी महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैद्य यह भी सर्व विदित है कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती के पायदान पर खड़ा होकर एक बड़ी सामरिक शक्ति भी बन गया है. यह ऐसे समय में भारत ने किया है जब भारत के समक्ष विपरीत परिस्थितियों पहाड़ बनकर खड़ी हुई है ऑपरेशन सिंदूर में सामरिक तौर पर पाकिस्तान को परास्त करते हुए अमेरिका चीन पाकिस्तान तुर्की जैसे देशों का मुकाबला डटकर किया है। भारत ऑपरेशन सिंधु चलते हुए पाकिस्तान के 9 हवाई बेस अड्डों को नष्ट किया है के अलावा 100 आतंकवादियों को मार भी गिराया है ट्रंप ने इस मामले में दबाव डालने का भरपूर प्रयास किया था भारत के कड़े रुख के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने बयान से यू टर्न लेना पड़ा और भारत और पाकिस्तान के बीच से अपना हाथ खींच लिया है। अब भारत में कूटनीतिक तौर पर अपने 60 से अधिक सांसदों को विदेश विभिन्न देशों में अपने सांसदों का दल भेज कर भारत का रुख साफ करने एवं पाकिस्तान की काली करतूत के तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने का पर्दाफास भी किया है। भारत ना सिर्फ चौथी आर्थिक शक्ति बना है बल्कि सामरिक तौर पर अपनी फौज के दम पर पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को परास्त करते हुए चौथी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत अपनी वर्तमान की आर्थिक नीतियों पर चलते हुए बहुत शीघ्र जर्मन जैसे शक्तिशाली देश को पीछे छोड़ते हुए तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो गया है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी देश की नियत साफ हो तो वह किसी भी दिशा में सकारात्मक रूप से शांति स्थापना की अच्छी मंशा को लेकर वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि बनाकर सिरमौर भी बन सकता है। भारत 142 करोड लोगों के श्रम के हाथों और मजबूत आर्थिक नीतियों के चलते 4000 अरब डॉलर वाला कुल सकल उत्पाद की ताकत के बाद वैश्विक स्तर पर चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भविष्य में भारत को अपने नागरिकों के श्रम के दम पर बहुत शीघ्र जर्मनी जैसे ताकतवर पश्चिमी देश को पीछे छोड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में भारत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हुआ है।

इंटरनेशनल मोनेटरी फंड तथा विश्व बैंक ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के लगातार प्रदर्शन के बीच भारत की अंदरुनी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है तथा यह मजबूत अर्थव्यवस्था लगातार जारी रहने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह बहुत शुभ खबर है कि पाकिस्तान में हमले के बाद इसराइल फ्रांस ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी भारत के सामरिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की होड़ में शामिल हो गए हैं एवं भारत में बने रक्षा उत्पादों को खरीदने की मंशा रखते हैं। भारत को न सिर्फ निर्यात बल्कि देश के लिए उपयोगी आवश्यक वस्तुओं का आयात भी करना होगा तब जाकर हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर उन्मुख हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हमें चीन के सामानों का उपयोग ना करके घर में ही उत्पादन बढ़ाकर आर्थिक रूप से चीन को करारा जवाब देकर उसे आर्थिक रूप से परास्त करना है। भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी को काफी हद तक विस्तृत कर पूरी दुनिया में यह साबित कर दिया है कि डिजिटाइजेशन में भारत बहुत आगे बढ़ गया है और भारत की विशाल जनसंख्या को हमने बोझ बनने ना देकर उसे अपनी शक्ति के तौर पर इस्तेमाल किया है और यही कारण है कि हम अपने निरंतर आर्थिक सुधारो तथा ग्रामीण क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व परिवर्तन कर देश को एक नया सकारात्मक आकार दिया है। वैश्विक स्तर पर भारत के चौथी महाशक्ति बनने के साथ-साथ एक स्वर्णिम अध्याय भी शुरू हुआ है। भारत की नीति आयोग की आवश्यक मीटिंग में इस बात को उजागर किया गया है एवं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के उपलब्ध कराये हुए डेटाबेस के आधार पर भारत चौथी आर्थिक महाशक्ति के पद पर काबिज हो गया है उल्लेखनीय है कि भारत के पहले बाहुबली अमेरिका भारत का परंपरागत विरोधी चीन और जर्मनी मौजूद हैं। 2014 के पहले यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत विश्व की 11वीं आर्थिक शक्ति बना था इसके पश्चात नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में भारत को गुलाम रखने वाले देश ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवी आर्थिक शक्ति का पद हासिल किया था। भारत में स्वतंत्रता के बाद से आर्थिक सामाजिक वैज्ञानिक तथा स्वास्थ्य सेवाओं में भारी वृद्धि कर एक सकारात्मक विचारों वाली सरकार को आगे बढ़ाया था। भारत में 1947 के बाद धीरे-धीरे वृद्धि की और अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को सदैव शांति के पक्ष में रखकर आक्रमण न करने की नीति को अपनाया था। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार ने आर्थिक नीतियों पर ज्यादा जोर देते हुए नई-नई नीतियों तथा विदेशी शक्तियों से हाथ मिलाकर आयात निर्यात को बहुत ज्यादा बढ़ावा दिया और अपनी जनसंख्या को ताकत बनते हुए घरेलू सकल उत्पाद पर ज्यादा ध्यान देते हुए 2025 तक तीसरे कार्यकाल में यह स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की है। गौरतलाप है कि 1947 में भारत के साथ पाकिस्तान भी स्वतंत्र हुआ था किंतु पाकिस्तान अपनी आतंकवादी काली करतूत के कारण भुखमरी का कगार पर खड़ा है एवं उसके अस्तित्व के संकट के बादल सर पर मंडरा रहे हैं वह भीख का कटोरा लेकर दर-दर घूम रहा है परंतु उसे कोई उधार देने को भी तैयार नहीं है। इन परिस्थितियों में जब ट्रंप की नई सरकार ने सभी देशों पर भारी टैरीफ लगाने नीति अपनाई है जिसके परिणाम स्वरूप यूरोपीय देश भी उससे अलग होने की जुगत में लगे हुए हैं। परिस्थितियों को देखते हुए कोई शक नहीं जब भारत बहुत जल्द तीसरी महाशक्ति बनेगा एवं अपनी सामरिक शक्ति के साथ पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# केरल में परिवर्तन की आहट और विकसित भविष्य का संकल्प

तिरुवनंतपुरम की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया संबोधन सिर्फ एक चुनावी भाषण नहीं था बल्कि वह केरल की राजनीति अर्थव्यवस्था और सामाजिक दिशा को लेकर एक व्यापक दृष्टि का प्रस्तुतीकरण था। लगभग पचपन मिनट की इस स्पीच में प्रधानमंत्री ने केरल के अतीत वर्तमान और भविष्य को एक ही सूत्र में पिरोते हुए यह संदेश देने की कोशिश की कि राज्य अब परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है। उन्होंने जिस आत्मविश्वास और तर्कों के साथ बात रखी उससे यह स्पष्ट था कि भारतीय जनता पार्टी केरल को लेकर अब हाशिये की राजनीति से आगे निकलकर मुख्यधारा की दावेदार बनना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत केरल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से की। भगवान पद्मनाभ स्वामी की पावन भूमि बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का उल्लेख करते हुए उन्होंने भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया। यह संकेत था कि केरल की पहचान केवल राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि यह आस्था शिक्षा और पराक्रम की भूमि भी है। इसी भावनात्मक पृष्ठभूमि पर उन्होंने आगे केरल में विकास और बदलाव की बात रखी।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले केरल की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दशकों से लेफ्ट और कांग्रेस ने मिलकर केरल को एक ऐसे सिस्टम में जकड़ दिया है जहां सत्ता बदलती रहती है लेकिन व्यवस्था नहीं बदलती। एलडीएफ और यूडीएफ के झंडे और प्रतीक भले ही अलग हों लेकिन उनकी राजनीति और एजेंडा एक जैसा है। इस कथन के जरिए उन्होंने यह स्थापित करने की कोशिश की कि केरल की जनता के पास अब तक वास्तविक विकल्प नहीं था और भारतीय जनता पार्टी उस विकल्प के रूप में सामने आ रही है।

प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार को केरल के विकास में सबसे बड़ी बाधा बताया। कोऑपरेटिव बैंकों के घोटालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एलडीएफ शासन में लोगों की सेविंग तक सुरक्षित नहीं रही। गरीब परिवारों ने बच्चों की पढ़ाई बेटियों की शादी और भविष्य की सुरक्षा के लिए जो पैसा जमा किया था वह भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ गया। उन्होंने इसे केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि सामाजिक विश्वासघात बताया और कहा कि ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मोदी ने यह भरोसा भी दिलाया कि यदि भाजपा को मौका मिला तो एक एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा और दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने केरल के किसानों और गरीब वर्ग की स्थिति पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी जिसे लेफ्ट का समर्थन हासिल था लेकिन उस दौर में केरल के किसानों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। किसान कल्याण के नाम पर आने वाला पैसा नेताओं की जेब में चला जाता था। इसके विपरीत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज किसान के खाते में सीधा पैसा पहुंचता है और इसमें किसी बिचौलिए या राज्य सरकार की मनमानी की गुंजाइश नहीं है। यह बयान केंद्र की योजनाओं को पारदर्शी और भरोसेमंद बताने की रणनीति का हिस्सा था।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे पर केंद्र सरकार के काम को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि पिछले ग्यारह वर्षों में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीबों को पक्के घर मिले हैं जिनमें केरल के भी लाखों परिवार शामिल हैं। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकारें इन योजनाओं को जानबूझकर धीमा कर रही हैं ताकि केंद्र को श्रेय न मिले। इसे उन्होंने गरीब विरोधी मानसिकता करार दिया।

प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम को भविष्य का मॉडल सिटी बनाने का सपना भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि जिस तरह गुजरात में कभी भाजपा एक हाशिये की पार्टी थी और 1987 में अहमदाबाद नगर निगम की जीत से बदलाव की नींव पड़ी थी उसी तरह तिरुवनंतपुरम में मिली सफलता केरल में भाजपा के विस्तार की शुरुआत है। यह तुलना केवल राजनीतिक नहीं थी बल्कि यह संदेश था कि विकास की वही कहानी केरल में भी दोहराई जा सकती है। उन्होंने तिरुवनंतपुरम को स्टार्टअप हब बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने की बात कही।

भाषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सांस्कृतिक और आस्था से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित था। सबरीमाला मंदिर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार ने मंदिर की पवित्रता और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। सोने की चोरी और अव्यवस्था के आरोपों के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि आस्था के मुद्दों पर भाजपा ज्यादा संवेदनशील है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को सजा मिलेगी। इसे उन्होंने मोदी की गारंटी बताया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास विकास का कोई स्पष्ट एजेंडा नहीं बचा है और वह आज विचारधारा के स्तर पर भ्रमित हो चुकी है। कांग्रेस को उन्होंने मुस्लिम लीग और माओवादी सोच के करीब बताते हुए इसे केरल के लिए खतरा करार दिया। उनके अनुसार कांग्रेस और लेफ्ट दोनों मिलकर केरल को एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं जहां कट्टरपंथ और कुशासन को बढ़ावा मिल रहा है। इस चेतावनी के जरिए उन्होंने मतदाताओं को सतर्क रहने का संदेश दिया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने युवाओं और रेहड़ी पटरी वालों जैसे छोटे कारोबारियों को भी विशेष रूप से संबोधित किया। पीएम स्वनिधि योजना और स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब और छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। बैंकिंग व्यवस्था से करोड़ों लोगों को जोड़ने और बिना गारंटी के लोन उपलब्ध कराने की बात करते हुए उन्होंने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया।

भाषण के अंत में प्रधानमंत्री ने केरल के लोगों से भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी के पहले पच्चीस साल बीत चुके हैं और अब अगले पच्चीस सालों में केरल को विकसित राज्य बनाना है। इसके लिए नई राजनीति और नई सोच की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि यह काम केवल भाजपा और एनडीए ही कर सकते हैं। केरल की जनता से उन्होंने विश्वास जताने और बदलाव का मौका देने की अपील की।

कुल मिलाकर तिरुवनंतपुरम में दिया गया यह भाषण भाजपा की केरल रणनीति का स्पष्ट खाका पेश करता है। इसमें विकास भ्रष्टाचार आस्था और राजनीतिक विकल्प सभी मुद्दों को एक साथ जोड़ने की कोशिश दिखी। प्रधानमंत्री ने केरल की जनता को यह भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि बदलाव संभव है और वह बदलाव विकास के साथ स्थिरता और पारदर्शिता लेकर आएगा। आने वाले विधानसभा चुनाव यह तय करेंगे कि केरल की जनता इस आहट को केवल एक भाषण मानती है या वास्तव में परिवर्तन की शुरुआत।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नूतनता व नवाचार का प्रतीक है वसन्त पंचमी पर्व



**रूद्रपुर,देवरिया।** क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों व कालेजों में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन बड़े ही विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस अनुष्ठान से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। प्रत्युष विहार में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन धूमधाम से मनाया गया। वहीं विजयम् पब्लिक स्कूल नारायणपुर में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों व बच्चों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जीवन में नवाचार और नूतनता की कामना की। इसके अलावा आरएस मेमोरियल एकेडमी बजरंग चौराहा, इंदिरा पब्लिक स्कूल नारायणपुर, पीएसटी एलिमेंट्री स्कूल लुअठहीं,केडी पब्लिक स्कूल राम लक्ष्मण, हंसनाथ सिंह कन्या इंटर कॉलेज पाण्डेय माझा,सेंट जेवियर्स स्कूल आदि में बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया व प्रसाद का वितरण किया गया। शिक्षण संस्थानों में गीत संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह, अश्विनी द्विवेदी, शिवानंद विश्वकर्मा, रत्नेश त्रिपाठी, श्याम, अंजलि, सुप्रिया, पवन, शुभम, मुन्ना सिंह, अनीता सिंह, ब्रम्हानंद दूबे आदि लोग मौजूद रहे।

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि पेंशन का भुगतान पूर्णतः आधार आधारित प्रणाली से किया जा रहा है। योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों को प्रति माह एक हजार रुपये की पेंशन उनके आधार लिंक बैंक खाते में सीधे भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम त्रैमासिक किश्त के अंतर्गत जनपद देवरिया में कुल 1,07,511 लाभार्थियों को तीन हजार रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से 32 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। जिन लाभार्थियों के खाते में पेंशन नहीं पहुंची है, उन्हें आधार प्रमाणीकरण एवं एनपीसीआई मैपिंग कराना आवश्यक है। इसके लिए लाभार्थी जनसेवा केंद्र, विकास खंड कार्यालय अथवा समाज कल्याण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पराक्रम दिवस का आयोजन , भाषण प्रतियोगिता में कोमल प्रथम



**गोण्डा ।** मेरा युवा भारत गोण्डा के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस के रूप में गोण्डा जनपद के गंगाप्रसाद मिश्रीलाल इंटर कॉलेज, रूपईडीह में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक डॉ. रजनी कान्त तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नेताजी के जीवन, विचारों एवं देशभक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में कोमल तिवारी ने प्रथम स्थान एवं ओम श्रीनारायण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने नेताजी के साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शैक्षिक संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

**●सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में सरस्वती पूजन पर विशेष पूजा-अर्चना कर किया गया सद्बुद्धि की कामना**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के स्कूलों में बड़े ही धूमधाम के साथ बसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा धूप-दीप व नैवेद्य के साथ मां सरस्वती का पूजन-अर्चन कर सद्बुद्धि की कामना की गई। बसंत पंचमी के अवसर पर स्कूलों के तमाम सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में शिक्षा व ज्ञान की देवी मां सरस्वती का विशेष पूजा-अर्चना किया गया। कई विद्यालयों में सरस्वती पूजन के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन कर सायंकाल भव्य भंडारा के माध्यम से लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। जहां देर शाम तक लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किए। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित भारतीय विकास जनजाति प्राथमिक विद्यालय सेखुआनी व उषा देवी अनुसूचित जूनियर हाईस्कूल सेखुआनी, जेडी कान्वेंट स्कूल पेड़ारी, हरिश्चंद्र जूनियर हाईस्कूल महदेइया, फ्यूचर ब्राइट एकेडमी सेवतरी, पण्डित मुक्तिनाथ जूनियर हाईस्कूल हनुमान गढ़िया समेत अन्य निजी व परिषदीय स्कूलों में बड़े ही धूमधाम के साथ सरस्वती पूजन के रूप में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में सरस्वती पूजन कर सद्बुद्धि की कामना की गई। वहीं सेखुआनी स्थित भारतीय विकास जनजाति प्राथमिक विद्यालय में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया वहीं सायंकाल भव्य भंडारा का आयोजन कर स्थानीय लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि ज्ञान को पाने के लिए मां सरस्वती की कृपा आवाश्यक है। वहीं जेडी कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य हरिपाल यादव ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की आराधना करने वालों को शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर पहुंचने के अवसर प्रदान होते हैं। इस दौरान राजेंद्र यादव, प्रांकित त्रिपाठी, सनोज यादव समेत अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर 25 जनवरी को लगेगा जनपद स्तरीय किसान मेला

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 25 जनवरी को राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजन सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभिन्न विभागों की सहभागिता की गई है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथि को 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर स्वयं उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल एवं प्रदर्शनी की व्यवस्था करें। किसान मेले के माध्यम से कृषकों को नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीज, जैविक खेती, कृषि यंत्रों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य मेले के माध्यम से किसानों को जागरूक कर उनकी आय में वृद्धि के लिए उपयोगी जानकारियां उपलब्ध कराना है।

## बसंत पंचमी के अवसर पर वितरण किया गया बच्चो को भाषा शब्द कोष की पुस्तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा –** विकास खण्ड बभन जोत अंतर्गत बाबू भैरव प्रसाद स्मारक न्यास बनगवा के बैनर तले बसंत पंचमी के अवसर पर मुख्य न्यासी विजय रंजन श्रीवास्तव के उपस्थिति मे भाषा कोष पुस्तक का वितरण स्कूली बच्चो को समारोह के दौरान किया गया। समारोह कार्यक्रम मे प्रबंध न्यासी डॉक्टर श्रीमती निरुपमा श्रीवास्तव ने अपनी प्रबंध समिति के साथ माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया और उपस्थित स्कूली बच्चो द्वारा माता सरस्वती की बंदना का गायन किया ततपश्चात् उपस्थित क्षेत्रीय स्कूली बच्चो को विजय न्यास के प्रमुख रंजन श्रीवास्तव ने भाषा शब्द कोष का पुस्तक वितरण कर शिक्षा के बारे मे प्रकाश डालते हूए कहा की बच्चो को लगन से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए साथ ही साथ बच्चो के लिए अनुशासन मे रहकर अपने लक्ष्य को ध्यान मे रखकर समयानुसार जरूरत के मुताबिक उत्तम शिक्षा प्राप्त करे तभी सफलता मिल सकती है आगे उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस ग्राम पंचायत मे उच्च शिक्षा के लिए विद्यालय का निर्माण करेंगे तथा आगामी मई माह मे एक बहुत बड़े पैमाने पर प्रतियोगिता समारोह कर के विकास खण्ड स्तरीय स्कूली बच्चो को सम्मानित करने का काम करेंगे। इसी क्रम मे दिनेश कुमार ओझा न्यास संस्था के अध्यक्ष ने कार्यक्रम मे बच्चो को सम्बोधित करते हूए शिक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि आज कल बच्चे स्मार्ट फोन का जरूरत से ज्यादा उपयोग कर रहे है और पुस्तक से दूर होते दिख रहे है जो सेहत के लिए खतरनाक है साथ ही साथ विद्यालय मे अनुशासन मे रहकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता राजेश कुमार मिश्रा, राम गुदर, ने भी सम्बोधित किया। अन्त मे कार्यक्रम मे आए हूए लोगो का डॉक्टर निरुपमा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हूए कार्यक्रम का समापन किया।इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता,राम बरन सहित गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## पडरौना नगर में पराक्रम दिवस श्रद्धा व राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया

**●नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना नगर में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक एवं राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में पूरे श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के प्रमुख स्थल सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की अध्यक्षता एवं गरिमामयी उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माल्यार्पण के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व और कृतित्व भारत के स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण ने आज़ादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' आज भी देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और त्याग की भावना को जागृत करता है।

उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार, आदर्श और राष्ट्रभक्ति आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नेताजी के त्याग, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करते हुए उनके सपनों के सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, अशोक गुप्ता, मनोज मोदनवाल, रामू पाण्डेय, सनी मिश्रा, धर्मेंद्र मद्धेशिया, अरुण सिंह, विनय मद्धेशिया, अजय शर्मा, अनिल पाण्डेय, घनश्याम यादव, विक्रम प्रसाद, महेंद्र चौधरी, मंथन सिंह, मन्नू मद्धेशिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर किया जा रहा फर्जीवाड़ा

**● मुख्य विकास अधिकारी ने कहा मनरेगा में धांधली करने वालों पर की जाएगी विभागीय कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया में मनरेगा योजना के तहत कुला खुदाई कार्य करवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक उक्त कार्य को सम्पन्न हुए करीब बीस दिन बीत गए लेकिन विभागीय मॉनिटरिंग ना होने के कारण आज भी अवैध रूप से उक्त कार्यदाई स्थल पर 37 मनरेगा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाकर धनादोहन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त कुला खुदाई कार्य करीब बीस दिन पूर्व ही सम्पन्न हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर विभागीय अधिकारी समय-समय पर मनरेगा का मॉनिटरिंग करते रहें तो एक बड़ा फर्जीवाड़ा को रोका जा सकता है। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया में शिव के खेत से पूरब सिरपत के खेत तक कुला खुदाई कार्य करवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मौके पर उक्त कार्य को सम्पन्न हुए करीब बीस दिन बीत चुके हैं लेकिन एनएमएमएस पोर्टल पर आज भी कार्यदायी स्थल पर मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज किया जा रहा है। उक्त कार्य में मस्टरोल संख्या 6926 से 6929 तक जारी कर 37 मनरेगा श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर एनएमएमएस पोर्टल पर सेंध लगाया जा रहा है। ऐसे में जिले के तेज तर्रार जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा लगातार मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है लेकिन वहीं नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में बिना किसी डर के मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। वहीं मनरेगा में फर्जीवाड़ा को लेकर स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा में धांधली रोकने को लेकर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है ऐसे में यदि मनरेगा में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है तो इसकी जांच कर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## सनातन आस्था का नया केंद्र बनेगा श्री आदिशक्ति नवदुर्गा माता मंदिर : विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां –** विधानसभा क्षेत्र के भीटी रावत कोड़रा स्थित श्री कोडेश्वर एवं श्री संकट मोचन मंदिर परिसर में प्रस्तावित श्री आदिशक्ति नवदुर्गा माता मंदिर के निर्माण को लेकर गुरुवार को भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न इस पावन अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धा, आस्था और उल्लास के संग आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री एवं सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल तथा श्रीमती शोभा सहाय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं ग्रामवासियों ने जयकारों के साथ आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। विधायक प्रदीप शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि श्री आदिशक्ति नवदुर्गा माता मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे धार्मिक केंद्र समाज को संस्कार, सकारात्मक ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं।

भूमि पूजन का संपूर्ण अनुष्ठान श्रीधाम वृंदावन से पधारे विद्वान आचार्य श्री कृष्ण गोपाल आचार्य जी एवं दीपक शास्त्री जी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु सहाय ने मंदिर निर्माण से जुड़े सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक आस्था और विश्वास का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राम जियावन मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ल, युवा नेता अमित पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## क्रांतिकारी पत्रकार परिषद गोरखपुर ने धूमधाम से मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**गोलाबाजार/बेलघाट, गोरखपुर ।** क्रांतिकारी पत्रकार परिषद गोरखपुर द्वारा 23 जनवरी को बेलघाट क्षेत्र के जैती गांव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूरे उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दुबे आज़ाद एवं प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। मंडल अध्यक्ष राज नारायण ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और आज़ाद हिंद फौज की स्थापना कर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। परिषद के संरक्षक मनोज कुमार ने नेताजी की बहादुरी, नेतृत्व क्षमता और अद्वितीय देशभक्ति को स्मरण किया। जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने युवाओं से नेताजी के साहस और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर जैती गांव के अमर शहीद रामानंद यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बेलघाट परमेश्वर झा, बेलघाट थाना के एसआई सर्वानंद सिंह सहित पुलिसकर्मी, परिषद के जिला व तहसील पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मुबारकपुर की जोड़ी ने कैम्पियरगंज को हराकर जीता खिताब

**● स्व. विंध्याचल प्रसाद गुप्त स्मृति टूर्नामेंट का रोमांचक समापन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर,देवरिया।** स्वर्गीय विंध्याचल प्रसाद गुप्त (मुनीम) की पुण्य स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को भव्य और रोमांचक समापन हुआ। फाइनल में मुबारकपुर के अजीत और कासिम की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए कैम्पियरगंज के जानिश और आदर्श की जोड़ी को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल तथा विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कैम्पियरगंज के जानिश और आदर्श की जोड़ी ने रूद्रपुर के आशीष रस्तोगी व किशन वर्मा को कड़े संघर्ष में 24-22 और 21-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में मुबारकपुर के अजीत और कासिम ने खैराबाद के दानिश और शहनवाज की जोड़ी को 21-15 और 21-7 से हराकर निर्णायक मुकाबले में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में मुबारकपुर की जोड़ी ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए कैम्पियरगंज की जोड़ी को 23-22 और 21-14 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि और आयोजकों द्वारा विजेता टीम को 11 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 5100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2500 रुपये और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के राणाप्रताप सिंह, सूरज जायसवाल, सुरेंद्र देव मिश्र, जयराम पासवान, प्रेम तिवारी, कुमार करन, शिवानन्द जायसवाल, सत्यप्रकाश गुप्ता, रामप्रवेश भारती, विजय विश्वकर्मा, अभिषेक गांधी, पवन कुमार,विजय यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## विकास खण्ड छपिया मे किसान मेले का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा-** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत विकासखंड छपिया के प्रसार में विकासखंड स्तरीय कृषि गोष्ठी/कृषि मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायक प्रभात कुमार वर्मा उपस्थित रहे, जिनके द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विभागवार लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण एवं अध्ययन किया गया।स्वागत कार्यक्रम के उपरांत मा0 विधायक जी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक क्षेत्र में कम से कम एक हाईटेक नर्सरी का निर्माण किया जाए, जिससे किसानों को गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध हो सकें।इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ने अपने संबोधन में किसानों को समय से बुवाई करने की सलाह देते हुए कहा कि 10 दिसंबर के बाद गेहूं की बुवाई न करें, अन्यथा उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही उन्होंने यूरिया के सीमित उपयोग पर विशेष बल दिया। ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार पासवान जी ने विकासखंड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, इस्कॉन, बाल विकास परियोजना, राष्ट्रीय कृषि इकाई सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार पासवान , मनोज कुमार यादव (प्रभारी, राजकीय कृषि बीज भंडार),सत्येन्द्र सिंह( A.D.O.A.G), इंद्रावती वर्मा (मुख्य सेविका), दुर्गा वर्मा जी (प्रधान), जंक्शन तिवारी (प्रधान), महावीर वर्मा (प्रधान), विक्रम वर्मा, अनिल तिवारी, तथा सैकड़ों किसान भाई-बहन उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, अवैध कॉल सेंटर से 6 गिरफ्तार, 28 लैपटॉप समेत भारी उपकरण बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गोरखपुर पुलिस ने थाना चिलुआताल क्षेत्र में संचालित एक अवैध कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस कॉल सेंटर के जरिए अमेरिका समेत विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी की जा रही थी। पुलिस ने मौके से 5 पुरुष अभियुक्त और 1 महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के 4 सदस्य फरार बताए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने एक तीन मंजिला मकान में चल रहे अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारा, जहां से साइबर ठगी में प्रयुक्त 28 लैपटॉप, 2 राउटर, 37 हेडफोन, 7 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक, 3 पासबुक, 1 पासपोर्ट, 1 आधार कार्ड समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त ईमेल आईडी के माध्यम से अमेरिका के क्लाइंट्स का डाटा प्राप्त करते थे। कॉल सेंटर में काम करने वाले एजेंट अपना नाम बदलकर जॉन, जॉर्ज, लेविस जैसे विदेशी नामों से खुद को पेश करते थे। वे इंश्योरेंस और सरकारी सब्सिडी से जुड़ी स्क्रिप्ट के सहारे विदेशी नागरिकों को भ्रमित करते थे। जब क्लाइंट उनकी बातों में आ जाता, तो कॉल को अमेरिका स्थित फर्जी कंपनियों को फॉरवर्ड कर दिया जाता, जहां उनसे ठगी की जाती थी। ठगी की रकम का हिस्सा इन अभियुक्तों को कमीशन के रूप में मिलता था। गिरफ्तार अभियुक्तों में पश्चिम बंगाल, लखनऊ, बलरामपुर और गोरखपुर के निवासी शामिल हैं। इनमें से दो अभियुक्तों का साइबर ठगी से संबंधित आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में थाना चिलुआताल पर मु0अ0सं0 36/26 धारा 319(2), 318(4), 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 66ष आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार गिरोह के मास्टरमाइंड समेत चार आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता है और आगे की जांच में कई और अहम खुलासे होने की संभावना है। गोरखपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, ईमेल या ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहें और साइबर ठगी की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन को दें।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत चोरी की बाइक व अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में अपराध एवं शराब तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत थाना बनकटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और 8.4 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सोहनपुर से भटहीभाट ईंट-भट्ठा मार्ग पर घेराबंदी कर अभियुक्त को पकड़ा।

गिरफ्तार अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र मनोज यादव, निवासी भवराजपुर थाना आन्दर जिला सिवान (बिहार) बताया गया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 42 पाउच बंटी बबली देशी शराब तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।

इस संबंध में थाना बनकटा पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं एवं आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब और अपराध में लिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## यूपी दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** प्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर यूपी दिवस का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सूचना, जागरूकता एवं लाभपरक स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थी मौके पर ही आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना, समाज कल्याण विभाग की पेंशन व छात्रवृत्ति, महिला एवं बाल विकास, कृषि, स्वास्थ्य, श्रम, ग्रामीण विकास सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्टॉल पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की जाए। बैठक में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, यातायात व स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई तथा सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण कर उनको याद किया गया



**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण कर उनको याद किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा उनके प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने पूरे देश को एक जुट किया और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को प्रज्वलित किया भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भागीदारी उल्लेखनीय थी वे एक साहसी एवं निडर नेता थे सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों के विरुद्ध अपने संघर्ष में जो बलिदान और संघर्ष किया उसको भुलाया नहीं जा सकता उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था कार्यक्रम में मुख्य रूप से से टूण्डला चेयर मेन चौधरी भंवर सिंह, वृंदावन लाल गुप्ता, चेतन बिहारी सक्सेना, शिव शंकर शर्मा, मुकेश धामा, पवन चक, राजन सिंह निषाद, गिरवर निषाद, दीपक ठेनुआ, विष्णु तिवारी, कन्हैया पूनिया, ज्ञानेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मढ़हा बाबा स्थान पर कमेटी व ग्रामवासियों के द्वारा किया गया विशाल भंडारा



**मैलानी-खीरी।** ग्राम पंचायत सुआ बोझ मड़हा बाबा स्थापना के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशाल भंडारा का आयोजन कमेटी के द्वारा किया गया। ग्राम सभा सुआबोझ सुरजनपुर कपरहा कुआं कुटिया पर मढ़हा बाबा स्थापना के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड रामायण का आयोजन किया गया।मढहा बाबा स्थान पर काफी श्रद्धालु लोगों ने पूजा पाठ किया। हवन पूजा में काफी श्रद्धालु लोगों ने हिस्सा लिया। तत्तपश्चत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मढ़हा बाबा मंदिर कमेटी सदस्यों में मुनीब सिंह, शिव शंकर, हरी लाल, किशन, अमरजीत, लाल बहादुर सिंह,अशोक सिंह आदि लोग सम्मिलित रहे।

### वित्तीय साक्षरता बढ़ाने को बभनी में मैक कैंप का आयोजन



**सिद्धार्थनगर,** विकास खंड भनवापुर की ग्राम पंचायत बभनी में आरोह फाउंडेशन के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं मैक कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं, बीमा और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यअतिथि सब इंस्पेक्टर तालीमुद्दीन ने की। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल हरीश कुमार, कांस्टेबल जुनेद अहमद, ब्लॉक मिशन प्रबंधक इंद्रा तिवारी, एफसी जगवंश कन्नौजिया, एफसी सुरेन्द्र कुमार तथा एएफसी भनवापुर सहज़ाद अहमद मौजूद रहे।

शिविर में विभिन्न सरकारी और बैंकिंग योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एएफसी सहज़ाद अहमद ने ग्रामीणों को बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताते हुए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय जागरूकता आज के समय में बेहद आवश्यक है और सभी पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए। साथ ही किसी भी प्रकार की बैंकिंग धोखाधड़ी होने पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 और 155260 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बेलहा सीकटिहा में लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप

**● मनरेगा योजना के अंतर्गत कागजों पर काम दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान निकाल कर बंदरबाट कर लिए जाने का मामला बना चर्चा का विषय**

**ग्राम निधि में एक ही काम के दो बार भुगतान निकाले जाने का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** भले ही सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर रहे हो और जिले के ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार काफी सख्त कदम उठाते हुए भ्रष्टाचार के मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने को जाने जाते हो ।इसके बावजूद भी विकासखंड बीजूआ समेत इसकी कई ग्राम पंचायत में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है ।ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला ग्राम पंचायत बिलहा सीकटिहा में प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत बिल्हा सीकटिया में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में लगभग आधा दर्जन कार्य कराए बगैर ही महज कागजों पर काम दिखाकर लगभग 10 लाख रुपए फर्जी तरीके से निकाल कर प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आपस में बंदरबाट कर लिए गए। शिकायतकर्ता ने उपरोक्त आरोप लगाते हुए मामले की जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित भारत सरकार प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भेज कर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल को प्रेषित अपनी शिकायत में ग्राम पंचायत अधिकारी गोल्डी वर्मा के विरुद्ध भ्रष्टाचार सहित अन्य तमाम आरोप लगाए हैं सूत्र बताते हैं कि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिली भगत से वित्तीय वर्ष 2024 -25 में कुटी के बाग से अर्जुन के खेत तक चकबंद कार्य, राधे के खेत से खुशीराम के खेत तक चकबंद कार्य, मनोहर के खेत से सुकई के खेत तक




चकबंद कार्य, घने के खेत से नाली तक चकबंद कार्य अशोक कुमार की बाग की मेड़बंदी कार्य कराए बगैर ही कागजों पर उपरोक्त काम दर्शाकर लगभग 10 लाख रुपए सरकारी खाते से निकलकर आपस में बंदर बांट कर लिए जाने के आरोप लगाए हैं। मामले की शिकायत दर शिकायत होने के बाद भी आज तक कोई जांच व कार्रवाई नहीं की गई है ऐसा शिकायतकर्ता का आरोप है। शिकायतकर्ता ने उक्त मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी गोल्डी वर्मा के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है।

### टूण्डला प्रेस क्लब ने बसंत पंचमी पर किया ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन



**टूण्डला-** टूण्डला प्रेस क्लब द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा -अर्चना की। प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब पदाधिकारियों में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों एवं पदाधिकारियों ने मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष सोमेंद्र पोनिया ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान कला और संस्कृति का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी पत्रकारों अतिथियों का प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय व अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने पट्टिका पहनाकर स्वागत किया और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय, अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, उपाध्यक्ष महेश ठैनुआ, सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह, सन्तोष शर्मा, विमल किशोर, अनुज रावत, योगेंद्र सिंह, कुलदीप उपाध्याय, जगदीश प्रसाद, धीरज बघेल, सुनील गर्ग, कपिल देव आदि पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## मजाक बनकर रहगया आइजीआरएस पोर्टल

**● फर्जी रिपोर्ट लगा आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह करने और खेल मैदान पर काबिज लोगों को संरक्षण देने वाले लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला के जिम्मेदार अफसर और राजत्व कर्मियों की धनलोलुपता के चलते आइजीआरएस पोर्टल मजाक बनकर रह गया है। पोर्टल पर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर मनवाने तरीके से किया जा रहे शिकायतों के निस्तारण के चलते आम आदमी का विश्वास सरकार के इस विश्वसनीय पोर्टल से टूटता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला गोला तहसील के अंतर्गत ग्राम जटपुरा में तैनात तत्कालीन लेखपाल और राजस्व निरीक्षक का प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2022 में शिकायतकर्ता विपिन कुमार पुत्र पराग निवासी जटपुरा ने शिकायत संख्या 400 153220 10052 के माध्यम से जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनवाए गए मकान और दुकान को हटवा कर खेल मैदान की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त




कराए जाने की मांग की गई थी। जिसमें दिनांक 30 /05/2022 को लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने फर्जी जांच रिपोर्ट लगा दी, कि खेल मैदान की जमीन विद्यालय बाउंड्री वाल के अंदर है और खेल मैदान पर किसी का कोई भी अवैध कब्जा नहीं पाया गया। इस तरह से शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया गया। अभी हाल ही में दिनांक 5 जनवरी 2025 को की गई शिकायत संख्या 400 1532 6547 के क्रम में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल द्वारा की गई पैमाइश में आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान और दुकान बने पाए गए ।अवैध कब्जा धारकों को बड़ी मशक्कत के बाद नोटिस जारी की गई जो लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के फर्जी बाड़े की पोल खोलने को काफी है ।लोगों का आरोप है कि यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने पैसा लेकर झूठी रिपोर्ट न लगाई होती और अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध की होती कठोर कार्रवाई तो आज खेल मैदान पर पक्का निर्माण नहीं हो पाता।

मामले की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर फर्जी झूठी रिपोर्ट लगा सरकारी जमीन कब्जवाने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

## खिचड़ी सह भोज में पहुंची राज्यपाल की बेटी श्रुति हुआ जोरदार स्वागत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**क्यों लड़िया विकासखंड भदपुरा मैं स्थित एस एस टी इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पर्व पर खिचड़ी सह भोज का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने झारखंड के राज्यपाल महामही संतोष कुमार गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार भाग लेने पहुंची यहां पहुंचने पर बह सर्वप्रथम विकासखंड मुख्यालय पहुंची वहां पहुंचने पर भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनको पटका उड़ाकर सम्मानित किया गया इस मौके पर उन्होंने भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधि पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिप्रसाद गंगवार का स्वागत किया इसके बाद क्यों लड़ियों के विद्या मंदिर खिचड़ी सह भोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुई इसके बाद यहां के प्रसिद्ध कॉलेज एस एस टी इंटर कालेज मैं पहुंची यहां पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र वीर गंगवार एवं संरक्षक राममोहन गंगवार प्रधानाचार्य देवेंद्र गंगवार आदि ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार जमुना प्रसाद कश्यप वृद्ध नेता केहरी सिंह भुजेंद्र गंगवार वेदपाल सिंह कनौजिया विधायक डॉक्टर एमपी आर्य शशि कपूर समेत विद्यालय परिवार का समस्त स्टाफअनेकों व क्षेत्र के गणमान्यलगों के साथ प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### उप जिला अधिकारी के आदेश पर विवादित भूमि पर लगाया गया सूचना बोर्ड



**लखीमपुर खीरी** बिना धारा 143 के अवैध रूप से प्लॉट बेचे जाने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाया है। उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता के निर्देश पर विवादित भूमि पर होल्डिंग (सूचना बोर्ड) लगवा दिया गया है। होल्डिंग पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है– आशय की सूचनाः यह भूमि कृषि प्रकृति की है। बिना अकृषक (धारा 80) घोषणा एवं नक्शा पास कराए यहाँ आवासीय प्लॉट का क्रय-विक्रय तथा किसी भी प्रकार की अकृषक गतिविधि अवैध एवं प्रतिबंधित है।आज्ञा से– उप जिला अधिकारी, मितौली, खीरी। प्रशासन की इस कार्रवाई के तहत स्थानीय लेखपाल सौरभ राय एवं मढ़ियाघाट चौकी प्रभारी *झारिया सिंह* ने मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि पर होल्डिंग लगवाई, ताकि भोली-भाली आम जनता को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सके।

## पार्टी कार्यकर्ताओं का एवं जनता का हाल जानने निकले भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा आज जनता का दुख दर्द जानने भदपुरा पहुंचे यहां पहुंचने पर उनका ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने जोरदार स्वागत किया इसी दौरान ब्लॉक सभागार में उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने देश व प्रदेश की सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत संदेश दिया। और मिसाल देते हुए कहा अब वह भारत नहीं है जो किसी समय यहां के प्रधानमंत्री के बाहर जाने पर तलाशी देना पड़ती थी आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विदेश में हो रहा गर्म जोशी से स्वागत होना भारत की गरमामाही सरकार का परिणाम है और यह सब आज आप लोगों की वजह से हो रहा है इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं देश में आज किसी को भी माफियाओं गुन्डों का आतंक खत्म करके प्रदेश में यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्ध कर दिया है।

की कानून का राज्य ही जनता को स्वीकरणीय है और यह एक निष्पक्षता के तहत ही कार्य किया जा सकता है जिसके तहत आज सभी लोग अपने को सुरक्षित महसूस करके रात के 12:00 बजे भी बाइक से रोड पर निकल जाते हैं एक समय था जब लोग शाम को निकालने से भी कतराते थे यह कार्य सत्ता में बैठे सत्ता का निर्वहन करने वाले व्यक्तित्व पर निर्भर करता है जो आज अन्य सरकारों का जनता ने नाम लेना भी छोड़ दिया है यहां पर



उपस्थित भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य राहुल साहू हर प्रसाद गंगवार केहरी सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गंगवार जमुना प्रसाद कश्यप भक्तपुरा मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार शशि कपूर के साथ ही अनेकों प्रधानगढ़ उपस्थित थे।

## शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शोहरतगढ़।** शुक्रवार को शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर के लोअर हाल में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों–स्वामी विवेकानंद एवं रानी लक्ष्मीबाई–द्वारा बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का संयुक्त आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा, अर्चना एवं वंदना से हुई, जिसमें छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में नेताजी के जीवन, विचारों और राष्ट्रप्रेम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहरे अध्येता भी थे। वे मां सरस्वती को ज्ञान, विवेक और प्रेरणा की देवी मानते थे और शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण का मूल आधार मानते थे। नेताजी का मानना था कि युवाओं को शिक्षित, अनुशासित और संस्कारित बनाकर ही भारत को सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन में मां सरस्वती की कृपा से प्राप्त ज्ञान, भाषण-कला और नेतृत्व क्षमता का उपयोग देश की सेवा में किया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि बसंत पंचमी और नेताजी की जयंती का यह संयोग हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रनिर्माण में ज्ञान और बल दोनों की समान आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, स्वामी विवेकानंद इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम किशोर सिंह, प्रो. मुकेश कुमार, राजू प्रजापति, इंद्रदेव वर्मा, डॉ. तुषार रंजन, जयराम, शशि शेखर, शिष्टपाल, राजीव मिश्रा, अश्वनी, राजीव वर्मा, राजकुमार सोनकर सहित छात्राओं श्वेता मिश्रा, अनुष्का दीक्षित, तृप्ति गुप्ता, निकिता कांदू आदि की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन रानी लक्ष्मीबाई इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ए. के. सिंह ने कुशलतापूर्वक किया।

यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, ज्ञान और सेवा भावना के समन्वय का संदेश भी प्रसारित कर गया। उधर बसन्त पंचमी एवं निराला जयंती के उपलक्ष्य पर कुलपति प्रो कविता शाह के आशीर्वाद एवं कुलसचिव डॉ अश्वनी कुमार की प्रेरणा तथा प्रो सत्येन्द्र कुमार दुबे, आचार्य एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग के संयोजकत्व तथा राष्ट्रीय सेवा योजना भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाई के तत्वावधान में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन कला संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिल वस्तु, सिद्धार्थ नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी वीणा वादिनि मां सरस्वती की वन्दना, आराधना एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में साकेत अपनी भक्तिमय भजन एवं संगीत से सभी उपस्थित जन को ज्ञान की देवी वीणा वादिनि मां सरस्वती से जुड़ने का एहसास कराया। कार्यक्रम में डॉ रेनू सिंह, डॉ अंजुलता श्रीवास्तव, डॉ रिंकी सिंह, डॉ विनोद दीक्षित, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ सरिता सिंह तथा सुहानी, अतुल कुमार उपाध्याय, कुशल तिवारी एवं अन्य के द्वारा सरस्वती भजन, गायन एवं कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष प्रो सत्येन्द्र कुमार दुबे ने महाकवि निराला द्वारा रचित राम की शक्ति पूजा तथा सरस्वती भजन एवं गीत सुनाकर सभी उपस्थित जन को आनंदित होने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन डॉ यशवन्त यादव, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाई द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन डॉ विशाल गुप्ता, विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अविनाश प्रताप सिंह, डॉ रविकांत शुक्ला, डॉ हृदय कांत पाण्डेय, डॉ मनीष शर्मा, डॉ अब्दुल हफीज, डॉ हरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ मुन्नू खान एवं विभिन्न कॉलेजों से मूल्यांकन हेतु आए प्राध्यापक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## बाइक सवारों की आमने सामने की टक्कर में एक कि मौत जबकि दो की हालत गम्भीर लखनऊ रेफर

**● म्रतक के परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** पनवारी स्टेट हाइवे निघासन सिंगाही रोड़ पर दो बाइक सवारो की आमने सामने की टक्कर में एक बाइक चालक की मौके पर मौत हो गयी जबकि दूसरी बाइक सवार की हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें निघासन सीएचसी से लखीमपुर, लखीमपुर से लखनऊ रेफर किया गया है।

गुरुवार को रात करीब 9 बजे पनवारी स्टेट हाईवे निघासन सिंगाही रोड पर कस्बा सिंगाही के राहुल गौतम (18)अपने भाई संदीप गौतम के साथ रकेहती स्थित अपनी फ़ास्ट फूड दुकान से रोज़ की तरह घर वापस आ रहा था तभी कोतवाली निघासन क्षेत्र स्थित मोटे बाबा के पास सिंगाही की ओर से जा रही मोटर साईकिल से जोर दार आमने सामने की टक्कर में कस्बा मोहला पूरब चमरौधा वार्ड नम्बर06 निवासी राहुल गौतम पुत्र छोटे लाल की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका छोटा भाई संदीप व दूसरी मोटरसाइकिल सवार सत्यप्रकाश मौर्या(30) पुत्र बालक राम निवासी भजन पुरवा निघासन गम्भीर रूप से घायल हो गए,



जिन्हें राहगीरों की मद्त से निघासन सीएचसी पहुंचाया गया, जहाँ डाक्टरों ने राहुल गौतम को मृत घोषित कर दिया और उसके भाई का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। दूसरी बाइक सवार सत्यप्रकाश का प्राथमिक उपचार कर हालत गम्भीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया जहां डॉक्टरों के पैनल ने लखनऊ रेफर कर दिया है। मृतक राहुल गौतम की माँ ने रोते बिलखते बताया कि उसका बेटा रकेहती स्थित मोमोज की दुकान लगाता है, रोज की तरह कल शाम वापस आ रहा था,तभी सड़क हादसे में उसकी मौत हो गयी। राहुल का बड़ा भाई घर से अलग होकर मजदूरी करता था जबकि राहुल और संदीप दुकान चला कर मेरा और मेरे परिवार का भरण पोषण करता था। राहुल के पिता की मृत्यु करीब छः साल पहले हो चुकी थी वही अकेला कमाऊ था। बेटे की मौत से परिवार का रो रो कर बुरा हाल।

### शिक्षण संस्थानों में बसंत पंचमी व सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाई गई

**सिद्धार्थनगर,** जिले के बर्डपुर ब्लाक के कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल काशीपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया,उसके बाद विद्यालय में निबंध, वादविवाद, भाषण, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को प्राध्यापक द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी, नागेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र, अशोक, सुनीता, उमा,र ेखा आदि उपस्थित रहे। गोल्हौरा। बांसी क्षेत्र के गोल्हौरा में स्थित सन राइज कोचिंग सेंटर मे शुक्रवार को विद्या की देवी, वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किये। प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि मौसम के बदलाव की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से होती है। मां शारदे की पूजा से छात्रों को एक उत्साह मिलता है। ऐसी मान्यता है कि पूरे वर्ष पढ़ाई के दौरान मां सरस्वती की कृपा उन पर बनी रहेगी और बुद्धि- विवेक तथा नृत्य संगीत में ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। पूजा के उपरांत बच्चों में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रमाकांत, रामशब्द, अखिलेश, रामवृक्ष, सतीश, मुकेश, अनुराधा, रोशनी, अनूसा, गायित्री, आदि तमाम लोग एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बर्डपुर** के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर विद्यालय में श्रद्धा और संस्कृति का संगम देखने को मिला। जहाँ सर्वप्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा के साथ ही विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन और विचारों को समझा। एक ओर विद्यालय में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना हुई , वहीं दूसरी ओर नेताजी के जीवन और विचारों से विद्यार्थियों को रूबरू कराने के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की आराधना की। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा ही समाज की दिशा तय करती है और संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों के प्रति आस्था एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की प्रयोगशाला होता है, जहाँ शिक्षक अपने ज्ञान, आचरण एवं व्यवहार से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव रखते हैं। माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित करना वास्तव में शिक्षा के प्रति अपनी निष्ठा और जिम्मेदारी को स्मरण करने का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने कहा कि बताया कि बसंत पंचमी ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की आराधना का पर्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की वह मजबूत धुरी हैं जिनके कंधों पर भावी पीढ़ी के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। शिक्षकों द्वारा किया गया पुष्पार्पण इस बात का प्रतीक है कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग, समर्पित एवं प्रतिबद्ध हैं।कार्यक्रम के दौरान




सभी अध्यापकों ने माँ सरस्वती से विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षिक उन्नति तथा समाज के लिए श्रेष्ठ, संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की कामना की। पुष्पांजलि अर्पण के माध्यम से शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान शोभनाथ यादव उमेश यादव संतोष कुमार यादव संदीप कुमार राव श्वेता पटवा रुचि उपाध्याय बिंदू विश्वकर्मा रीता जायसवाल सरिता जायसवाल प्रेमलता पासवान अन्नू जायसवाल संगीता मौर्य शशि जायसवाल चन्द्रावती देवी अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता ने अध्यक्ष राजस्व परिषद से की शिकायत

**● ग्राम हरदुआ में तालाब पर बने पक्के मकान और जटपुरा में खेल मैदान की जमीन पर बने पक्के मकानों को हटवाकर सरकारी जमीन खाली कराए जाने की मांग**

**लखीमपुर खीरी** मामला गोला तहसील के परगना कुकुरा के अंतर्गत ग्राम हरदुआ और जटपुरा का है। जहां पर सरकारी जमीनों और तालाबों को पाट कर पक्का मकान बना लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। उक्त अवैध कब्ज में ग्राम हर दुआ में तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए एक दर्जन आईजीआरएस शिकायतों के बाद अवैध कब्जा धारक को तहसीलदार कार्यालय से नोटिस जारी कर जिम्मेदारों द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिए जाने की बात कही जा रही है। नोटिस भेजे जाने के बाद आज 2 माह गुजर गए लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा सका है ।ग्रामीणों का कहना है कि यही हाल ग्राम जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित सरकारी जमीन पर बने पक्के मकान और दुकानों का भी है। जहां पर लेखपाल और कानून को के द्वारा पैमाइश में अवैध कब्जों की पुष्टि होने के बाद भी खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित जमीनों पर से अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। यहां पर अवैध कब्जदारों की मिली भगत से नोटिस नोटिस का खेल खेले जाने के आरोप शिकायतकर्ता द्वारा तहसीलदार गोला पर लगाए गए हैं। और मामले की लिखित शिकायत अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ से कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने तथा सरकारी जमीन तालाब और खेल मैदान की आरक्षित जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में जब तहसीलदार गोल भीमचंद से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया की अवैध कब्जे धारकों को नोटिस जारी की गई है।

### मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती

**मैलानी-खीरी।** भारत में हर साल 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई जाती है और आज ही महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर बसंत पंचमी भी हो गई।यह संयोग इसलिए हुआ कि प्रकृति भी उनकी जयंती मना कर स्वागत कर रही थी। इस दिन उनके प्राक्रम और साहस को याद करता है।आज का यह दिन उनके साहस, बलिदान और देश भक्ति की अमर विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।जिसके चलते शुक्रवार को विकासखंड बांकेगंज ग्राम पंचायत डालपुर ग्रट में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक इंटर कॉलेज में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। कॉलेज प्रबन्धक प्रवीण सेन ने समस्त क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया।मुख्य अतिथि के रूप में पलिया विधायक रोमी साहनी मौजूद रहे।कॉलेज प्रबन्धक प्रवीण सेन,सुआबोझ ग्राम प्रधान शंकर लाल व मौजूद समस्त लोगों ने पलिया विधायक रोमी साहनी को माला पहनाकर स्वागत किया। छोटे बड़े बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।थाना मैलानी से कांस्टेबल अश्वनी कांस्टेबल नितिन,महिला कांस्टेबल प्रिया शर्मा सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धूम धाम से मनाया गया राधा कृष्ण मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव।



**चुनार, मीरजापुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कोतवाली परिसर मे स्थित श्री राधाकृष्ण मन्दिर मे भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। बसंतपंचमी के दिन ही तात्कालिक निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे भव्य मंदिर का निर्माण कार्य किया गया था एक वर्ष पूर्ण होने पर परिसर मे शुक्रवार को प्रातः मन्दिर मे विराजमान राधाकृष्ण के मनमोहक प्रतिमा की आरती की गई तत्पश्चात श्री राम सुंदरकांड जन सेवा समिति के पंडित देवदत्त त्रिपाठी की टीम द्वारा संगीयमय सुंदर कांड पाठ का गायन हुआ। समापन के बाद भण्डारे मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक बिजपुर नरेंद्र कुमार सिंह,बचाऊलाल सेठ,सौरभ पुजारी, सभासद विकास कश्यप, मंत्री यादव,करतार सिंह,काबुल सिंह,सुधीर सिंह,राजेश सिंह,अखिलेश सिंह, पंकज शर्मा, आशीष पांडेय,उप निरीक्षक अखिलेश सिंह यादव,हरिशंकर यादव,सदानंद सिंह,हेड मुहर्रिर जुग्गी लाल, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, विनय राय, सुमित सिंह, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। पंडित के अर्चक अनिल मिश्रा ने कार्यक्रम में आए सभी का धन्यवाद किया।

### साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित धनराशि 4,08,893/- को पीड़िता के खाते में कराया गया वापस




**मीरजापुर।** आवेदिका निशा रानी गुप्ता पत्नी सतीशचंद्र गुप्ता निवासिनी गणेशगंज थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः16.09.2025 को थाना को0कटरा साइबर सेल में शिकायत दी गयी कि पीड़िता के मोबाइल फोन को ,क्य स्न्द्व्द्य्द्ध के माध्यम से हैक कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्ष्ह् के माध्यम से खाते से ? 4,33,993/- की साइबर ठगी कर ली गयी । थाना को0कटरा साइबर सेल टीम द्वारा आवेदिका की शिकायत को हृष्ट्रक्क पोर्टल पर दर्ज कराया गया तथा प्रकरण में जांच प्रारंभ की गई । 'सोमेन बर्मा' पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0कटरा साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच के दौरान सम्बन्धित बैंक/मर्चेन्ट से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करते हुए पीड़िता के खाते में फ्राड की घटना से सम्बन्धित धनराशि ? 4,08,893/- वापस कराया गया । खाते में पैसे वापस आने पर आवेदिका द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं थाना को0 कटरा साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया । आवेदिका को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी के बारें में जागरुक किया गया ।

### ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर दूसरे दिन भी वनविभाग की टीम निगरानी में लगी रही

**ड्रमंडगंज।** वनरेंज के मटिखना गांव में गेंहू के खेत से जा रहे तेंदुआ का गुरुवार को वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते दूसरे दिन शुक्रवार को भी वनविभाग की टीम गांव में पहुंचकर तेंदुआ की निगरानी में लगी रही। वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी व सर्वेश्वर पटेल ने ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने के दौरान एहतियात बरतने के लिए कहा। फिलहाल अभी तक गांव में दोबारा तेंदुआ को नही देखा गया है। मटिखना गांव में तेंदुआ आने का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है। वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि वीडियो वायरल होने के दूसरे दिन भी गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। तेंदुआ को लेकर ग्रामीणों से सतर्कता बरतने क अपील की गई है।

# आज़ाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** नारघाट स्थित शहीद उद्यान में गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आज़ाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) सोहन श्रीमाली उपस्थित रहे। उनके साथ नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा, नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, कार्यक्रम संयोजक अर्जुन सोनकर तथा पूर्व काशी क्षेत्र मंत्री रविशंकर साहू ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित अतिथियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' जैसे ओजस्वी नारे के माध्यम से नेताजी ने देश के युवाओं में आज़ादी के प्रति अदम्य साहस और आत्मबल का संचार किया। उनका राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व क्षमता और साहस आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली ने कहा कि नेताजी का जीवन हमें निस्वार्थ सेवा, त्याग और स्वाभिमान के साथ राष्ट्र के लिए कार्य करने की सीख देता है। नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान विचारक भी थे, जिनके आदर्श आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गए हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नेताजी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक अर्जुन सोनकर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य होता है। कार्यक्रम में स्मृति समिति के अध्यक्ष कमला प्रसाद शर्मा, पूर्व भाजपा काशी क्षेत्र मंत्री रवि शंकर साहू, डॉली अग्रहरी,मंडल अध्यक्ष नगर पूर्वी, नितिन विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष नगर पश्चिमी,सचिन जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पश्चिमी, अश्वनी गुप्ता ,नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा गोपाल अग्रवाल ,नगर मंत्री श्याम सिंह अर्जुन सोनकर रवि शंकर साहू श्याम सिंह नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष डोल सुरेश जयसवाल इंद्रेश कुमार सिंह संजय कुमार सिंह धर्मेंद्र सोनकर सोलू पंडा विकास मोदनवाल आयुष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और नेताजी अमर रहें के नारों के साथ हुआ।

# नेता जी की 129 वीं जयंती मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मीरजापुर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 129वी जयंती के अवसर पर नगर के नारघाट स्थित शाहिद उद्यान व केबीपी कॉलेज में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। माल्यार्पण के उपरांत नेताजी विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया गोष्टी को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्य वक्ता डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना करके देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई आज हम लोग नेताजी के जयंती पर उन्हें आज श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मीरजापुर के जिला अध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी के त्याग,समर्पण,बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा नेताजी के बताए रास्तों पर चलकर हमें देश को प्रगति और उन्नति तथा एकता और अखंडता के धागे में पिरोना है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महामंत्री सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी के लिए देश से बड़ा कुछ नहीं था।नेताजी चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे उससमय लेकिन नेताजी ने सब कुछ त्याग कर अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया इसीलिए यह देश उन्हें नेताजी के नाम से हमेशा याद करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन नगर विधानसभा अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष सतीश सिन्हा ,राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गृजेश सिंह ,मनोज श्रीवास्तव ,सुधीर श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव अंकुर प्रकाश उमेश श्रीवास्तव ,रमेश श्रीवास्तव आदि आदि कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर विंध्याचल में उमड़ा लाखों भक्तों का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर, विंध्याचल।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां विंध्यवासिनी देवी के धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगला आरती के साथ देर रात तक लाखों भक्तों ने पहले गंगा स्नान किया और फिर मां के दरबार में हाजिरी लगाई। पूरा विंध्याचल भक्ति की लहरों से तरंगित हो उठा। मंदिर की ओर जाने वाली सभी गलियां भक्तों की लंबी कतारों से पट गई। हर तरफ 'जय मां विंध्यवासिनी' के जयकारे गूंज रहे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का सिलसिला जारी रहा और दोपहर में मंदिर की कपाट बंद होने के समय कतार और भी लंबी हो गई। भक्त धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। स्थानीय दुकानदारों के चेहरे खुशी से चमक रहे थे। भक्तों ने पूजा सामग्री, फूल, मिठाई और अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। बाजार में जगह-जगह ठेले और खुमचे सज गए, जहां बच्चे जिद करके माता-पिता की उंगली खींचकर स्वादिष्ट नाश्ता और खिलौने खरीद रहे थे। इससे बाजार में रौनक छा गई और स्थानीय व्यापार को खूब लाभ हुआ। पुलिस प्रशासन पुलिस महानिरीक्षक आर पी सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक शहर नितेश सिंह, नगर क्षेत्राधिकारी विवेक जावला के नेतृत्व में थाना विंध्याचल प्रभारी अविनाश प्रकाश राय, धाम सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह, धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र की सराहनीय प्रयास ने मंदिर तथा गलियों एवं गंगा घाटों पर कड़ी व्यवस्था की गई थी । गलियों, नाकों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से हुआ और किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं आई। पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने श्री विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा, ताकि भक्त सुगमता से दर्शन-पूजन कर सकें। बसंत पंचमी पर विंध्याचल में इस वर्ष की भक्तों की भारी भीड़ ने मां विंध्यवासिनी की लोकप्रियता और आस्था की गहराई को दर्शाता है।

# गैर इरादतन हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 04 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर, चुनार।** थाना चुनार में वादी इन्दल मौर्या पुत्र स्व0 अर्जुन मौर्या निवासी ग्राम चेरा के पुरा थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तो के विरूद्ध वादी के घर पर आकर गाली-गलौज, मारपीट व महिलाओं के साथ मारपीट धक्का मुक्की व धमकी देने तथा रविचन्द्र पुत्र गोपीचन्द सहित अन्य 02 के गंभीर रुप से घायल हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0स0-23/2026 धारा-110,115(2),351(3),352,3(5) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।'सोमेन बर्मा' पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार/लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी सुरागरसी व अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए दिनांकः20.01.2026 को उपरोक्त घटना से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर /जेल भेजा जा चुका है । गंभीर रूप से घायल रविचन्द्र उपरोक्त की इलाज के दौरान वाराणसी ट्राम सेंटर में मृत्यु हो जाने के उपरान्त मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादव, अखिलेश कुमार यादव व उदयराज सिंह मय पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित 04 अन्य अभियुक्तो 1.दीपक सोनकर पुत्र राजाराम सोनकर, 2.रोहित उर्फ झिंगन पुत्र दुलारे सोनकर, 3.सोनू सोनकर पुत्र राजाराम उर्फ पण्डित सोनकर व 4.रवि सोनकर पुत्र मनोज सोनकर निवासी गण ग्राम सरैया सिकन्दरपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को चुनार रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल दो बांस का डण्डा, एक लकड़ी का डण्डा व एक लोहे का रॉड चक्रनुमा साइकिल का चेन व्हील लगा हुआ बरामद किया गया । थाना चुनार पुलिस द्वारा अन्तर्गत धारा-103(1),109(1),115(2),351(3),352,3(5),191(2),74 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों को जेल भेजा ग चोरी के अभियोग से सम्बन्धित एक अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की बैटरी, स्पेयर पार्ट्स

**सहित अन्य बरामद** — थाना को0कटरा, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः22.01.2026 को वादी देवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र अनुज प्रताप सिंह निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकनोपरान्त नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी के बड़ी बसही मुख्य मार्ग स्थित स्पेयर पार्ट व वर्कशाप से स्पेयर पार्ट्स, बैटरी, एल्युमिनियम चैनल सहित अन्य सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-24/2026 धारा 305(ड्ड) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। 'सोमेन बर्मा' पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित की अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष को0कटरा को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0कटरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी सुरागरसी व अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को उप निरीक्षक कृष्णकान्त त्रिपाठी मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर बसही रेलवे फाटक लोहिया तालाब के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अनिल मिश्रा उर्फ कोहड़ी पुत्र अशोक मिश्रा निवासी लोहिया तालाब थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । चोरी की उपरोक्त घटना से सम्बन्धित एक बैटरी, 14 लोहे व पीतल जैसा स्पेयर पार्ट्स, 14 चन्द्राकार स्पेयर पार्ट्स लोहे जैसा, 05 बोल्ट व 31 एल्युमिनियम स्लाइडर छड़ बरामद किया गया । थाना को0कटरा पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त जेल भेजा गया ।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में हुई सम्पन्न

**●अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर दिया जोर**

**●शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, गलत स्पेशल क्लोज़ पर होगी कार्यवाही-अपर जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर वीरेन्द्र मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भो के सापेक्ष निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बी श्रेणी की समीक्षा के दौरान तहसीलदार औराई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही सी श्रेणी के संदर्भ प्रकरण अधिक होने पर कड़ी फटकार लगाई साथ ही आइजीआरएस हेल्पलाइन सबसे ज्यादा असंतुष्ट की फीडबैक सहायक श्रम आयुक्त सब रजिस्टार औराई बाल विकास परियोजना अधिकारी डीघ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डीघ को कड़ा निर्देश दिया कि शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर प्रकरण को निक्षेपित करें, साथ ही तहसील न्यायालय में बेचाराधिन मुकदमों को प्राथमिकता से निस्तारण कराने के साथ-साथ सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन विभागों मे अवमानना के प्रकरण हैं शीघ्र निस्तारण कराए अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी जवाब दे ही तय की जाएगी। जनसंवाद दिवस पर शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक कराए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही पूरे मनोयोग से कार्य करें, जिससे जनपद की रैंक अच्छी बनी रहे। निर्देश दिया कि शिकायतों को अधिकारी कटेगरी वाईज कर सही ढंग व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकांश शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता को वार्ता कर संतुष्ट करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड की जाए। केवल वे ही शिकायत स्पेशल क्लोज़ की जाए, जो पोर्टल पर उपलब्ध स्पेशल क्लोज़ की श्रेणी में आती हो। गलत फ्लैग लगाकर स्पेशल क्लोज़ करने पर कार्यवाही की जाएगी। प्रायः यह देखा जा रहा है कि जनपद स्तर से एक ही शिकायत को कई बार फीड किया जा रहा है एवं एक ही मोबाईल नंबर से अलग अलग शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। विश्लेषण में यह भी पाया गया है की मोबाईल नंबर शिकायतकर्ता का न होकर किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति का है। जिस अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत है उसी से जांच कदापि न कराई जाए। यह भी समीक्षा कर लें की उनके यहाँ किस क्षेत्र या किस विभाग शिकायत श्रेणी मे सर्वाधिक शिकायतें आ रही हैं और उसका निराकरण कराएं। उदाहरणार्थ कतिपय जनपदों में प्रमाणपत्र बनाने के संबंध में अधिक शिकायत दर्ज हो रही हैं। पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद स्तर से निस्तारण की गुणवत्ता का क्रॉस वेरीफिकेशन करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड या स्पेशल क्लोज की कार्यवाही की जाए। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निरस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी फरियादियों/शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के प्रति बेहद गम्भीर है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के डिफाल्टर होने व निस्तारित शिकायतों की खराब गुणवत्ता पाये जाने पर कुछ विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दिया, कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिये कि निस्तारण की गुणवत्ता खराब होने के कारण उच्च स्तर से शिकायतें पुनः वापस आ जाये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण के परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। क्योंकि शिकायतकर्ता की संतृष्टि ही संदर्भो का निस्तारण का मूल लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस का पैरामीटर बदल गया है असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को सही ढंग से निस्तारण कराए। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# जिलाधिकारी ने चार प्रमुख निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया विशेष जोर

**● जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन चार परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण सहित समय सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश 'जिलाधिकारी ने किया संयुक्त चिकित्सालय परिसर में 100 बेडेड आईपीडी भवन व 50 बेड क्रिटिकल केयर का निरीक्षण'**

**●कार्य में तीव्रता लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कर क्रियाशील करने का डीएम ने दिया निर्देश श्री काशीराज संस्कृत महाविद्यालय एवं पिपरीस स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज जल्द ही पूर्ण होने से युवाओं को मिलेंगे नये अवसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को जनपद भदोही में संचालित चार महत्वपूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 बेडेड अन्तः रोगी कक्ष (आईपीडी) भवन एवं 50 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं जनपद के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में और तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कर क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी इस परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन आईपीडी भवन में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त वार्ड, डॉक्टर कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, प्रयोगशाला सहित अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। भवन के पूर्ण होने के पश्चात जनपदवासियों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी, साथ ही अस्पताल पर बढ़ते मरीजों के दबाव में भी कमी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन के बगल स्थित श्री काशीराज संस्कृत महाविद्यालय में निर्माणाधीन शैक्षिक भवन एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां भी कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) अंशुमान द्वारा महाविद्यालय की अतीत एवं वर्तमान शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि काशी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान के अंतर्गत जनपद भदोही में संस्कृत की परम्परा एवं मूल्यों को अक्षुण्य बनाए रखने में यह महाविद्यालय एवं इसका नवीन भवन महत्वपूर्ण एवं नैतिक भूमिका निभाएगा अंत में जिलाधिकारी ने पिपरीस स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक, छात्रावास सहित अन्य निर्माणाधीन भवनों का अवलोकन किया। कॉलेज परिसर में आवागमन के रास्ते एवं बाउंड्रीवाल से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सर्वप्रथम ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी को असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के संचालन से शीघ्र ही जनपद भदोही सहित आसपास के जनपदों के युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सभी चारों निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं प्रगति समीक्षा करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पीडब्लूडी एई सुभाष चंद्र, डीईएसटीओ शशिकांत, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, राजकीय निर्माण निगम के अभियंता, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भदोही में 'पुलिस सतर्क मित्र' चैटबॉट लॉन्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी लगाम लगाने के लिए पुलिस विभाग ने एक क्रांतिकारी डिजिटल पहल की शुरुआत की है। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी वाराणसी जोन, पीयूष मौर्डिया द्वारा वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'पुलिस सतर्क मित्र' व्हाट्सएप चैटबॉक्स (7839860411) का सफल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर के सीसीटीएनएस कक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल समेत जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे। इस नई पहल की सबसे बड़ी विशेषता सूचना देने वाले की पूर्ण 'गोपनीयता' है। अक्सर नागरिक सुरक्षा की चिंता के कारण अपराध की सूचना देने से कतराते हैं, लेकिन इस चैटबॉट के माध्यम से सूचना देने वाले का मोबाइल नंबर या पहचान पुलिस के पास नहीं आएगी, जिससे सूचनाकर्ता पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। नागरिक इस व्हाट्सएप बॉट नंबर 7839860411 पर गो-तस्करी, अवैध खनन, शराब तस्करी, जबरन धर्म परिवर्तन, अवैध हथियार, नशा, जुआ और पुलिस भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों की जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा, महिला एवं बाल अपराध से संबंधित सीसीटीवी फुटेज या अन्य साक्ष्य भी फोटो, वीडियो और ऑडियो के माध्यम से साझा किए जा सकते हैं। एडीजी वाराणसी जोन ने बताया कि इस चैटबॉट का उद्देश्य पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना और नागरिकों को बिना किसी भय के पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित करना है। आमजन इस नंबर को अपने मोबाइल में 'पुलिस सतर्क मित्र' के नाम से सेव कर सकते हैं या जारी किए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके सीधे सूचना दर्ज करा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि जागरूक नागरिक इस तकनीक का उपयोग कर जनपद को अपराध मुक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## संक्षिप्त खबरें

### राम जन्म प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वार्षिकी पर माघ मेला मे व्रत विशाल भंडारा आयोजित



**प्रयागराज।** श्री राम जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वार्षिकी पर माघ मेला मे के एल फाउंडेशन के शिविर जोकि तुलसी मार्ग पश्चिमी पटरी सेक्टर no.6 पुरानी जी टी मार्ग एवं नागवासुकी मार्ग के बीच हैं, उसमे सुंदरकांड, सत्य नारायण व्रत कथा तटपश्चात विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमे नीरज द्विवेदी अध्यक्ष के एल फाउंडेशन, कुलदीप मिश्रा, आचार्य अजय त्रिपाठी, परी, दीपू, प्रदीप, कुसुम, सुनीता, हृदय नारायण सिंह, सैकड़ो लोगो ने सेवा दी, हजारों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### राम नाम में रंगा लोहगरा बाजार, अयोध्या की आस्था ने यमुना नगर को बनाया भक्तिधाम



**बारा, प्रयागराज।** रामजन्म भूमि से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृति के पावन अवसर पर गुरुवार को यमुनानगर क्षेत्र अंतर्गत लोहगरा बाजार पूरी तरह राममय हो उठा। बाजार की गलियों से लेकर मुख्य चौक तक भक्ति, सेवा और समर्पण का ऐसा दृश्य दिखा जिसने हर आने-जाने वाले को भावविभोर कर दिया। लोहगरा बाजार के समस्त व्यापार मंडल की सहभागिता से आयोजित इस विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए सेवा को ही साधना बनाया गया। सुबह से देर शाम तक सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, वहीं वातावरण जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से गूंजता रहा। इस आयोजन में बब्बू गुप्ता, संतोष केसरवानी, विनोद गुप्ता, अखिलेश्वर कुमार, अखिल गुप्ता, कमलेश गुप्ता, हितेंद्र विश्वकर्मा,अजय प्रजापति, पप्पू केसरवानी, बल्लू विश्वकर्मा, दीपक कुमार, सच्चू एवं अवनीश तिवारी सहित अनेक रामभक्तों ने तन-मन-धन से सहभागिता निभाई। सभी रामदासियों ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। भंडारे के दौरान अनुशासन, व्यवस्था और सहयोग की भावना देखते ही बनती थी। व्यापारियों की यह एकजुट पहल न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सेवा संस्कृति को भी सशक्त संदेश दे गई। लोहगरा बाजार ने यह सिद्ध कर दिया कि जब आस्था और सेवा एक साथ चलती हैं, तो पूरा क्षेत्र तीर्थ बन जाता है।

### देवरख मित्र मंडल सेवा समिति की ओर से भंडारे का आयोजन



**नैनी, प्रयागराज।** देवरख मित्र मंडल सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अरैल स्थित चक्र माधव घाट के सेक्टर 7 पर भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास मिश्रा, संजीव शुक्ला, राजा तिवारी, अनुराग शुक्ला (राजा), संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख, प्रदीप शास्त्री, आलोक पांडेय, सुशीला यादव (कोतवाल), रामकृष्ण पांडेय, बालकृष्ण शुक्ला, अमरीश त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ला,शुभम मिश्रा, कपिल मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, निखिल पांडे, प्रणव पांडे, अक्षत पांडे, नैतिक शुक्ला, गणेश पांडे, मानस मिश्रा, सौभाग्य शुक्ला,आदि उपस्थित रहे।

### बसंत पंचमी केवल पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, साधना और पवित्रता का प्रतीक है



**ब्यूरो प्रयागराज।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री अनंत महादेव सेवा शिविर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आचार्य सुशील महाराजने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, साधना और पवित्रता का प्रतीक है। इस दिन गंगा स्नान करने से मन, तन और आत्मा की शुद्धि होती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सुशील महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी मां सरस्वती को समर्पित पर्व है, जो विद्या, बुद्धि और विवेक की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया स्नान, जप और ध्यान विशेष फलदायी होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे श्रद्धा और संयम के साथ संगम में स्नान करें तथा पर्व की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार बसंत पंचमी के दिन किया गया पुण्य कर्म कई गुना फल देता है। माघ मास में स्नान का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह समय तप, त्याग और साधना का माना गया है। ऐसे में बसंत पंचमी पर किया गया गंगा स्नान मोक्ष की ओर अग्रसर करने वाला होता है।

# नागपुर हवालात में प्रयागराज के युवक की रहस्यमयी मौत, अपहरण केस में बंद था नागेंद्र

● परिजनों को बुलाने से पहले ही टूट गई सांसें, पुलिस हिरासत में फांसी या कुछ और

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** महाराष्ट्र के नागपुर से आई एक खबर ने उतरांव थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।पुलिस अभिरक्षा में बंद एक युवक की हवालात के भीतर मौत हो गई। मामला सामने आते ही न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर पुलिस हिरासत में एक युवक की जान कैसे चली गई? मदारीपुर गांव निवासी नागेंद्र कुमार (20) पुत्र रामजी को किशोरी के अपहरण के एक मामले में नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जरीपटका थाने की हवालात में रखा था।बृहस्पतिवार की तड़के अचानक सूचना आई कि नागेंद्र ने हवालात के भीतर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। यह खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गए। बताया जा रहा है कि नागेंद्र का हंडिया थाना क्षेत्र की एक किशोरी से प्रेम संबंध था।किशोरी के परिजन नागपुर में रह रहे थे। युवती के बुलावे पर नागेंद्र नागपुर पहुंचा, जहां से दोनों 16 जनवरी को प्रयागराज लौट आए। इसी बीच किशोरी के परिजनों ने नागपुर के जरीपटका थाने में युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। 18 जनवरी को नागपुर पुलिस उतरांव पहुंची और दोनों को घर से बरामद कर नागपुर ले गई।इसके बाद 21 जनवरी को अचानक नागेंद्र के परिजनों को फोन कर कहा गया कि वे नागपुर आकर बेटे को ले जाएं। परिवार अभी रास्ते में ही था कि अगली सुबह एक और कॉल आई–इस बार खबर थी कि नागेंद्र अब इस दुनिया में नहीं रहा। इस सूचना ने परिवार को तोड़ कर रख दिया। गांव में मातम पसर गया। मां पुष्पा देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नागेंद्र चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। जरीपटका थाना के उप निरीक्षक अनंतागिरी मोदी के अनुसार युवक ने सुबह करीब पांच बजे चादर से फंदा बनाकर आत्महत्या की। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। लेकिन सवाल अब भी कायम है–हवालात के भीतर फंदा कैसे बना? निगरानी कहां थी? और क्या सच में यह आत्महत्या ही है?

# आकाश में आत्मविश्वास की उड़ान

प्रतिकूल हवाओं में भी एनसीसी कैडेट्स का हौसला बुलंद।



**ब्यूरो प्रयागराज।** 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना क्षेत्र, फाफामऊ–पड़िला महादेव की हवाई पट्टी, में आयोजित पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर गतिविधि शिविर का तृतीय दिवस एनसीसी कैडेट्स के अदम्य साहस, अनुशासित आचरण एवं उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता का सजीव प्रतीक बनकर सामने आया। प्रतिकूल वायु परिस्थितियों के बावजूद कैडेट्स ने अद्भुत उत्साह, आत्मविश्वास और संकल्प के साथ गतिविधियों में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हवा के बदलते रुख को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए दिशा परिवर्तन कर गतिविधियों को निरंतर एवं सुचारु रूप से संचालित किया गया, जो आयोजकों की सूझबूझ और कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। पाँच दिवसीय एडवेंचर शिविर की कमान एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज द्वारा 17 यूपी बटालियन की प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह को सौंपी गई है, जिनके सक्षम निर्देशन में शिविर अनुशासन, सुरक्षा एवं उद्देश्यपूर्ण प्रशिक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

एनसीसी ग्रुप कमांडर प्रयागराज ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल ने मुख्यालय से पैरासेलिंग एडवेंचर कैंप की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आयोजन की सराहना की। तृतीय दिवस पर केवल 17 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने ही एडवेंचर गतिविधियों में सहभागिता की। कैडेट्स के उत्साहवर्धन हेतु 17वीं यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के सहायक एनसीसी अधिकारियों– जगतगुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के एएनओ प्रोफेसर प्रद्युत कुमार, कौशांबी पब्लिक स्कूल, कौशांबी के एएनओ लेफ्टिनेंट करन वीर सिंह, आईकेएम इंटर कॉलेज, अनापुर प्रयागराज के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अशोक कुमार सिंह, तथा नेशनल इंटर कॉलेज, भरवारी कौशांबी के एएनओ पंकज कुमार–ने भी पैरासेलिंग बैलून द्वारा उड़ान भरकर कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया।

प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कैडेट्स को अपने अनुभव, तकनीकी दक्षता एवं प्रेरक मार्गदर्शन से निरंतर प्रोत्साहित करने में चित्रकूट पैराग्लाइडिंग एडवेंचर संस्था की मुख्य इंस्ट्रक्टर शशि कुमार यादव तथा उनकी टीम–सुरेंद्र यादव, असलम शेख, नौशाद शेख, धर्मेश कुमार, आदित्य एवं सोनू–का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

1. पैरासेलिंग एडवेंचर शिविर का तृतीय दिवस बना साहस और अनुशासन का प्रतीक
2. प्रतिकूल हवाओं में भी एनसीसी कैडेट्स का हौसला बुलंद, तीसरे दिन दिखा अदम्य साहस
3. आकाश में आत्मविश्वास की उड़ानः एनसीसी पैरासेलिंग शिविर का तीसरा दिन प्रेरणादायी
4. हवा के रुख से नहीं डरे कैडेट्स, कुशल प्रबंधन से जारी रही पैरासेलिंग गतिविधि
5. साहस, समर्पण और नेतृत्व का संगमः एनसीसी एडवेंचर कैंप का सफल तीसरा दिन
6. पैरासेलिंग शिविर में कैडेट्स ने दिखाया धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय

### हेमवती नंदन में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**नैनी, प्रयागराज।** महाविद्यालय में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृति अनुभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया।प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश के कुशल दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वीर रस से संबंधित कविताओं का पाठ किया एवं छात्र-छात्राओं को नेताजी के जीवन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। यह कार्यक्रम त्रिवेणी कल्चरल क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें त्रिवेणी कल्चरल क्लब की प्रभारी डॉ अर्चना राय सहित क्लब के सदस्य डॉ मंजरी मिश्रा, डॉ अमित कुमार मिश्रा, डॉ निरुपमा यादव, डॉ मीनाक्षी राठौर, डॉ प्रिया तिवारी, डॉ सुचित्रा कृष्णमूर्ति और डॉ अवधेश कुमार आर्य ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन त्रिवेणी कल्चरल क्लब के सदस्य डॉ मीनाक्षी राठौर और धन्यवाद ज्ञापन क्लब की प्रभारी डॉ अर्चना राय ने किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर मंजु लता, प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव, प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद, प्रोफेसर भास्कर शुक्ला, डा हेमलता, डॉ भावना सिंह, डॉ रफत अनीस समेत समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में सज्जन कुमार बरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 22 जनवरी 2026 को एक बड़ा फैसला सुनाया. अदालत ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा और दंगों के एक मामले में बरी कर दिया है. यह फैसला उस समय आया है जब सज्जन कुमार पहले से ही दंगों के अन्य मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष सज्जन कुमार के खिलाफ लगे आरोपों को 'संदेह से परे' साबित करने में विफल रहा है. बरी होने का मुख्य कारण के रूप में कोर्ट ने पाया कि सज्जन कुमार के खिलाफ कोई ठोस सबूत मौजूद नहीं था, जो यह साबित कर सके कि वे उस समय घटना स्थल पर मौजूद थे या उन्होंने भीड़ को उकसाया था. अदालत ने टिप्पणी की कि गवाहों ने घटना के दशकों बाद सज्जन कुमार का नाम लिया, जिससे उनकी गवाही पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है. सज्जन कुमार पर दंगा करने (147 IPC), समुदायों के बीच दुश्मनी फैलाने (153A) और आगजनी जैसे आरोपों के तहत मुकदमा चल रहा था, जिनसे उन्हें अब मुक्त कर दिया गया है।

जनकपुरी और विकासपुरी मामले की पृष्ठभूमि में 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों से जुड़ा है। 1 नवंबर 1984 को जनकपुरी में दो सिखों सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या कर दी गई थी। जिसे जनकपुरी कांड और 2 नवंबर 1984 को विकासपुरी कांड में गुरुचरण सिंह नाम के व्यक्ति को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया था. इन मामलों में 2015 में केंद्र सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने नई एफआईआर दर्ज की थी. हालांकि, 2023 में कोर्ट ने सज्जन कुमार को हत्या (302) और आपराधिक साजिश (120B) के आरोपों से पहले ही डिस्चार्ज कर दिया था, लेकिन दंगों और भीड़ को उकसाने के आरोपों पर ट्रायल जारी रहा।

इस ताजा फैसले में बरी होने के बावजूद सज्जन कुमार जेल में ही रहेंगे. इसके दो मुख्य कारण हैं. पहला दिल्ली हाई कोर्ट ने दिसंबर 2018 में राज नगर (पालम कॉलोनी) इलाके में 5 सिखों की हत्या के मामले में सज्जन कुमार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. साथ ही फरवरी 2025 में एक अन्य निचली अदालत ने उन्हें सरस्वती विहार मामले (जसवंत सिंह और उनके बेटे की हत्या) में भी दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी. सज्जन कुमार फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# प्रयागराज में 24 जनवरी, को होगा ब्लैकआउट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश के 75 जनपद में दिनांक 23 जनवरी, 2026 को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल करने के निर्देश प्राप्त है,जबकि प्रयागराज में माघ मेला एवं बसंत पंचमी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2026 को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल करने के निर्देश पुनः प्राप्त हुए हैं। उप नियंत्रक सिविल डिफेंस प्रयागराज, नीरज मिश्रा द्वारा बताया गया कि युद्ध कालीन स्थिति की सूचना आम जनता को देने के लिए विभाग द्वारा एवं पुलिस विभाग तथा समस्त संस्थाओं के सायरन का प्रयोग किया जाता है जिसमें सायरन 2 मिनट तक ऊंची नीची आवाज में बजाया जाता है जो कि खतरे का अर्थात लाल संकेत होता है जिसमें प्रशिक्षित नागरिक जिस स्थान पर हैं वहीं पर शेल्टर लेते हैं एवं विद्युत व्यवस्था को रात्रि कालीन बाधित कर दी जाती है जिससे दुश्मन देश के फाइटर प्लेन को एवं किसी प्रकार के हवाई हमले को भ्रमित किया जा सके शासन के आदेशानुसार उक्त कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रयागराज एवं सिविल डिफेंस द्वारा कलेक्ट्रेट चौराहे के निकट स्थित बिशप जॉनसन' गर्ल्स कॉलेज मैं दिनांक 24 जनवरी 2026 को सायं काल 6:00 बजे से हवाई हमले से बचाव कार्यो का ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित है जिसमें 6:15 बजे से 6:20 बजे तक क्षेत्र की बिजली बाधित कर दी जाएगी इसके संबंध में विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा की अध्यक्षता में पूर्व में संपन्न हो चुकी है ,उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों मंडल एवं जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

आम जनमानस ब्लैकआउट के महत्व को समझ पाए एवं युद्ध कालीन स्थिति में जिला प्रशासन सिविल डिफेंस को आम जन सहयोग मिलने से देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत रहे उक्त मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एवं एस डीआरएफ सहित समस्त महत्वपूर्ण विभागों की सहभागिता रहेगी।

### धूमनगंज थाना क्षेत्र में नहीं रुक रहा हत्याओं का सिलसिला, युवक शमशाद की हत्या


शमशाद कुरैशी

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीम सराय इलाके में दो गुटों के बीच चल रहे विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए 18 वर्षीय युवक शमशाद उर्फ अल्लू की गोली मारकर हत्या कर दी गई दो गुटों के विवाद के दौरान फायरिंग हुई बीच-बचाव करने आए शमशाद उर्फ अल्लू को गोली लगी। इलाज से पहले या दौरान उसकी मौत हो गईशमशाद की उम्र लगभग 18 वर्ष बताई जा रही है शमशाद को पूर्व सांसद विनोद सोनकर के ड्राइवर का भाई बताया जा रहा है

**क्या अभी स्पष्ट नहीं है** विवाद की असली वजह क्या थी सूचना मिलने के बाद धूमनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए दबिश की जा रही है। इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### बसंत पंचमी पर जन शिक्षण संस्थान द्वारा सरस्वती पूजन का आयोजन



**नैनी, प्रयागराज** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जन शिक्षण संस्थान एडीए नैनी में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर छात्राओं, लड़कियों एवं महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। पूजा के पश्चात भजन-कीर्तन, ऊर्जा अर्चन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशलेंद्र नाथ सिंह, त्रिवेणी संगम सचिव दिनेश यादव, जनहित संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष अभिलाष केशरवानी (क्रांति), ममता, संदीप श्रीवास्तव, रमेश मौर्य, कौशल सक्सेना, सहित अनेक छात्राएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन जूही सक्सैना ,एवं संजीव सक्सेना,के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने मां सरस्वती की पूजा में भाग लेकर ज्ञान, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अब मुंबई-वाराणसी नहीं, प्रयागराज में ही टाटा स्तर का कैंसर इलाज

● एसआरएन अस्पताल बनेगा हब।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** वर्षों से कैंसर पीड़ितों की मजबूरी रही है–इलाज के लिए मुंबई या वाराणसी के चक्कर, भारी खर्च और समय की मार। लेकिन अब यह तस्वीर बदलने वाली है। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय एसआरएन में जल्द ही टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जैसी उन्नत कैंसर जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की ठोस पहल शुरू हो चुकी है। इस बदलाव की नींव 22 से 24 जनवरी के बीच एमएलएन मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में पड़ने जा रही है, जहां एक राष्ट्रीय संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित होगी। यह आयोजन सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रयागराज को कैंसर उपचार के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। प्रेस क्लब में जानकारी देते हुए पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कचनार वर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला टाटा कैंसर संस्थान, मुंबई के सहयोग से आयोजित की जा रही है।इसमें टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के मुंबई, दिल्ली और वाराणसी केंद्रों से जुड़े करीब 20 वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ सीधे तौर पर शामिल होंगे। इनके साथ एम्स दिल्ली, पटना और देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला का फोकस केवल इलाज नहीं, बल्कि समय रहते कैंसर की सटीक पहचान और नई उपचार तकनीकों पर रहेगा। पहले दिन क्लीनिकल- पैथोलॉजी मीटिंग और ट्यूमर बोर्ड का आयोजन होगा, जहां जटिल मामलों पर गहन चर्चा की जाएगी। इसमें पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन, सर्जन और प्रयोगशालाओं में कार्यरत तकनीकी विशेषज्ञ एक ही मंच पर बैठकर उपचार की दिशा तय करेंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से एसआरएन अस्पताल में कैंसर के मरीजों को न सिर्फ समय पर जांच और सलाह मिलेगी, बल्कि भविष्य में उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन भी नहीं करना पड़ेगा। प्रयागराज के लिए यह संगोष्ठी सिर्फ तीन दिन का आयोजन नहीं, बल्कि कैंसर के खिलाफ एक लंबी और निर्णायक लड़ाई की शुरुआत मानी जा रही है।

# बसंत पंचमी पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने अरैल घाट पर लगाई आस्था की डुबकी

● जगह-जगह पर रही पुलिस की तैनाती।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** माघ मेला के चौथे प्रमुख स्नान पर्व बसंत पंचमी पर शुक्रवार को लाखों श्रद्धालुओं ने अरैल एवं सोमेश्वर घाट पर पहुंच कर गंगा जी में आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात गंगा मैया की विधि-विधान पूर्वक पूजन- अर्चन कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि होने की मंगल कामना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जगह-जगह पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

माघ मेला के चौथे प्रमुख स्नान पर्व बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर दूरदराज के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ। लोग रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे से उतरकर अरैल मार्ग पर पैदल ही गए। शुक्रवार की भोर से ही अरैल घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ इकट्ठा होने लगी । तकरीबन 4:00 बजे सुबह से ही लोगों ने अरैल एवं सोमेश्वर घाट पर स्नान करना शुरू किया। जो सारा दिन तक चला। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अरैल एवं सोमेश्वर घाट पर गंगा जी में आस्था की डुबकी लगाई।

घाट के आसपास तमाम तरह की दुकानें लगाई गई थी। जहां पर लोग जरूरत संबंधी सामानों को खरीदते रहे। घाट पर चकर प्लेटो को व्यवस्थित तरीके से न लगाए जाने से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घाट पर पर्याप्त मात्रा में चेंजिंग रूम न बनाए जाने से महिलाओं को कपड़ा बदलने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्टाल लगाकर खिचड़ी एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। जहां पर लाइन लगाकर लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। घाट पर जल पुलिस की मुस्तैदी देखी गई। घाट पर पंडो की चांदी रही। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं से विक्रम चालकों के द्वारा मनमानी तरीके से पैसा वसूल किया गया। पुलिस प्रशासन के द्वारा माघ मेला में आने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया। उन्हें मेला क्षेत्र में बने स्टैंड में पार्किंग कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पुलिस बलों की तनाती की गई थी।

# माघ मेला-2026 की छवि धूमिल करने की साजिश AI-Generated भ्रामक वीडियो फैलाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला-2026 जैसे पवित्र, धार्मिक एवं राष्ट्रीय महत्व के आयोजन की गरिमा को ठेस पहुँचाने की साजिश प्रयागराज पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया है। सोशल मीडिया पर AI-Generated भ्रामक कंटेन्ट और तथ्यहीन वीडियो प्रसारित कर पुलिस व साधु-संतों की छवि धूमिल करने वाले एक अभियुक्त को साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार माघ मेला-2026 के दृष्टिगत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार कड़ी निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान फेसबुक प्रोफाइल Deepak Mukesh Tiwari के माध्यम से AI तकनीक से तैयार किए गए भ्रामक, तथ्यविहीन और नकारात्मक कंटेन्ट के प्रसारण की जानकारी सामने आई। इन पोस्टों के माध्यम से माघ मेला की छवि खराब करने के साथ-साथ समाज में आक्रोश, भय और वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। जांच के बाद पुलिस ने अभियुक्त दीपक कुमार तिवारी उर्फ मुकेश कुमार तिवारी,निवासी लखनपुर, थाना मेजा,कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 39 वर्ष, को दिनांक 22 जनवरी 2026 को ग्राम लखनपुर स्थित नन्द किशोर इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक एप्पल मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है, जिसका प्रयोग भ्रामक कंटेन्ट प्रसारित करने में किया जा रहा था। इस पूरी कार्रवाई में थाना मेजा, साइबर क्राइम थाना एवं साइबर सेल प्रयागराज की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि माघ मेला- 2026 को लेकर सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह, पुराना वीडियो या अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ने आमजन से अपील की है कि वे माघ मेला से संबंधित किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें और भ्रामक कंटेन्ट से दूरी बनाए रखें। साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

# सुप्रीम कोर्ट में फांसी की जगह मौत की सजा के लिए अन्य विकल्प पर हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीके अपनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने दायर की है। उन्होंने फांसी को मौत देने का क्रूर, अमानवीय और पुराना तरीका बताया है, जिसमें दोषी को लंबे समय तक दर्द सहना पड़ता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि फांसी की बजाय जहर का इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) दिया जाए, जो तेजी से और कम पीड़ा के साथ मौत का कारण बनता है। याचिका में कहा गया है कि कम से कम दोषी को विकल्प दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या इंजेक्शन। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की है, जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन कर रही है।

सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फांसी को सबसे तेज और सुरक्षित तरीका माना जा रहा है, इसलिए इसे बदलने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने केंद्र के इस रुख पर नाराजगी जताई और कहा कि समय के साथ बदलाव जरूरी है, लेकिन सरकार इसमें तैयार नहीं दिख रही। कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान दयालु और जीवंत है, जिसमें सम्मानजनक मौत का अधिकार भी शामिल होना चाहिए। याचिका 2017 में दायर की गई थी और तब से कई बार सुनवाई हो चुकी है।

### प्रयागराज माघ मेला में बसंत पंचमी पर 3 करोड़ से ऊपर श्रद्धालुओं ने स्नान किया प्रशासन का दावा



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज माघ महीने के बसंत पंचमी पर्व पर 3 करोड़ से ऊपर श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भोर से सिलसिला शुरू और शाम तक चलता रहा ज्यादातर स्नान करने वाले इलाहाबाद जनपद के आसपास के थे कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भी आज बसंत पंचमी पर स्नान किया बाबा रामदेव ने चर्चित संत सतुआ बाबा के साथ में स्नान किया और हनुमान जी का दर्शन भी किया। बाद में पूरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती से भी आशीर्वाद लेने उनके शिविर में पहुंचे। माघ मेला पुलिस प्रशासन में सुरक्षा की दृष्टि से काफी सतर्क रही और वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया था मौसम ठीक-ठाक था जिससे स्नान करने वालों की भीड़ अच्छी खासी हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### लोहरदगा में सांसद सुखदेव भगत ने नन्हे बच्चे को बुके देकर किया सम्मानित



**लोहरदगा, झारखण्डः**- आमतौर पर सार्वजनिक कार्यक्रमों में सांसद, विधायक अथवा मुख्य अतिथियों द्वारा बुजुर्गों या विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन लोहरदगा में एक अलग ही दृश्य देखने को मिला, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। एक कार्यक्रम के दौरान लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने मंच पर एक नन्हे बच्चे को बुके देकर सम्मानित किया। सांसद का यह स्नेहपूर्ण और आत्मीय व्यवहार लोगों को भावुक कर गया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग इस दृश्य को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। बताया गया कि उक्त बच्चा मोमिन कॉन्फ्रेंस के नगर अध्यक्ष सिराज अंसारी का नाती है। सांसद ने बच्चे को पूरे अपनापन और प्रेम के साथ बुके भेंट किया, जिससे माहौल खुशनुमा हो गया। सांसद के इस सरल और अनोखे अंदाज पर कार्यक्रम में तालियों की गूंज सुनाई दी।

### करों प्रखंड में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा



**करों, देवघर, झारखंडः**- शुक्रवार को करों प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों तथा विद्यालयों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा, आस्था और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा। धार्मिक ग्राम करोंग्राम सहित आचार्य टोला, राय टोला, मिसिर टोला, भंडारी टोला, दे-दे टोला, साव टोला, केवट टोला, मंडल टोला, शांतिनिकेतन, विकास विद्यालय, एस.आर. एकेडमी, शिशु मंदिर, मिलन संघ, चक्रवर्ती टोला, दास टोला, बाउरी टोला, भागा पाड़ा तथा धर्मराज कर्णेश्वर प्रांगण में सरस्वती माता की प्रतिमा विधि-विधान से स्थापित की गई। पंडितों द्वारा यज्ञ, हवन, स्तुति, मंगल पाठ सहित पारंपरिक नेग-विधि के साथ पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान भजन-कीर्तन के माध्यम से मां सरस्वती का आह्वान किया गया। सुबह से ही विभिन्न पूजा पंडालों में महिला-पुरुषों के साथ छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ती रही, जो देर रात तक जारी रही। इसके अलावा रानीडीह, केन्दवरिया, रान्हा, सालतर, तारापुर, आलमपुर एवं चौरवरिया गांवों में भी सरस्वती पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य विजय सिंह के निधन से संभावित उप निर्वाचन-2026 के प्रयोगार्थ 27 जनवरी को ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट मशीनों के फर्स्ट लेवल चेकिंग




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**- अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0 )/उप जिला निर्वाचन अधिकरी वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि विधानसभा सचिवालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत अधिसूचना 09 जनवरी,2026 के माध्यम से 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य विजय सिंह का निधन 08 जनवरी,2026 को पूर्वाह्न में हो गया है। उक्त के दृष्टिगत विधानसभा सचिवालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत अधिसूचना के अनुसार उ0प्र0 विधान सभा में विजय सिंह का उक्त स्थान 08 जनवरी,2026 से रिक्त हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार इस जनपद के 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के संभावित उप निर्वाचन-2026 के प्रयोगार्थ ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट मशीनों के फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफ0एल0सी0) का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बेल इंजीनियर्स द्वारा 27 जनवरी, 2026 से ई0वी0एम0/ वी0वी0पैट गोदाम कलेक्ट्रेट कैम्पस, लोढ़ी, सोनभद्र में किया जायेगा।

# 47वाँ झारखंड दिवस की सफलता को लेकर झामुमो पाकुड़िया की बैठक हुई आयोजित

**● सिद्धू-कान्हू मोड़ में नए झामुमो पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन**

**सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाएं - प्रो. स्टीफन मरांडी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :**- आगामी 2 फरवरी को दुमका के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले 47वें झारखंड दिवस की तैयारियों को लेकर पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने की। बैठक में स्थानीय महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ताओं से विधायक प्रो. मरांडी ने कहा कि दुमका के गांधी मैदान में पहली बार दिशोम गुरु के बिना झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस बार झारखंड दिवस को यादगार बनाया जाएगा ताकि गुरुजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी झामुमो कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। सभी अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएं तथा दीवार लेखन करें। साथ ही प्रखंड में लगने वाले सभी हाट-बाजारों में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग 2 फरवरी को दुमका के गांधी मैदान पहुंच सकें। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता दुमका पहुंचेंगे। इस बार दिशोम गुरु हमारे बीच नहीं रहेंगे, लेकिन उनके परछाई के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। पुरानी परंपरा को बरकरार रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में दुमका पहुंचना है।

झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष देबीलाल हांसदाक ने कहा कि हम सभी पहले से ही सक्रियता के साथ झारखंड स्थापना दिवस मनाते आए हैं। इस बार गुरुजी हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए भारी संख्या में कार्यकर्ता दुमका पहुंचेंगे। प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को अपने साथ दुमका रैली में लेकर जाएं ताकि आमजन पार्टी के नेताओं के संदेश को सुन सकें। जाने-आने के लिए वाहनों की व्यवस्था, प्रत्येक वाहन पर नगाड़ा एवं पारंपरिक तीर-धनुष के साथ गांधी मैदान पहुंचने की व्यवस्था कार्यकर्ताओं द्वारा की जाएगी। प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों एवं सीमा क्षेत्रों में तोरण द्वार भी बनाए जाएंगे।

बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि झामुमो प्रखंड कार्यालय में सुबह 08:30 बजे विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इससे पूर्व सिद्धू-कान्हू चौक स्थित नए झामुमो पार्टी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर विधायक ने कहा कि अब प्रखंड क्षेत्र के लोग पार्टी कार्यालय में आकर अपनी समस्याएं रख सकेंगे, जिनका समाधान शीघ्र किया जाएगा।

बैठक में प्रखंड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष अशोक भगत, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, कोलोम मुर्मू, अब्दुल बनीज, खुर्शीद आलम, छोटू भगत, लालबाबू अंसारी, आबेद अंसारी, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, नेगार अंसारी, रिफाइल मुर्मू, विश्वजीत दास, विनोद भगत, बुलबुल शेख, बाबाराली मरांडी, मोताहर अंसारी, एनोस मुर्मू, मजबूल शेख, बिश्वनाथ मुर्मू, खुदू भगत, मंजूर आलम, कुबराज मरांडी, मनेजार हेम्ब्रम, एमेली सोरेन, जयफुल अंसारी, लालबाबू शेख, मंटू भगत, महलईल अंसारी, दिनेश जायसवाल, तोहिदुल शेख, सुरज रविदास, जाहिरुद्दीन अंसारी, नेजाम अंसारी, नरेश हांसदा, जुगुनू हांसदा, सुभासिनी मुर्मू, मेरी टुडू, फुलोमिना हेम्ब्रम, माहमादुल हसन, हफाजुद्दीन अंसारी, कन्हैया भगत, सुनील, सनातन सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोहरदगा को मिली नई एंबुलेंस, ग्रामीण व दूरदराज़ के मरीजों को मिलेगी राहत




**लोहरदगा, झारखंडः**- लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत की पहल पर अंजुमन हॉस्पिटल, लोहरदगा को एक नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। एंबुलेंस मिलने से विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरदराज़ क्षेत्रों के मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सुविधा होगी। नई एंबुलेंस के मिलने से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे गंभीर रोगियों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने सांसद सुखदेव भगत को बुके भेंट कर आभार व्यक्त किया और इस पहल को जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। एंबुलेंस सेवा शुरू होने की सूचना से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। लोगों का कहना है कि यह सुविधा जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगी और क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाएगी।

## चौपारण में सरस्वती पूजा श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न, विधायक ने पंडालों में टेका माथा

**●मां सरस्वती की वीणा और श्वेत वस्त्र जीवन में संतुलन व सादगी का संदेश देते हैं : मनोज कुमार यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः**- चौपारण प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां सरस्वती की आराधना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं क्लबों द्वारा आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण किया गया था। सुबह से ही पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि के लिए विद्यार्थियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों में उमड़ती रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

पूजा समारोहों को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मां सरस्वती केवल पुस्तकों तक सीमित ज्ञान की देवी नहीं हैं, बल्कि वे उस चेतना की प्रतीक हैं जो सही और गलत का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती की वीणा और श्वेत वस्त्र जीवन में संतुलन, सादगी और संयम का संदेश देते हैं। सच्ची शिक्षा वही है, जो अज्ञान, हिंसा और स्वार्थ से ऊपर उठाकर मानवता के मार्ग पर अग्रसर करे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, रिशु बर्णवाल, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया मंटू सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, पिंटू सोनी, रामधनी दांगी, कपिल यादव, मनीष सिंह, सुरेश शर्मा, शिक्षक सुधीर कौशल, भोला यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी भक्ति-भाव से की गई मां शारदे की अर्चना

**●पाकुड़िया बाजार में पूजन सामग्रियां, मिष्टान, फलादि की बड़े पैमाने पर की गई खरीदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः**- बसंत पंचमी की पूनीत मंगलमयी बेला में 23 जनवरी को प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की महादेवी, हंस वाहिनी, बीणा वादिनी मां वागीश्वरी की आराधना पूरी भक्ति-भाव से करते हुए भक्तों ने मंगल कामना की। विद्या की महादेवी की पूजा को लेकर सम्पूर्ण प्रखण्ड में विशेष रूप से छात्र-छात्राओं में हर्षोल्लास की झलक उनके स्निग्ध निश्चल मुस्कान में साफ देखी जा रही है।

भारत वर्ष को आध्यात्म एवं धर्म प्रधान राष्ट्र कहा जाता है और यहां की मिट्टी के कण-कण में आध्यात्मिक सुरभि से सुगंधित सम्पूर्ण धरा रही है। सरस्वती पूजा प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित नवयुवक संघ, बालक समिति, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर व कई संस्थानों के अलावा शहरपुर, हरिपुर, तालवा आदि विभिन्न गांवों में बड़े पैमाने पर आदिवासी साफाहोड़ समाज के लोगों ने पूरी श्रद्धा-भक्ति से मां विद्या दायिनी सरस्वती की उपासना कर मंगल कामना की।

सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर पूजन सामग्रियों एवं हवन से निकलती आध्यात्मिक सुगंध से पाकुड़िया बाजार सुगंधित होता रहा। इस अवसर पर बाजार की चहल-पहल काफी बढ़ी हुई दिखाई दी। मां शारदे की पूजा उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं कई विद्यालयों में पूरी भक्ति-भाव से की गई जहां विद्यार्थियों ने मां से विद्या प्रदान करने की मंगल कामना की। पूजा के शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवयुवक संघ पाकुड़िया द्वारा प्रतियोगिताएं कराए जाने तथा बंगला क्लब में बाउल संगीत के आयोजन की सूचना है। वहीं पूजा के शुभ अवसर पर पाकुड़िया सिविल तथा पुलिस प्रशासन भी चौकस दिख रहा है ताकि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जा सके।

## लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की पहल, सरस्वती पूजा पर निजी विद्यालय में वॉटर चिलर मशीन का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मधुपुर, देवघर, झारखंड :**- लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के माध्यम से समाज सेवा एवं जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन शुक्रवार को सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर एस.आर. इंटरनेशनल स्कूल, पिपरा, रंगासिरसा परिसर में किया गया। वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन पीएमजेएफ लायन डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया ने कहा कि वॉटर चिलर मशीन की स्थापना से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध होगा, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इसे जनहित से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। कंबल पाकर ग्रामीणों में प्रसन्नता देखी गई।

लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष प्रेम पाठक ने कहा कि सरस्वती पूजा जैसे पावन अवसर पर जरूरतमंदों के लिए किया गया यह सेवा कार्य समाज के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब भविष्य में भी जनकल्याण से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक सिंह ने अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन एवं कंबल वितरण—दोनों ही पहलें विद्यार्थियों और समाज के लिए लाभकारी हैं। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सचिव विजय आनंद लछिरामका, कोषाध्यक्ष रामानुज मिश्रा, सह-सचिव राजेश तिवारी, बिनोद लछिरामका, विद्यालय के वाइस चेयरमैन अनूप राय, प्रधानाचार्या अभिलाषा सिंह सहित अनेक अतिथि, अभिभावक एवं समाजसेवी उपस्थित थे। सरस्वती पूजा की पावन गरिमा के बीच कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे समाज सेवा के प्रति लोगों में उत्साह और सकारात्मक संदेश गया।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में सड़क सुरक्षा पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा / सोनभद्र** - शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र में महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा पर आधारित भाषण प्रतियोगिता ,नुक्कड नाटक प्रतियोगिता एवं रील बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसका संचालन सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉक्टर आलोक यादव ने किया ।जिसमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, राजकीय महाविद्यालय दुद्धी ,ननकू राम पीजी कॉलेज एवं वनवासी पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर (डॉ ) प्रमोद कुमार द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया, तत्पश्चात सड़क सुरक्षा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओ की शुरुआत हुई। जिसमें सैकडो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।निर्णायक मंडल में मीरा यादव ,डॉक्टर विकास कुमार, डॉक्टर विभा पांडे, डॉक्टर मिथिलेश कुमार गौतम ,डॉक्टर ओम शंकर तिवारी इत्यादि ने मिलकर निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग किया। प्रमाण पत्रों के लेखन एवं विजेताओं को मेडल आवंटन में डॉक्टर संघमित्रा ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया ।भाषण प्रतियोगिता में राजकीय पीजी कॉलेज ओबरा की बिनु तिवारी ने प्रथम , राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के शिवम कुमार ने द्वितीय एवं रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । रील प्रतियोगिता में राजकीय पीजी कॉलेज ओबरा के विकास कुमार ने प्रथम , राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के रोहित कुमार ने द्वितीय एवं शिवम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में राजकीय पीजी कॉलेज ओबरा की सीमा यादव की टीम ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के रोहित कुमार की टीम ने द्वितीय तथा राजकीय पीजी कॉलेज ओबरा की मोनिका गुप्ता की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर सुभाष राम ने समारोहक की भूमिका निभाई एवं प्रतियोगिताओं के संचालन में उपेंद्र कुमार, डॉ विनोद कुमार सिंह एवं डॉक्टर अंजली मिश्रा, डॉक्टर वैशाली शुक्ला, डॉ संतोष कुमार सैनी ने सहयोग किया। इन प्रतियोगिताओं में प्राध्यापकगणों के साथ साथ राजेश्वर रंजन ने प्रतिभागियों ,प्राध्यापकों एवं कॉलेज में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं के लिए जलपान की व्यवस्था की । इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, महेश पांडेय, सरफुद्दीन , मनीष कुमार इत्यादि कर्मचारीगण व छात्रावास के छात्र एवं महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनपद में 25 जनवरी, 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम My India, My VoteÓ with the tagline of Citizen at the Heart of Indian Democracy, के आधार पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -उप जिला निर्वाचन अधिकरी सोनभद्र ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2026 को जिला, तहसील और बूथ स्तर पर मनाया जायेगा, जिला स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम कलेक्टेऊट प्रांगण, लोढ़ी में आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने हेतु विभिन्न अधिकारियों द्वारा कार्यों का सम्पादन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु My India, My VoteÓ with the tagline of Citizen at the Heart of Indian Democracy, के विषय पर विभिन्न गतिविधियां यथा निबन्ध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन सुनिश्चित किया जाय। स्कूल/कालेजों में पुनरीक्षण-2026 हेतु युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेंजर/रोवर्स तथा एन.एस.एस./स्काउट गाइड के को-आर्डिनेटर्स को मतदाता दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। जनपद स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 का आयोजन कलेक्टेऊट प्रांगण, लोढ़ी, सोनभद्र में किया जायेगा। उक्त संस्थान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सम्बन्ध में वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक, गायन प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उक्त कार्यक्रम हेतु कम से कम 1000 छात्र/छात्राएं जनपद के विभिन्न कालेजों से प्रतिभाग करेगें तथा बच्चों के बीच होने वाली प्रतियोगिता में विजेता संस्थान के बच्चों को ट्राफी आदि पुरस्कार दिये जायेगें। उक्त कार्यकम के समापन के उपरान्त विभिन्न कालेजों/ संस्थानों के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरियॉ निकालते हुए शहर में भ्रमण किया जायेगा। आयोजन स्थल पर वोटर रजिस्टेऊशन सेण्टर स्थापित किया जाएगा, जिसमें छूटे हुए मतदाताओं के नाम तत्काल दर्ज कर दिए जाए। आयोजन स्थल पर प्रत्येक विधानसभा से 4 से 5 बी0एल0ओ0 उपस्थित रहेगें। उन्होंने बताया कि कम से कम 100 सफाई कर्मचारियों द्वारा बाइक रैली आयोजन स्थल से रवाना होकर शहर में भ्रमण करेंगी, इसके लिए पूर्व से रूट निर्धारित कर लिये जाय। सफाई कर्मचारी कलेक्टेऊट स्थित टेऊजरी कार्यालय के सामने ग्राउण्ड में खडे रहेगें। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पुनरीक्षण-2026 में 18 वर्ष के पहली बार बने नये मतदाताओं को, दिव्यांग मतदाताओं एवं थर्ड जेण्डर मतदाताओं को बैज लगाकर व मतदाता फोटो पहचान-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन में जनपद स्तरीय नामित ऑइकन को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु अनुरोध किया जाये तथा उनके माध्यम से मतदाताओं के लिए मैसेज प्रसारित कराया जायेगा। जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0, जिन्होंने 100 प्रतिशत मृतक मतदाता, 100 प्रतिशत डुप्लीकेट मतदाताओं का अपमार्जन, 100 प्रतिशत 80. मतदाताओं का सत्यापन तथा ईपी रेशियों, जेण्डर रेशियों तथा एस0आई0आर0 में उत्कृष्ट कार्य किया हो उन्हें मतदाता दिवस पर सम्मानित किया जाएं एवं उसी प्रकार मतदाता जागरूकता एवं पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाय। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, मेहंदी, पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता आदि के साथ सेल्फी प्वांइट विशेष रूप से चूक् तिपमदकसल बनाया जाएं आयोजित प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मण्डल का भी गठन कर लिया जाय। उक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफी भी जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करायेगें। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन स्थल पर बैनर/हॉर्डिंग, पोस्टर, पम्पलेट आदि के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले स्थल पर पानी पीने हेतु आर0ओ0 जार की व्यवस्था, पानी की बोतल तथा पानी के टैंकर एवं मोबाइल ट्वाइलेट की व्यवस्था की जाय। आयोजन स्थल में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अधिकारियों/कर्मचारियों के चाय-नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी।

# इक्यावन कुंडीय हवन यज्ञ के साथ सरस्वती पूजन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** नगर के सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य सरस्वती पूजन एवं इक्यावन कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों छात्र-छात्राओं ने हवन कुंड में आहुतियां देकर मां सरस्वती का आह्वान किया।

विद्यालय परिसर में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा हवन कुंड स्थापित किए गए, जहां केंद्रीय यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक आहुतियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। हवन में घी, तिल, कपूर, गुग्गुल, चंदन सहित विभिन्न हवन सामग्रियों की आहुतियों से संपूर्ण वातावरण शुद्ध हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने मुख्य यजमान के रूप में आहुतियां प्रदान कीं। नवनियुक्त प्रबंधक बैकुंठनाथ, अध्यक्ष मुन्नीलाल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सतीष गौड़ ने भी यज्ञ में सहभागिता की। आचार्य विश्वजीत तिवारी ने मुख्य पुरोहित के रूप में यज्ञ संपन्न कराया।

कार्यक्रम के उपरांत नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं वीर हकीकत राय की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में समस्त आचार्यगण, छात्र एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संयोजन जितेंद्र मिश्र ने किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा नेता जी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में मां भारती के वीर सपूत आजाद हिंद फौज के संस्थापक व महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 129वी जयंती धूमधाम से मनाई गई! जिसके क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उनकी वीरता, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की। नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के माध्यम से भारतीय सैनिकों को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा तैयार किया। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस का जीवन और कार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी शिक्षा कोलकाता और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पूरी की। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा तैयार किया। सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और 'चलो दिल्ली' का नारा दिया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव, महेंद्र प्रसाद यादव,शिवपूजन सिंह, राम गुल्ली यादव, सतपाल यादव, नवीन पाण्डेय, टीटू गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, कामता प्रसाद, बीपी सिंह, शांति वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लव जिहादी को फांसी दो, टाइगर को टॉमी बनाओ के लगे नारे



**कोंच(जालौन)**- प्रदर्शनकारी हिंदू समाज के लोग जुलूस में जोरदार नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रदर्शनकारी लव जिहादी को फांसी दो, रिजवान उर्फ टाइगर को टॉमी बनाओ जैसे नारे लगाते हुए अपने गुस्से का इजहार कर रहे थे।

**परिजनों ने दिखाई रिजवान के साथ युवती के फोटोग्राफ्स और चैटिंग**

प्रदर्शन के दौरान सरोजनी नायडू पार्क और तहसील में जमीन पर बैठे पीड़ित परिजन अपने हाथों में आरोपी रिजवान और युवती के साथ की तमाम फोटोग्राफ्स और सोशल मीडिया पर हुई चैटिंग के प्रिंटआउट लिए हुए थे, जो यह साबित कर रहे थे कि रिजवान इस युवती से राखी बंधवा कर उसे अपनी बहिन मानने का सिर्फ स्वांग रचता था।

**लव जिहाद मामले की जांच के बाद होगी सख्त कार्यवाही- एसडीएम, सीओ**

पूरे मामले में एसडीएम ज्योति सिंह का कहना है कि गंभीरता से पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाए जाने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिए हैं, लव जिहाद मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य निकल कर सामने आएंगे सख्त कार्यवाही की जाएगी। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि लव जिहाद के पहलू पर तेजी से जांच की जा रही है, जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### संस्कृत पाठशाला के नवीन भवन निर्माण हेतु विधायक ने किया भूमि पूजन



**कोंच(जालौन)**- नगर की रामकुंड कॉलोनी में प्रस्तावित संस्कृत पाठशाला के नवीन भवन निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने शुक्रवार को भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि एवं पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे जिन्होंने विद्वतजनों द्वारा उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन कर भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत सौभाग्य है कि विद्या की अधिष्ठात्री वीणवादिनी मां सरस्वती की आराधना के दिन (बसंत पंचमी) संस्कृत पाठशाला के नवीन भवन निर्माण की नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से प्रासंगिक और प्राचीन संस्कृति व सभ्यता से जुड़ी संस्कृत शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा के लिए यह कार्य बेहद जरूरी साबित होगा। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर में संस्कृत पाठशाला का पुराना भवन जीर्णशीर्ण अवस्था में था, नये व्यवस्थित भवन का निर्माण होने से संस्कृत शिक्षा को एक नई दिशा मिलेगी। इससे पूर्व पाठशाला के प्रबंधक ज्ञानेंद्र सेठ, कार्यवाहक अध्यक्ष राममोहन रिछारिया ने विधायक एवं पालिकाध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, आनंद सेठ, बादाम कुशवाहा, अमित उपाध्याय, माधव यादव, सुमित रिछारिया, दंगल यादव, नरेश वर्मा, नीरज खरे, शिक्षिका प्रतीक्षा पाठक, वंदना अग्रवाल, विकास पटेल, गौरी चबोर, अरविंद निरंजन मुनिया, ओपी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### निधन पर सक्षम ने जताया शोक

**ललितपुर।** सक्षम के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सहकारी बैंक के पूर्व सभापति एवं विद्यालय प्रबंधक महेंद्र सिंह बुंदेला की पूज्यनीय माताजी मां साहब के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। महामंत्री अजय जैन साइकिल ने कहा कि मां साहब पूरे ग्राम जाखलौन के लिए प्रेरणास्रोत थी। गांव वालों की मदद में सदैव अग्रिणी रहती थी। इसी क्रम में पूर्व प्राचार्य नेहरू महाविद्यालय प्रो.भागवत नारायण शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर उनकी शिक्षा एवं समाज सेवा क्षेत्र में विशेष योगदान पर नमन किया गया। इधर पत्रकार कुन्दन पाल की पूज्यनीय माताजी के निधन पर भी सक्षम पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। साथ ही शोक संतृत्व परिवार को धैर्य धारण करने के लिए ईश्वर से कामनाएं की गयीं। सभा में अजय जैन साइकिल, अक्षय अलया, रवींद्र जैन, ध्रुव साहू, गोविंद व्यास, मनोज जैन, दिलीप जैन, अनुज जैन आदि ने श्रद्धांजलि व्यक्त की एवं आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# युवती के अगवा मामले में आक्रोशित हिंदू समाज उतरा सड़कों पर, किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**● आरोपी बर्खास्त सपा यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष पर कड़ी कार्यवाही के लिए 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- बीते कुछ दिनों पूर्व नगर से एक हिंदू युवती का मुस्लिम युवक द्वारा अगवा किए जाने का मामला अब दिनों दिन तूल पकड़ता जा रहा है। पूरे मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के बावजूद एक आरोपी को हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। लोग खुलकर इसे लव जिहाद का मामला बता रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर हिंदू समाज के सैकड़ों लोग शुक्रवार को पीड़ित परिवार के समर्थन में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी सरोजिनी नायडू पार्क से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरोपी मुस्लिम युवक रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर (बर्खास्त जिलाध्यक्ष सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड) और उसके एक अन्य साथी उस्मान कुरैशी के खिलाफ पुलिस ने पहले एफआईआर दर्ज की थी। इसके बावजूद रिजवान को कोतवाली से छोड़े जाने से निष्पक्ष जांच पर सवाल खड़े हो गए हैं। हिंदू समुदाय ने मामले को 'लव जिहाद' बताते हुए आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्योति सिंह और सीओ परमेश्वर प्रसाद को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी सपा नेता रिजवान को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ ठोस और कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण रहा, हालांकि प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में बनी रही। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र बबेले, मंत्री रंजन गोस्वामी, सनाढ्य सभा के अध्यक्ष महेश तिवारी पिरौना, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विज्ञान विशारद सीरौठिया, अमित उपाध्याय, आशुतोष रावत, अंशुल शुक्ला खुर्द, मोनू पंडित, जग्गू दादा, राहुल तिवारी, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, अखिलेश बबेले, ठाकुर शिशिर प्रताप सिंह, संतोष तिवारी, आकाश उदैनिया, आकाश बुधौलिया, गौरव सोनी, अर्जुन, ऋषि त्रिपाठी, कपिल महाराज, रोहित, अतुल, सिद्धार्थ नगाइच, राजेंद्र द्विवेदी, देवेंद्र बबेले, शिवम, भास्कर दुवे, राजा तिवारी, चंदन सोनी, आकाश पांडे, अमरेंद्र दुवे, मिरकू महाराज, निशू तिवारी, पारस दुवे, नरेंद्र विश्वकर्मा, राजा नगाइच, विवेक तिवारी, रामजी गुप्ता, संतोष दीक्षित, शीलू उदैनिया, जीतू गुप्ता, प्रधव मिश्रा एड, मुकेश झा, नंदू तिवारी, गोलू शुक्ला खुर्द, दीपू गोस्वामी, निखिल सोनी, श्रीनारायण दीक्षित सहित सैंकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे। शांति और सुरक्षा को देखते हुए कोतवाल अजीत सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, एसएसआई ,,,,मंडी चौकी प्रभारी नीतीश कुमार आदि पुलिस बल के साथ चौकन्ने रहे। प्रदर्शन को देखते हुए एलआईयू की टीम भी सक्रिय रही।

### जमीनी विवाद को लेकर पूरे परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला

**महिला की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर**

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पटसेमरा में रहने वाली हल्ली पत्नी श्यामलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 22 जनवरी को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव के उम्मेद पुत्र चिन्टा, लाडो पत्नी उम्मेद, अजय व सौरभ पुत्रगण उम्मेद एक राय होकर उसके घर में घुस आये और जमीनी विवाद को लेकर गालियां देते हुये धमकाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस दौरान उसकी बहू मनीषा व पति श्यामलाल बचाव करने पहुंचे तो उनके सिर में कुल्हाड़ी से जानलेवा प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गयीं और पति का पैर भी टूट गया। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव किया, जिस पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 115 (2), 117 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बसंत पंचमी पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की हुई पूजा अर्चना

**●अखंड रामायण पाठ के उपरांत बांटा गया प्रसाद**

**नासिका एवं कर्ण छेदन के हुए कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बसंत पंचमी के दिन लोगों, खासकर बालक-बालिकाओं ने सुबह स्नानादि से निवृत होकर पीले वस्त्र धारण कर विद्या बुद्धि की देवी वीणादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा/चित्र पर तिलक वंदन व पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना करते हुए प्रसाद अर्पित किया और सर्व ज्ञान बुद्धि विद्या हेतु प्रार्थना की। स्थानीय अमरचन्द महेश्वरी इंटर कॉलेज में प्रतिष्ठापित माँ सरस्वती देवी मंदिर पर गत बर्षो की भांति इस बर्ष भी अखंड रामायण का पाठ किया गया।शुक्रवार की दोपहर से प्रारंभ रामायण पाठ का समापन शनिवार की शाम पुजारी जयनारायण मिश्र द्वारा उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच हवन पूर्णाहुति के साथ पूर्ण हुआ, तदुपरांत भंडारा प्रसाद बांटा गया। रामायण पाठ में कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक व कॉलेज में माँ सरस्वती मंदिर की स्थापना कराने वाले ग्यासीलाल यागिक समेत कॉलेज स्टॉफ सदस्य, बालक बालिकाएं आदि शामिल रहीं। सरस्वती विद्या मंदिर, बालिका विद्या मंदिर, विवेकानंद द ग्लोबल कॉलेज, मदर्स प्राइड, सूरज ज्ञान ग्रुप ऑफ कॉलेज, सेठ बद्री प्रसाद डिग्री कॉलेज के अलावा नगर के अन्य कई स्थानों पर भी बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। उधर, नगर में प्रभंजन ज्वैलर्स सहित तमाम आभूषण प्रतिष्ठानों पर नासिका और कर्ण छेदन कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क रूप से कन्याओं को उपहार स्वरूप नाक-कान की बालियां भेंट की गई।

### जिला परिषद इंटर कॉलेज में नव निर्मित हॉल का हुआ उद्घाटन

**● विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नदीगांव(जालौन)**- नदीगांव कस्बे में संचालित जिला परिषद इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा नव निर्मित टीनशेड युक्त मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप पप्रजवल्लित किया, तदोपरांत उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच नव निर्मित हॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि टीनशेड युक्त बड़ा हॉल बन जाने से अब विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं को सर्दी गर्मी और बारिश के मौसम में प्रार्थना सभा एवं अन्य विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्यालय की आवश्यक सुविधाओं में हॉल का निर्माण आवश्यक था। इससे पूर्व विधायक स्टॉफ सदस्यों द्वारा विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सहित जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ मनीष दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग खरे, रामचंद्र दीक्षित, बादाम कुशवाहा, बाबूराम पाल, अमित कुशवाहा, विपिन पटेल, जितेंद्र निरंजन, नारायण सिंह, अनिल पटेल, अभियंता इं. नगीना राम, इं. अशोक कुमार, चंद्रशेखर चतुर्वेदी, कमलेश निरंजन, लोकेंद्र ठाकुर, मानसिंह कुशवाहा, विनायक शुक्ला, शिवम राजावत, मोहित झा आदि लोग मौजूद रहे।

### पश्चिम बंगाल के अनूप विश्वास ने नाराहट के लोगों पर दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर कोतवाली से एफआईआर नं. 06/2025 को ललितपुर के नाराहट थाने में स्थानान्तरित की गयी है। इस एफआईआर में पश्चिम बंगाल के जिला नादिया अंतर्गत डाकघर कालीरहाट के इटाला उत्तरपारा में रहने वाले अनूप विश्वास पुत्र लेफ्टिनेंट नृपेन विश्वास ने बताया कि ललितपुर जिले के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम खिरिया उवारी डाकघर पटना निवासी मन्नू पटेल पुत्र बालचंद्र, सुजान सिंह पुत्र जनसिंह, डा.रामनिवास पुत्र कामता, बोदरी पुत्र गोपी, रामकांता पुत्र बोदरी ने 4 नवम्बर 2022 को लगभग अपराह्न 3 बजे मन्नू पटेल उसके घर आया और चाबी मांगी। विरोध करने पर उक्त लोग जबरन उसके घर में घुस आए और दरवाजा तोड़कर घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया और उसे धमकाया। मामले की सूचना पीड़ित ने थाना कोतवाली नादिया को दी। अनूप विश्वास की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (4), 117 (2), 324 (4), 351 (2) व 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## यूजीसी के इक्विटी रेगुलेशन एक्ट पर अधिवक्ताओं की आपत्ति, राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर**- कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन तहसील गोला के अधिवक्ताओं ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा पारित इक्विटी रेगुलेशन एक्ट 2026 के विरोध में बार एसोसिएशन अध्यक्ष रंतिदेव मिश्र के नेतृत्व में एक ज्ञापन तहसीलदार सत्येंद्र मोर्य को सौंपा। एसोसिएशन की ओर से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गोला के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने अवगत कराया कि यूजीसी द्वारा पारित उक्त अधिनियम बीते 15 जनवरी से देशभर के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों में लागू कर दिया गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि समानता के नाम पर लाए गए इस कानून में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के प्रति अत्यधिक उदारता बरती गई है, जिससे शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता प्रभावित होने की आशंका है।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस कानून के तहत एक विशेष वर्ग को ऐसे कानूनी अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिनका दुरुपयोग कर अन्य वर्गों के विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से आपराधिक मामलों में फंसाया जा सकता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में इस प्रकार के प्रावधान छात्रों की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बाधित कर सकते हैं तथा आरोप मात्र के आधार पर एफआईआर दर्ज हो जाने से मेधावी विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जांच समितियों में सभी सदस्य एक ही वर्ग से होने की स्थिति में निष्पक्ष जांच पर प्रश्नचिह्न लग सकता है, जिससे मानसिक उत्पीड़न, शिक्षा से वंचित होना तथा सामाजिक वैमनस्य फैलने जैसे दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। अधिवक्ताओं ने आशंका जताई कि इससे बच्चों में हीनभावना उत्पन्न होगी और समाज में असंतोष बढ़ेगा। कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने कहा कि इस कानून के संभावित दुष्परिणामों से अधिवक्ता वर्ग भी चिंतित और प्रभावित है। ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता आमोद गौड़, अरूण मिश्र, गणेश शंकर भारती, सुनील तिवारी, रामलखन राय, रविन्द्र दूबे, गिरिजेश शाही, श्रीनिवास पाण्डेय आदि उपस्थित रहें।

### मजदूरी से लौट रहे भाइयों पर हमला

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरू नगर क्षेत्र के रहने वाली वती पत्नी स्व.भगवानदास अहिरवार ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 21 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र जितेन्द्र व महेन्द्र मजदूरी करके घर लौट रहे थे। तभी रेलवे ब्रिज पर नेहरू नगर निवासी जुगला पुत्र अखिलेश अहिरवार ने अपने अज्ञात साथियों के साथ उसके पुत्रों जितेन्द्र व महेन्द्र को रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके दोनों पुत्रों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में अंधरूनी चोटें आयीं। पुत्रों को मुंह, आंख के पास व हाथ-पैर में चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्रों को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## रुपये उधार देना पड़ गया महंगा, कनपटी पर तमंचा लगाने का आरोप

**●पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले रोहित यादव उर्फ निक्की पुत्र स्व.दिनेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि करीब 2-3 वर्ष पहले जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित भूपेन्द्र तिवारी के कार्यालय में उसकी मुलाकात थाना जखौरा के ग्राम करमुहारा व हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी निवासी गोलू उर्फ सत्यभान यादव पुत्र रणवीर सिंह से हुयी थी। कुछ ही समय में गोलू अपने अन्य साथियों के साथ उससे मिलने-जुलने लगा। बताया कि माह जनवरी 2024 में गोलू ने उससे 50 हजार रुपये उधार मांगे, तब उसने अपने मोबाइल के जरिए 40 हजार रुपये दिया। माह अप्रैल में फिर 50 हजार रुपये उधार मांगा तो उसने 40 हजार रुपये और 55 हजार रुपये नकद उससे लिये। कुल 1 लाख 35 हजार रुपये फोन व नकद के रूप में लेकर गोलू नहीं मिला। बताया कि जुलाई में जब उसने रुपये वापस मांगे तो गोलू उर्फ सत्यभान ने काफी टालमटोल करते हुये फोन के जरिए 8 हजार रुपये वापस दिया। शेष 1 लाख 27 हजार रुपये बाद में देने की बात कही। अक्टूबर 2025 में जब उसने गोलू से रुपये मांगे तो सत्यभान उर्फ गोलू ने आक्रोशित होकर उसके साथ गालियां देते हुये धमकाने लगा और रुपये दोबारा मांगने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। तब उसने कुछ समय और दिया। दो दिन में रुपयों की व्यवस्था करने की बात कही। आरोप है कि 22 दिसम्बर को वह अपने दोस्त जाखलौन निवासी दुष्यंत सिंह के साथ ओवरब्रिज से जेल रोड जा रहे थे, जहां सत्यभान ने उसे रोक लिया और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर रुपये मांगे। रुपये न होने की बात कहने पर गोली मारने की धमकी दी। उसने अपनी जान बचाने के लिए जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये गोलू को दिया। इस पर गोलू उसे धमकाते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। रोहित यादव की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3), 126 (2) व 308 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मकान लोन के चैक को कूटरचना कर धोखाधड़ी से भुनाने के प्रयास का आरोप

**●यू.पी. ग्रामीण बैंक पठा के मैनेजर ने न्यायालय से दर्ज कराया मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उ.प्र. ग्रामीण बैंक पठा में मैनेजर पद पर तैनात दीपेन्द्र मिश्रा पुत्र भगवानदास मिश्रा ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर करते हुए अवगत कराया कि इसके पहले वह उ.प्र. ग्रामीण बैंक की बानपुर शाखा में प्रबंधक पद पर तैनात रहा है। बताया कि बानपुर में बी.सी. के पद पर तैनात रहा ग्राम पड़वां महरौनी निवासी स्व.पुरुषोत्तम पुत्र संजीव का बैंक में आना-जाना बना रहता था और इसी के चलते उसका प्रबंधक के घर भी आना-जाना रहता था। इसी दौरान उसका ट्रान्सफर उ.प्र.ग्रामीण बैंक पठा में हो गया। आगे बताया कि 18 सितम्बर 2025 को पुरुषोत्तम नारायण की पत्नी रचना कुमारी का एक नोटिस एड. कैलाश नारायण के जरिए प्राप्त हुआ, जिसमें कथन किया गया था कि नोटिस दाता रचना कुमारी के पति पुरुषोत्तम नारायण से बैंक प्रबंधक की मित्रता थी और वह पैसों के लेन-देन करते थे। इस सम्बन्ध में बैंक प्रबंधक ने पुरुषोत्तम नारायण से 18 लाख रुपये उधार लिये थे, जिस सम्बन्ध में एक चैक 2 जुलाई 2025 को अपने हस्ताक्षर करके उसके पति को दिया था। पुरुषोत्तम नारायण की अचानक तबीयत खराब होने के कारण 9 अगस्त 2025 को उसकी मृत्यु हो गयी और रचना कुमारी ने 12 सितम्बर 2025 को उक्त चैक पंजाब नेशनल बैंक महरौनी में लगाया, जो कि बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया। पुरुषोत्तम नारायण बैंक (बिजनेस करस्पान्डेंट) के पद पर कार्यरत था, जिससे उसका बैंक व उसके घर आना-जाना रहता था। इसका लाभ उठाते हुये उसकी चैकबुक में से बाकी चैक छोड़कर उक्त चैक संख्या 005698 चुराकर अपने साथ ले गया और रख लिया। पुरुषोत्तम की मृत्यु पश्चात रचना कुमारी ने वकील के माध्यम से उक्त चैक को कूटरचना कर भरते हुये धोखाधड़ी से रुपये निकालने का प्रयास किया, जबकि ऋण खाते का कोई चैक नहीं होता है। जो चैक बैंक में प्रस्तुत किया गया, वह सिर्फ लोन के लिए उपयोग होता है। उक्त खाता उसने मकान के लिए लोन लेने के लिए खुलवाया था, जिसका यह चैक था। आरोप लगाया कि रचना कुमारी ने जालसाजी करते हुये उक्त लोन वाले चैक को भुनाने का प्रयास किया। बताया कि उक्त नोटिस का जबाव उसने 9 अक्टूबर 2025 को अपने वकील के माध्यम से दे दिया और घटना की सूचना 11 नवम्बर 2025 को कोतवाली ललितपुर व एसपी को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3) व 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बसंत पंचमी पर आरती लाइब्रेरी में श्रद्धा और ज्ञान का संगम, सरस्वती पूजन से गूंजा परिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शहर स्थित आरती लाइब्रेरी एंड स्टडी सेंटर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन, हवन एवं सरस्वती वंदना का भव्य आयोजन किया गया। पीतवर्णी वस्त्रों, पुष्पों और सुसज्जित वेदी के बीच संपन्न इस आयोजन ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक और प्रेरणादायी वातावरण से भर दिया। कार्यक्रम की अगुवाई लाइब्रेरी की निदेशिका श्रीमती आरती मिश्रा ने की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर विद्यार्थियों की ज्ञान-वृद्धि, सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजन उपरांत श्रीमती आरती मिश्रा ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में संस्कार, अनुशासन और विवेक विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्रों को लक्ष्य के प्रति निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। छात्रों ने भी बसंत पंचमी के सांस्कृतिक और शैक्षणिक महत्व पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, सृजन और नवचेतना का पर्व है, जो विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दिन माँ सरस्वती की आराधना से विद्या, कला और विवेक का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर राहुल मिश्रा, विशाल मिश्रा, नम्रता पाण्डेय, तनीषा मिश्रा, हर्षिता पाण्डेय, रुद्र, वायु सहित अन्य गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं। सभी ने शिक्षा के प्रति समर्पण, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## गोरखपुर शूटआउट केस में सनसनीखेज खुलासेः बर्थडे पार्टी में गोली चलाने वाली युवती निकली शातिर ब्लैकमेलर, 5 साल में 150 लोगों को फंसाने का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** – गोरखपुर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघड़िया में युवक के बर्थडे पर गोली चलाने की घटना अब एक बड़े साइबर ब्लैकमेलिंग रैकेट की परतें खोल रही है। इस मामले में गिरफ्तार युवती अंशिका सिंह को लेकर पुलिस जांच में एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अंशिका के मोबाइल फोन से बड़ी संख्या में अश्लील फोटो और वीडियो बरामद हुए हैं। सख्त पूछताछ में अंशिका ने स्वीकार किया कि वह लोगों को जाल में फंसाकर न्यूड वीडियो कॉल करती थी, फिर कॉल को रिकॉर्ड कर ब्लैकमेलिंग के जरिए पैसे वसूलती थी। अंशिका ने कबूल किया कि उसने पिछले करीब 5 सालों में 150 से ज्यादा लोगों को इस तरह अपना शिकार बनाया।

**पुलिसकर्मी भी जाल में फंसे**

जांच में यह भी सामने आया है कि इस ब्लैकमेलिंग नेटवर्क में अयोध्या के एक डीएसपी, गीडा थाने के थाना प्रभारी समेत 12 से अधिक पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जिन्हें वीडियो कॉल के जरिए फंसाकर मोटी रकम वसूली गई। अंशिका के मोबाइल से कई पुलिसकर्मियों के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी मिले हैं।

**कैसे हुई गोलीकांड की घटना**

बताया जा रहा है कि 20 जनवरी को अंशिका अपने दोस्तों के साथ सिंघड़िया मोड़ स्थित मॉडल शॉप के पास बर्थडे मना रही थी। इसी दौरान एक प्राइवेट अस्पताल के मैनेजर विशाल मिश्रा से उसका विवाद हो गया। कहासुनी के बीच अंशिका ने पिस्टल तान दी। छीना-झपटी में गोली मैनेजर के दोस्त के पेट में जा लगी। मौके पर मौजूद भीड़ ने अंशिका और उसके साथियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

**अस्पताल मैनेजर ने खोली पूरी कहानी**

खोराबार थाना क्षेत्र के जमुना टोला निवासी विशाल मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह द्विवेदी चाइल्ड केयर अस्पताल में मैनेजर है। कुछ समय पहले अंशिका सिंह और उसका साथी बंटी वर्मा अस्पताल आए थे और बातचीत के दौरान उसका मोबाइल नंबर ले लिया। कुछ दिन बाद अंशिका ने पिस्टल दिखाकर उससे 12 हजार रुपये मांगे और रेप के झूठे मुकदमे में



फंसाने की धमकी दी। डर के कारण विशाल ने पैसे दे दिए। 20 जनवरी को अंशिका ने फोन कर 50 हजार रुपये की मांग की और न देने पर पूरे परिवार को जान से मरवाने की धमकी दी। मजबूरी में विशाल 20 हजार रुपये लेकर तय जगह पहुंचा, जहां विवाद के बाद फायरिंग की घटना हुई।

**पुराने मामलों का लंबा आपराधिक इतिहास**

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अंशिका संतकबीरनगर, गोरखपुर और आसपास के जिलों में लंबे समय से सक्रिय थी। संतकबीरनगर में उसने कई लोगों को फर्जी केस की धमकी देकर पैसे वसूले। एक मामले में पैसे न मिलने पर पॉक्सो एक्ट में झूठा केस तक दर्ज कराया गया।

**थार चोरी और फर्जी नंबर प्लेट**

अंशिका पर पहले से भी कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। सितंबर 2025 में वह दोस्तों के साथ दिल्ली घूमने गई थी, जहां से किराए की थार लेकर लौट आई और गाड़ी वापस नहीं की। बाद में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर शहर में घूमती रही। 12 अक्टूबर 2025 को चोरी और फर्जी नंबर प्लेट के मामले में केस दर्ज हुआ था। उसके दो साथी पहले ही जेल जा चुके हैं।

**सोशल मीडिया का दिखावा**

अंशिका को सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौक था। उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 700 से ज्यादा वीडियो मौजूद हैं, जिनमें वह लग्जरी लाइफस्टाइल और महंगे शौक दिखाती थी। पुलिस का मानना है कि इसी दिखावे के लिए वह ब्लैकमेलिंग से मोटी रकम जुटाती थी। इस पूरे मामले पर अभिनव त्यागी ने बताया कि मोबाइल डेटा, कॉल डिटेल और बैंक लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। अंशिका को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसका साथी बंटी वर्मा समेत 5 आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में इस केस में और भी बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया



**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में दि. 23.1.2026 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संस्थान प्रांगण में स्थित विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का प्रो.सीमा परोहा, निदेशक द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा आराधना की गई। इस



अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो.सीमा परोहा ने कहा कि हम सभी मां भारती से विद्या और ज्ञान प्राप्त करते हैं इसलिए यह दिवस भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व का है। उत्तरायण होते हुए सूर्य और मां सरस्वती का आशीर्वाद आप सबके जीवन में ज्ञान-विज्ञान का भंडार भर कर अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर दे।इस विशेष आयोजन में निदेशक के साथ प्रो.अशोक कुमार, डॉ. विनय कुमार, अनूप कुमार कनौजिया, संजय चौहान, डॉ.अनंत लक्ष्मी रंगनाथन, विवेक प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, अखिलेश कुमार पांडे, आशीष कुमार शुक्ला, बृजेश सिंह, डॉ.लोकेश बाबर एवं अंबरीष कुमार अस्थाना सहित बड़ी संख्या में संस्थानकर्मी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में मल्लिका द्विवेदी, दया शंकर मिश्र एवं उमेश चंद्र पांडे का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## रूमा औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों की शिकायते



**घाटमपुर।** कानपुर के रूमा स्थित यूपीएसआईडीसी, औद्योगिक क्षेत्र में निमार्ण कार्य की धीमी गति और लापरवाही को लेकर उद्यमियों ने शिकायते की है,इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यूपीएसआईडीसी, के अधिकारी सुनील यादव रूमा पहुंचे, उन्होंने मौके पर निरीक्षण कर उद्योगपतियों से बात चीत की ,, बातचीत के दौरान उद्यमियों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या प्लाट का कब्जा न मिलना है, पैसे जमा करने और भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बावजूद उन्हें अब तक प्लाट। नहीं मिले , इससे उद्योगों की स्थापना में बांधा आ रही है, उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्र में नाली निर्माण के दौरान कई रैंप तोड़े जाने की शिकायत भी की, इससे माल लान ले जाने में कठिनाई हो रही है, उन्होंने जल निकासी,की ख़राब व्यवस्था और लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का भी मुद्दा उठाया, अधिकारी सुनील यादव ने इन सभी मुद्दों पर चर्चा की , उन्होंने मौके पर जाकर स्थित का जायजा लिया, और संबंधित कर्मियों को व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने का निर्देश दिए,इस बैठक में तिरंगा समूह के ब्रजेंद्र शर्मा, बद्री प्रसाद शुभ, हरजोत सिंह , सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे हैं।

## कानपुर में हवाला का दो करोड़ रुपया, 61 किलो चांदी व नेपाली करेंसी बरामद, पांच गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में बड़ी मात्रा में हवाला का पैसा, चांदी व नेपाली करेंसी प्राप्त हुई है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है तथा पुलिस को अन्य लोगों की तलाश है। पुलिस का कहना है कि अभी इसमें और लोगों के शामिल होने की संभावना है जिनकी तलाश की जा रही है। अपर पुलिस उपायुक्त सुमित सुधाकर रामटेक ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से अवैध धन संग्रह की लगातार सूचनाएँ मिल रही थीं। पुलिस ने कार्रवाई की, कार्रवाई के दौरान लगभग दो करोड़ रुपये नकद तथा 61 किलोग्राम चाँदी, जिसकी कीमत भी लगभग दो करोड़ रुपये है, बरामद की गई है। इस मामले में पाँच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ नेपाली मुद्रा भी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। प्रकरण में पूछताछ एवं विधिक कार्रवाई जारी है और आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अपराधियों के खिलाफ सक्रिय बर्रा पुलिस, एसटीएफ के साथ कार्रवाई में इनामी विपिन टेड़ी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी बर्रा पुलिस की निरंतर सक्रियता ने बरदान गैलेक्सी में फायरिंग में वांछित अभियुक्त 50,000/- रूपये का इनामिया को एस टी एफ के साथ मिलकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए साथी अपराधी पर बर्रा समेत विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 16 से अधिक मुकदमे भी दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अपराधियों के खिलाफ पुलिस को मिली यह महत्वपूर्ण सफलता पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं नौबस्ता के सहायक पुलिस आयुक्त चित्रांसू गौतम के निर्देशन में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सक्रियता और तत्परता का परिणाम है ,जिसमें अग्रणी बर्रा के प्रभारी इंस्पेक्टर रवीन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व वाली तेज तर्रार टीम में शामिल बर्रा के चौकी इंचार्ज विकास शर्मा, सब इंस्पेक्टर अंकुर विहान, संदीप कुमार सेन, प्रियांशु शुक्ला, विकास सिंह तथा एस टी एफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राहुल परमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सोलंकी, अरविन्व सिंह, अशोक राजपूत, चन्द्र प्रकाश, कांस्टेबल सत्यम यादव और चालक धर्मेन्द्र की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कई संगीन धाराओं के संबंधित मुकदमे में थाना बर्रा से काफी समय से वांछित चल रहे 50 हजार के इनामियां अभियुक्त विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी पुत्र बीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बाघ थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात हाल पता एफ ब्लाक 826 बर्रा 8 माली बाली गली थाना गुजैनी को सिद्धी विनायक गेस्ट हाउस अर्रा थाना क्षेत्र हनुमन्त बिहार से गिरफ्तार करने जैसी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। इस गिरफ्तार शातिर विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी के विरुद्ध जनपद के अन्य थानों में भी 16 मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस उसके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**सुल्तानपुर-** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के दूल्हापुर गांव में शुक्रवार दोपहर 35 वर्षीय ज्ञान चंद्र का शव उनके घर के सामने एक पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने दोपहर करीब 3 बजे ज्ञान चंद्र को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद तत्काल दोस्तपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। दोस्तपुर थाने के उप निरीक्षक जगदीश सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक ज्ञान चंद्र मजदूरी का कार्य करता था और अपने ससुराल में रहता था। जानकारी के अनुसार, वह नशे का आदी बताया जा रहा था। ज्ञान चंद्र की पत्नी का नाम कंचन है। उनके दो पुत्र आर्यन और आयुष हैं। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# सड़क सुरक्षा के तहत बस स्टैंड पर लगा मेडिकल कैम्प, 80 चालकों की दृष्टि पाई कमजोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 23.01.2026 को मेजर सलमान (झकरकट्टी) बस स्टैण्ड पर प्रातः 11.00 बजे से एक मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें उजाला फाउण्डेशन द्वारा मेडिकल कैम्प लगाया गया । सर्वप्रथम जनपद कानपुर नगर के कुल 485 चालकों का स्वास्थ शिविर में परीक्षण किया गया। जिसमें 80 चालकों की दृष्टि कमजोर पायी गयी, 265 लोगों में बी.पी. की समस्या एवं लगभग 95 लोगों में शुगर की समस्या पायी गयी । जिन्हें उपचार हेतु निःशुल्क दवा का विवरण भी किया गया । इस प्रकार आज के इस मेडिकल कैम्प में ड़ा0 रूपेश गुप्ता, एवं अन्य मेडिकल कैम्प के चिकित्सकों /साहयकों द्वारा जांच की गयी उक्त कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 23.01.2026 को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ड्रंकन ड्राइविंग एवं अनधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध तथा अन्य अभियोगों में कार्यवाही करते हुए कुल 105 वाहनों के विरूद्ध चालान /बन्द की कार्यवाही की गयी ।

# एलआईसी का शैक्षिक सेमीनार व पुरस्कार वितरण सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में निगम का शैक्षिक सेमीनार एवं पुरस्कार वितरण गुरुवार को होटल शशांक में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।बीएम एजेन्सी के मोटीवेटर नीरज ने निगम की कई लाभकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताएं। उन्होंने सफल अभिकर्ताओं के गुण भी बताए। इस अवसर पर नूतन वर्ष प्रतियोगिता 2026 के विजेताओं को उच्च कोटि के पुरस्कार दिए गए। विकास अधिकारी राजीव आर्य ने निगम की सबसे लाभकारी स्कीम जीवन उत्सव के विषय में बताया। आर्य ने ग्राहक की प्रोफाइल बनाने को कहा। इसके अतिरिक्त क्लब मेम्बर होने के फायदे को भी सरल भाषा में विवेचित किया। जीवन बाल्य की भी चर्चा की। जिन अभिकर्ताओं ने दिसम्बर 2025 में बीमा व्यवसाय में कीर्तिमान बनाए उनको मूल्यवान उपहार (पुरस्कार) दिए गए। भारतीय जीवन होगा निगम मुख्य शाखा प्रबंधक मनोज सिंगला ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिसम्बर माह में मिली उपलब्धि के लिए बधाई दी। जो लोग अच्छा काम करते हैं वहीं उदाहरण बन जाते हैं। सिंगला ने राजीव कुमार आर्य के संघर्षशील व्यक्तित्व की भूरि- भूरि सराहना की। अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ सहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि जीवन में अधिकतम काम करने वाले ही कीर्तिमान बनाते है।एलआईसी धन और प्रसिद्धि दोनों प्रदान करती है। गोवा चलो प्रतियोगिताओ में सफल अभिकर्ताओं में नन्दकिशोर प्रणापति, बाबूलाल यादव, अशोक सिंह, पुष्पेन्द्र शुक्ला, किरन देवी मौर्य व राजकुमार तिवारी को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। बीमा सखी प्रतिमा पांडे और सरोज सिंह को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, दिनेश कुमार, संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालक व समापन मुख्य विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य द्वारा किया गया।

# सत्ता में आने पर खेल नीति को मजबूत कर हर जिले में खेल संसाधन विकसित किया जाएगा - अजय राय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** श्रीमती प्रियंका गांधी के जन्मदिन पखवारे के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय इन्दिरा कप क्रिकेट टूर्नामेंट 12 जनवरी 2026 से स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में चल रहा है द्य समापन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय सम्मिलित हुए। प्रतापगढ़ बॉर्डर से ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फतनपुर, गौरा, रानीगंज,पृथ्वीगंज व कटरा चौराहे पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।उसके उपरान्त स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी व खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी ने बुके देकर,माला व शाल ओढ़ाकर मोमेंटो देकर भव्य स्वागत सम्मान किया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन पखवारे में आयोजित इन्दिरा कप क्रिकेट टूर्नामेंट की सराहना करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी को बधाई व शुभकामनाएँ दिए ।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, भाईचारे और संघर्ष की भावना पैदा करता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की सरकार खेल और खिलाड़ियों दोनों की उपेक्षा कर रही है। भाजपा सरकार केवल घोषणाएं करती है, जबकि जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को न तो सुविधाएं मिल रही हैं और न ही सम्मान। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने पर खेल नीति को मजबूत कर हर जिले में खेल संसाधन विकसित करेगी। आगे सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से जुड़े प्रकरण यह साबित करते हैं कि मौजूदा सरकार धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और संत समाज का भी सम्मान नहीं कर रही है। सरकार की यह तानाशाही और दमनकारी नीति जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस इन मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी व कौशाम्बी जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने संयुक्त रूप से अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि प्रियंका गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इंदिरा कप प्रतियोगिता सामाजिक एकता और युवाओं को जोड़ने का माध्यम बनी है। कांग्रेस पार्टी जनता के सवालों को पूरी मजबूती से उठाती रहेगी और जनहित की लड़ाई लगातार जारी रहेगी।समापन अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, खिलाड़ी, आयोजक समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य रूप से बशीर पहलवान,डॉ प्रशान्त देव शुक्ल, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पति त्रिपाठी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिंह, एमएलसी चुनाव प्रभारी मासूम हैदर, एसआईआर प्रभारी राम शिरोमणि वर्मा,इम्तियाज भवानी शंकर दुबे, मो.हुजैफ, प्रशांत सिंह प्रिंस, सुनीता पटेल, योगेश यादव, मौलाना वाहिद, विजय शंकर त्रिपाठी, मीरा देवी गौतम, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ला,मोहम्मद वसीम, रियाज सुल्तान,अबू शमा, अरबाज आलम, शिवांशु भट्ट,फरहान प्रतापगढ़ी, मोहम्मद दिलशाद, सुरेश मिश्रा, सलमान खान, चरण सिंह यादव, रामकुमार पटेल, रविंद्र मिश्रा, मोहम्मद असलम, चंद्रनाथ शुक्ला श्याम शंकर तिवारी श्यामा देवी अब्दुल रहमान रवि प्रताप सिंह राधेश्याम स्वरूप कपिल ओझा अशोक सिंह, आशीष शुक्ला, राज गौतम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जानवरों द्वारा काटा हुआ महिला का शव झाड़ियों में पड़ा मिला

## ●थाना सेन पश्चिम पारा अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** राम रतन नगर मोहल्ला थाना सेन पश्चिम पारा के अंतर्गत आता है। दिनांक 23.01.2026 सुबह लगभग 10:00 बजे थाना स्थानीय को सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला का शव झाड़ियों में पड़ा हुआ है, जिसे जानवरों द्वारा बुरी तरह से काटा हुआ है। सूचना प्राप्त होने पर थाना स्थानीय की पुलिस टीम, फॉरेंसिक टीम, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आशुतोष कुमार, पुलिस उपायुक्त दक्षिण तथा अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा शव का भी परीक्षण किया गया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यह स्पष्ट हो सकेगा कि घटना में बलात्कार जैसी कोई बात शामिल है अथवा नहीं। वर्तमान में परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। जैसे ही परिजन तहरीर देंगे, उसके आधार पर एफआईआर पंजीकृत की जाएगी तथा शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक मंदिर में चल रहे जागरण कार्यक्रम में गई थी। शाम को वह वहां से घर लौटने के लिए निकली, लेकिन अपने घर नहीं पहुंची। महिला के पति घर पर ही रहते हैं, जिन्होंने रात्रि में उसकी तलाश करने का प्रयास किया, किंतु उस समय पुलिस को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। आज सुबह घटना की जानकारी मिली है। पुलिस की टीमें सक्रिय हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से विचार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि विकास बैंक के नव निर्वाचित अध्यक्ष को सौंपा गया प्रमाण पत्र, बैंक शाखा का किया मुआयना

**कोंच(जालौन)-** भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए भाजपा नेता अमित उपाध्याय को शुक्रवार को खंड विकास कार्यालय में पीठासीन अधिकारी/नायब तहसीलदार जितेंद्र पटेल ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ बैंक शाखा पहुंचे जहां उनका सम्मान किया गया, साथ ही अध्यक्ष ने स्टाफ सदस्यों के साथ परिचय प्राप्त कर बैंक शाखा का मुआयना भी किया। बैंक शाखा पहुंचे नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित उपाध्याय का शाखा प्रबंधक अनुराग दुवे, फील्ड ऑफिसर अमित वर्मा, रतनसेन चंदेल, अक्षय कुमार आदि ने स्वागत किया। अध्यक्ष ने स्टॅफ सदस्यों का परिचय प्राप्त कर बैंक शाखा का मुआयना कर आवश्यक जानकारी हासिल की और जरूरी दिशा निर्देश भी उन्होंने स्टॅफ सदस्यों को दिए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सुनील शर्मा, सुनीलकांत तिवारी, नरेश वर्मा, शिवसिंह कुशवाहा, नरेश मिश्रा, पवन निरंजन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नौबस्ता में डंपर की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उन्नाव से दवा लेकर लौट रहे दंपति को नौबस्ता चौराहे पर तेज़ रफ़्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी, भागने के प्रयास में डंपर ने दंपति को कुचल दिया, राहगीरों के पीछा करने पर चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने दंपति को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने पत्नी को म्रत घोषित कर दिया, वहीं पति गंभीर रूप से घायल आईसीयू में भर्ती हैं,,पनकी पड़ाव निवासी सोनी दादा नगर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते थे, परिवार में पत्नी कलावंती 40 वसूल दो बच्चे पूजा व गोलू है, भतीजे कल्लू ने बताया कि कई महीनों से चाची कलावती बीमार चल रही थी,जिस पर वह चाचा के साथ बाइक से उन्नाव दवा लेने गई थी,देर शाम दोनों घर वापसी कर रहे थे,वह नौबस्ता चौराहे के पास रेड लाइट होने के कारण रूके थे,उसी दौरान पीछे से आए अनियंत्रित डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े,भागने के चक्कर में डंपर दोनों को रौंदता हुआ भागने लगा, राहगीरों के पीछा करने पर चालक डंपर छोड़ कर फरार हो गया, नौबस्ता पुलिस दोनों घायलों को हैलट अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने महिला को म्रत घोषित कर दिया, वहीं पति गंभीर हालत में आइसीयू में भर्ती हैं।

# हवन की पावन अग्नि में संस्कारों का संकल्प - डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न इस हवन से विद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक वातावरण से परिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। माँ सरस्वती की आराधना करते हुए विद्या, बुद्धि, विवेक और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। हवन का उद्देश्य वातावरण की शुद्धता, मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सद्भावना का विकास करना रहा। भारतीय संस्कृति में हवन को मन, शरीर और वातावरण को शुद्ध करने का प्रभावशाली माध्यम माना जाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा– 'हवन से प्राप्त सकारात्मक ऊर्जा विद्यार्थियों की सोच, एकाग्रता और संस्कारों को सुदृढ़ करती है। बसंत पंचमी का यह पर्व हमें ज्ञान, सृजनशीलता और निरंतर परिश्रम की ओर प्रेरित करता है। ' उन्होंने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। हवन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन आयोजन ने विद्यालय परिसर को सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और संस्कारों से ओतप्रोत कर दिया।

## टक्कर लगने से हाथ ठेला चालक की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम काला पहाड़ में रहने वाले कैलाश पुत्र गुल्ले ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 जनवरी को उसका भाई सरमन राजघाट से चाट - टिक्की बेचकर हाथ लेकर वापस घर आ रहा था। शाम करीब साढ़े छह बजे उसका भाई राजघाट-ललितपुर रोड ग्राम चौरसिल पीर बाबा मंदिर के पास पहुंचा था कि तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1867 के चालक थाना जाखलौन के ग्राम जीरोंन निवासी सत्येन्द्र पुरोहित पुत्र स्व.हरीनारायण पुरोहित ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान सरमन को मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा टक्कर लगने से हाथ ठेला में रखा सामान भी टूट गया। वहीं बाइक चालक अपनी मोटर साइकिल मौके पर छोड़कर भाग गये। इस घटना को कई लोगों ने देखा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आज का युवा ही है भारत के भविष्य का शिल्पकार : दिनेश यादव (प्रान्त मंत्री, एबीवीपी )

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कानपुर पूर्व जिले द्वारा शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, सरसौल कानपुर नगर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती (पराक्रम दिवस) पर 'आज का युवा-आज का भारत' विषयक संगोष्ठी आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा का सामाजिक दायित्व एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कानपुर प्रान्त के प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत अपने युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और नैतिक चेतना के बल पर वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि विद्यार्थी अपनी शिक्षा को राष्ट्र, समाज और मानवीय मूल्यों से जोड़कर आगे बढ़ें, तो भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। दिनेश यादव ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्रीय चेतना के महत्व को समझाते हुए यह भी कहा कि आज के युवा को केवल करियर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी पहचानना चाहिए। उन्होंने परिषद के छात्र-कल्याणकारी एवं राष्ट्रवादी दृष्टिकोण की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य अनुभव चक, जिला प्रमुख अनुपमा गुप्ता उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी भाषा, भारतीय संस्कृति और मूल्यों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपनी पहचान को सशक्त बना सकते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला महानगर मंत्री सुधांशु त्रिपाठी, संगठन मंत्री कानपुर पूरब अर्जुन, जिला संयोजक एल्विन ज्यूड सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की गतिविधियों, छात्रहित में किए जा रहे प्रयासों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास पर विचार साझा किए।

# अमेठी की दीदी, देश की बेटी ने किया कमाल

## ●स्मृति इरानी ने दो दिन में रची मिसाल, महिलाओं के लघु उद्योगों के लिए जुटाए 20 लाख डॉलर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने एक बार फिर अपनी दूरदर्शिता, कार्यकुशलता और वैश्विक प्रभाव का परिचय देते हुए देश का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देशभर में लघु व्यवसाय संचालित करने वाली महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 10 करोड़ डॉलर के अंतरराष्ट्रीय कोष की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत लगभग एक लाख महिला उद्यमियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जाना है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को स्मृति इरानी को सौंपा गया, जिसे उन्होंने अत्यंत प्रभावी ढंग से निभाना प्रारंभ कर दिया है। दावोस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्मृति इरानी ने महज दो दिनों के भीतर ही 20 लाख डॉलर की धनराशि जुटाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सराहा जा रहा है।स्मृति इरानी की यह पहल न केवल भारतीय महिला उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया', 'वोकल फॉर लोकल' और 'नारी शक्ति' को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। जानकारों का मानना है कि उनके नेतृत्व में शीघ्र ही 10 करोड़ डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा, जिससे महिला स्वामित्व वाली लघु एवं सूक्ष्म इकाइयों को बड़ा संबल मिलेगा।गौरतलब है कि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री रहते हुए स्मृति इरानी ने अमेठी में विकास के नए आयाम स्थापित किए। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, महिला सशक्तिकरण और रोजगार के क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए कार्य आज भी मील का पत्थर माने जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उन्होंने नारी सशक्तिकरण को मजबूती से उठाया और भारत की सशक्त छवि प्रस्तुत की।भले ही वर्तमान में वे अमेठी की सांसद नहीं हैं, लेकिन अमेठी के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी उतनी ही मजबूत है। नए वर्ष के अवसर पर उन्होंने अमेठीवासियों को नववर्ष कैलेंडर भेंट कर अपने आत्मीय संबंधों का पुनः परिचय दिया है।अमेठी की दीदी और देश की बेटी स्मृति इरानी आज भी सेवा, समर्पण और सशक्तिकरण की प्रतीक बनी हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में नेताजी की 130वीं जयंती और सरस्वती पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है



**श्रीभूमि-** असम के अन्य जिलों के साथ तालमेल बनाते हुए, हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा बस स्टैंड पर नेताजी की 130वीं जयंती भावपूर्ण अंदाज में स्थायी प्रतिमा के सामने धूमधाम से मनाया गया। इस दिन स्थानीय प्रमुख व्यक्ति और स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया और नेताजी अमर रहें, हम आपको भूलेंगे नहीं, आज़ाद हिंद फौज ज़िंदाबाद के नारे लगाए। जयंती समारोह में समाजसेवी श्यामल घोष, नव किशोर देव, कृष्णपद मालाकार, श्यामल भट्टाचार्य, अरुण चंद्र, अनुप दास, मंटू कोहार और सरस्वती विद्यानिकेतन के आचार्य सूर्या रेखा सिन्हा सहित स्कूल के छात्र-छात्राएँ और अन्य उपस्थित थे। दूसरी ओर, जिले में धूमधाम से मनाया जा रहे हैं विद्या देवी सरस्वती की पूजा और इस सरस्वती पूजा के लिए सुबह ही क्षेत्र के सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी और शिक्षक पूजा में व्यस्त रहे। इसके कारण सुबह से ही प्रमुख सड़कें जन सैलाब से भर गई। इसके अलावा कई माता-पिता छोटे बच्चों को साथ लेकर पूजा में भाग लिया।

### गायत्री महायज्ञ सम्पन्न होने पर हुआ विशाल भण्डारा

**बाराह देवी मन्दिर में हुए इस गायत्री महायज्ञ दौरान रामलीला का भी हुआआयोजन**



**हमीरपुरः-** जनपद के खड़ेही जार, धनपुरा, कल्ला और कलकापुरवा गांवों के बीच स्थित बाराह देवी मन्दिर में बीती 16 जनवरी से चल रही गायत्री महायज्ञ शुक्रवार के दिन विशाल भण्डारा के साथ सम्पन्न हो गई।इस धार्मिक महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।आठ दिनों तक चले इस आयोजन में रात्रि के समय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।वहीं यज्ञ आहुतियों देकर जन कल्याण और विश्व कल्याण की कामना की गई। इस पावन अवसर पर श्री प्राप्त महामण्डलेश्वर रामदेव महाराज (बाँकी आश्रम, भरुआ सुमेरपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। महायज्ञ के यज्ञाचार्य श्री सुरेश द्विवेदी (चन्दौखी) तथा भागवताचार्य श्री लखनलाल दीक्षित (बाँदा) धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत संचालन किया। महोत्सव का समापन विशाल भण्डारे के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यज्ञ परिसर के पास लगे मेला में महिलाओं और बच्चों में जमकर खरीदारी की और झूलों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का आयोजन श्री बाराह देवी मन्दिर यज्ञ समिति द्वारा किया गया।

### 15 फीट लंबा अजगर खेत में दिखने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों ने देखा अजगर शोर सुनकर नदी में उतरा



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र के सुमरावा गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के पूरब स्थित चौका नदी के किनारे एक खेत में करीब 15 फीट लंबा विशालकाय अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर खेत में काम कर रहे ग्रामीणों में दहशत फैल गई कुछ देर बाद अजगर खेत से निकलकर पास ही बह रही चौका नदी में चला गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दे दी है। जानकारी के अनुसार सुमरावा गांव निवासी शिवकुमार का खेत चौका नदी के किनारे स्थित है। उन्होंने अपने खेत में केले और धनिया की फसल बो रखी है। गुरुवार शाम को शिवकुमार खेत की निराई-गुड़ाई करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर खेत में मौजूद एक विशाल अजगर पर पड़ी अजगर को देखते ही शिवकुमार घबरा गए और पास के खेत में काम कर रहे कमलेश कुमार, राकेश कुमार, सर्वेश कुमार और राजकुमार को आवाज देकर बुला लिया। ग्रामीणों के एकत्र होने और शोर-शराबा होने पर अजगर खेत से निकलकर सीधे चौका नदी की ओर चला गया। अजगर के नदी में चले जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी किनारे खेत होने के कारण भविष्य में भी इस तरह की घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे खेतों में काम करना जोखिम भरा हो सकता है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग को अवगत कराया गया। इस संबंध में डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार ने बताया कि फिलहाल उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं मिली है लेकिन सूचना मिलने पर टीम भेजकर मौके की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में अजगर की मौजूदगी की पुष्टि होती है तो आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी!!

# पंजीकृत ठेकेदारों ने टेंडर प्रक्रिया में पक्षपात के आरोप लगाते हुए सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** नगर पालिका परिषद मौदहा के पंजीकृत ठेकेदारों ने टेंडर प्रक्रिया में अधिकारियों और चहेते ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ठेकेदारों ने प्रकरण में निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदारों का कहना है कि बीते 20 जनवरी को सुमेरपुर से हमीरपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे भीषण जाम के कारण वे नगर पालिका कार्यालय लगभग 12 मिनट की देरी से पहुंचे थे। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ने ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने और टेंडर बॉक्स में लिफाफा डालने से उन्हें रोक दिया। इस मामले की शिकायत पूर्व में अधिशासी अधिकारी और अपर जिलाधिकारी से भी की गई थी, लेकिन कोई समाधान न होने पर मजबूरन पीड़ित ठेकेदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए अपने चहेते ठेकेदारों को ही निर्माण कार्य देना चाहता है, इसी कारण समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

ठेकेदारों ने यह भी कहा कि शासन के निर्देशानुसार पहले ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, उसके बाद ही स्वीकृत ठेकेदारों से ऑफलाइन टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन अपने मनमाने नियम लागू कर शासन के निर्देशों की अनदेखी कर रहा है। नगर के संभ्रांत लोगों और ठेकेदारों ने आरोप



लगाया कि जब समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अधिकारी को फोन किया जाता है तो उनका फोन रिसीव नहीं होता, जबकि शासन की मंशा है कि सीओजी नंबर के माध्यम से पीड़ितों की शिकायत सुनी जाए और समयबद्ध निराकरण किया जाए।इस संबंध में उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने बताया कि उन्हें ज्ञापन प्राप्त हुआ है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सिलापथार में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, सिलागांव में शोक की माहौल





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीलापथार।** सीलापथार थाने अंतर्गत एक नंबर सीलागांव के कानू बैद्य के तीसरे बेटे 21 साल के राजेश बैद्य और उसी गांव संजीत वैद्य के 21 साल के बेटा समीर बैद्य को कल रात लिकाबाली से As 22 L4107 नंबर के मटर साइकिल से लिकाबलि से घर आते समय फुलबारी बुद्ध मठ के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गए। खबर अनुसार रात को करीब 10 बजे मोटरसाइकिल नियंत्रण खो जाने की कारण इए हादसे हुआ। हादसे में राजेश बैद्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समीर बैद्य गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए मौके डिब्रुगढ़ भेजा गया। इलाज के दौरान आज दोपहर करीब 3.30 बजे उसकी मौत हो गई। राजेश के घर में अपनी चाचा के बेटी की आज शादी थी तैयारियों संपूर्ण हो गई थी। स्वरस्वती पूजा के दिन इस हालात में एक ही गांव के दो युवकों की मृत्यु से परिवार सहित समग्र गांव सदमे में हैं। आज शाम को राजेश बैद्य के शव पोस्टमॉर्टम के बाद उनके घर पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक समीर का शव घर नहीं पहुंचा था।

### दिल्ली चलो नारे के प्रणेता थे नेताजी सुभाष बाबू : चंद्रभूषण

**देवरिया।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष बाबू 'दिल्ली चलो' नारे के प्रणेता थे और उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी 1897 को जन्मे नेताजी ने आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा को त्यागकर देश को स्वतंत्र कराने का कठिन मार्ग चुना। महात्मा गांधी की अहिंसात्मक विचारधारा से अलग उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष की अलख जगाई। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे ओजस्वी नारे से उन्होंने देशवासियों में बलिदान की भावना जागृत की। कार्यक्रम में रामप्यारे यादव, श्रीकांत धरकार, शंकर गोंड, बेलभद्र गोंड, अभिषेक गोंड, अमीन अंसारी, लालू अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने नेताजी को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## प्रधान प्रतिनिधि पर तलवार से हमला खेत में कार उतरने से कार क्षतिग्रस्त प्रतिनिधि बाल- बाल बचे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम प्रधान प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घात लगाए बैठे दबंगों ने तलवार से हमला कर दिया। गनीमत रही कि प्रधान प्रतिनिधि कार के अंदर होने के कारण बाल-बाल बच गए, लेकिन हमले में उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना का एक वीडियो, जिसमें एक हमलावर हाथ में तलवार लिए दिखाई दे रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार हैदरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह गुरुवार को निजी कार से भनवापुर ग्राम पंचायत का कार्य देखने जा रहे थे आरोप है कि जैसे ही वह कटका-भनवापुर मार्ग पर पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे सुखदीप सिंह उर्फ मुन्ना निवासी बनिहार झाला, कमलेश उर्फ पिंकू निवासी भनवापुर, महेंद्र निवासी शुजौलापुर, पिंटू और एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी कार को रोक लिया आरोप है कि हमलावरों ने तलवार से कार पर हमला कर शीशे तोड़ दिए और जान से मारने की नीयत से झपट पड़े हमले के दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क से 3 फिट नीचे खेत में चली गई। स्थिति बिगड़ती देख धर्मेंद्र सिंह कार छोड़कर मौके से भाग निकले। आसपास के लोगों के पहुंचने पर सभी हमलावर मौके से फरार हो गए घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर चार नामजद और



एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दबंगों द्वारा उनसे रंगदारी मांगी जा रही थी इंकार करने पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है!!

## पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की जिला इकाई द्वारा मौदहा के छिमौली रोड पर स्थित कांशीराम कॉलोनी में शुक्रवार के दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने किया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए तथा उनके क्रांतिकारी विचारों को साझा किया गया। जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने बताया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक जिले में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1920 में प्रतिष्ठित आईसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन देशसेवा के लिए नौकरी छोड़ दी। राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। उनका प्रसिद्ध नारा– 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा '–



आज भी युवाओं को प्रेरित करता है।

संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी कमलेश नामदेव ने नेताजी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातों को साझा करते हुए लोगों से राष्ट्रसेवा के लिए आगे आने की अपील की। वहीं वरिष्ठ सदस्य वहीद अहमद ने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था गरीब, मजदूर, मजलूम, निराश्रित एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा) डॉ. सत्यहरी, इस्लामुद्दीन, जिलामहासचिव आसिफ शकील, लवलेश, अंकुश, शकील, कामता, देवकी, सुमित्रा, अंजलि, सल्लू सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

### नींव की ईट बन अखिलेश को टीपू सुल्तान बनाएंगे शिवपालः चंद्रभूषण

**देवरिया।** शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि समाजवाद के सजग प्रहरी शिवपाल सिंह यादव अब नींव की ईंट बन अपने भतीजे एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश की राजनीति का टीपू सुल्तान बनाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि शिवपाल सिंह यादव ने सदैव नेताजी मुलायम सिंह यादव के लिए ढाल बनकर कार्य किया और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजनीति के अनुभवी खिलाड़ी शिवपाल यादव को संगठन खड़ा करने से लेकर सरकार संचालन तक का व्यापक अनुभव है, जिसका लाभ अब पार्टी को मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शिवपाल सिंह यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर रामप्यारे यादव, चौथी प्रसाद, अभिषेक गोंड, अजीत यादव, छोटू यादव, दिनेश यादव,अमीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान के घर लगी आग लाखों का सामान जलाकर खाक, महिलाओं ने भागकर बचाई जान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिंगरी भदफर में गुरुवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे घर में मौजूद महिलाओं में हड़कंप मच गया घर में मौजूद महिलाओं ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने बाल्टी, डिब्बे और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो आग आसपास के अन्य घरों तक भी फैल सकती थी। इस अग्निकांड में ग्राम प्रधान के घर में रखा लगभग 20 कुंतल गेहूं, 10 कुंतल चावल, करीब 20 हजार रुपये की नकदी, जेवरात, कपड़े, तख्त, खटिया समेत लाखों रुपयों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

ग्रामीणों का कहना है कि अचानक धुआं



उठता देख उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन को भी अवगत कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा नुकसान होने से बच गया!!

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो अभियुक्तों को किया जिलाबदर

**हमीरपुरः-** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने शुक्रवार के दिन आपराधिक प्रवृत्ति के दो अभियुक्तों पर जिलाबदर की कार्यवाही की। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत शैलेन्द्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी बिहरका थाना मौदहा, जिला हमीरपुर, स्वतंत्र राजपूत पुत्र रामेश्वर, निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ, जिला हमीरपुर के खिलाफ की कार्यवाही की गई है। जिला बदर किए गए इन दोनों लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद हमीरपुर से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश न करेंगे। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे, साथ ही वहां पर किसी प्रकार शस्त्र या हथियार लेकर नहीं चलेंगे। इस आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक- एक लाख रुपए की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा।आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित प्रभारी निरीक्षक को प्रेषित की गयी हैं। जिलाधिकारी ने इन दोनों प्रकरणों में पाया कि इन सभी की गतिविधियां समाज के लिए हानिकारक हैं तथा उनकी ख्याति दुःसाहसी एवं समुदाय के लिए खतरनाक प्रवृत्ति की है, इसलिए इनका स्वतंत्र रहना लोकहित में नहीं है।

## श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पार्टी के टिकट की दौड़ में समाजसेवी सुनील चंद्र बिन





**● जिला के भाजपा पार्टी के सभापति संजीव बॉनिक के साथ साक्षात्कार किया और बीजेपी के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए ज्ञापन सौंपा।**

**समाजसेवी सुनील चंद्र बिन ने कहा कि अगर पार्टी मुझे जिम्मेदारी देती है तो मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊँगा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि :** आगामी 26वें विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पार्टी के उम्मीदवारों के लिए टिकट की दौड़ तेजी से बढ़ रही है। इस दौड़ में समाजसेवी सुनील चंद्र बिन वर्तमान में चर्चित नाम हैं। उन्होंने 2019 में भी भाजपा पार्टी के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। संभावित उम्मीदवार के रूप में वह स्वयं को प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी क्रम में गत 22 जनवरी (गुरुवार) जिले के भारतीय जनता पार्टी के भवन में जिले के सभापति संजीव बॉनिक के साथ साक्षात्कार किया और बीजेपी के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर स्मारक पत्र सौंपा। समाजसेवी सुनील चंद्र बिन ने रामकृष्णनगर विधानसभा से बीजेपी के टिकट के लिए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की।

समाजसेवी सुनील बिन ने मीडिया को बताया कि उन्होंने जिले के बीजेपी भवन में लोकप्रिय जिले के सभापति संजीव बॉनिक से बातचीत की और उन्होंने बीजेपी के टिकट के लिए अपनी उम्मीदवारी रखी। इसके बाद इस विषय पर चर्चा हुई और समाजसेवी सुनील चंद्र बिन ने कहा कि अगर पार्टी मुझे जिम्मेदारी देती है तो मैं इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊँगा और विकास, पारदर्शिता और लोगों की समस्याओं का सही समाधान ही मेरा मुख्य लक्ष्य होगा। समाजसेवी सुनील चंद्र बिन रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विद्यानगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वे खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा 2014 से भाजपा के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिल्कीपुर के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम, 182 जोड़ों की हुई शादी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** शुक्रवार को विद्यामंदिर इण्टर कालेज मिल्कीपुर के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव सिंह व समाज कल्याण अधिकारी रण विजय सिंह ने की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्षेत्र के 190 जोड़े रजिस्ट्रेशन कराए थे जिनमें 182 जोड़ो पहुंचे और परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में विधान सभा के तीनों ब्लाकों के जोड़े मौजूद रहे। जिसमें मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के 63, अमानीगंज के 64, विकासखंड हैरिंग्टनगंज के 48 व नगरपंचायत कुमारगंज के 7 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया। इनमें से 4 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे जिन्हें उनके रीत रिवाज के साथ निकाह कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने आए हुए जोड़ो एवं उनके रिश्तेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि अब गरीब लोगों को अपनी कन्याओं की शादी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप अपनी बेटी की शादी योग्य वर के साथ तय कीजिए और विवाह की सारी जिम्मेदारी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उठाएंगे। पहले की सरकारों में मात्र 10 हजार रुपए मिलते थे योगी जी की सरकार इसकी राशि निरंतर बढ़ा रही है। इस मौकेपर विधायक ने अपने हाथों से जोड़ो को पायल, बिछिया साड़ी, गद्दा, पंखा सूटकेश आदि 25 हजार का सामान देते हुए वर बधू को आशीर्वाद



दिया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार, प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर हरिश्चंद्र सिंह, हैरिंग्टनगंज आर.एन. भारती अमानीगंज सूर्य प्रकाश मिश्रा। एडीओ पंचायत सुरेन्द्र कुमार समेत अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर तीनों थाना की पुलिस बल मौजूद रहा।

## वंसन्तोत्सव पर्व पर विद्यालय परिसर में ज्ञान की देवी की प्रतिमा का अनावरण





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** कुरारा कस्बा के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शिक्षा, ज्ञान एवं कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की नवीन प्रतिमा का विधिवत अनावरण श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधाकर वर्मा ने मां सरस्वती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विवेक, संस्कार और सृजनात्मकता की प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा विद्यार्थियों को अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों की निरंतर प्रेरणा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में शैलेन्द्र सिंह, शमशेर सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं मौदहा में बसंत पंचमी के दिन बसंत ऋतु आगमन के अवसर पर ज्ञान बुद्धि की देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए जगह-जगह शिक्षण संस्थानों में सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प ,माला एवं लड्डू से भोग लगाते हुए हवन पूजन कर खुश करने की कोशिश की गई कस्बे के पाण्डव गेस्ट हाउस सरस्वती शिशु मंदिर व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सहित कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के अन्य शिक्षण संस्थानों में ज्ञान दायिनी मां सरस्वती जी का प्राकट्योत्सव का कार्यक्रम हवन पूजन के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वही कस्बे के विद्या मंदिर हो रहे कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप प्रधानाचार्य भारत सिंह हवन पूजन का कार्य पं. रामकुमार शुक्ल द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर नौनिहालों का पाटी पूजन एवं प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम भी मनाया गया। वही पांडव गेस्ट हाउस ब्रह्म कल्याण एवं संस्कार समिति के सदस्यों में सरस्वती के वंदना के साथ बसंत पंचमी का पर्व मनाया और ज्ञान, बुद्धि की देवी की विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर शिवकुमार पांडे, श्रीकृष्ण त्रिपाठी, बृजेंद्र गौतम, आनंद त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### हत्या का प्रयास में वांछित अभियुक्त 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली इनायतनगर में पंजीकृत मुकदमा संख्या 026/2026 धारा 109 (1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करते हुये थाना इनायतनगर की पुलिस ने घटना का सफल अनावरण किया गया। आरोप है कि आरोपी सौरभ पुत्र खुशीराम निवासी कर्मडांडा की ग्राम पूरे झलिहन कर्मडांडा में जन्मदिन में गए ग्राम सभा निवासी आदित्य श्रीवास्तव पुत्र सुभाष श्रीवास्तव से कहा सुनी हो गई। कहासुनी को लेकर सौरभ ने आदित्य के ऊपर चाकू से हमला कर दिया जिससे आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा। घटना के अलसुबह घायल आदित्य के बाबा द्वारा थाना कोतवाली इनायतनगर मे तहरीर दी गई। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने शुक्रवार शाम को प्रेसनोट के माध्यम से बताया कि आरोपित को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक यदुनाथ सिंह, उप निरीक्षक देवब्रत लाल यदुवंशी, हेड कास्टेबल कमलेश कुमार व अन्नू सिंह शामिल रहे।

## समरसता भोज समाज को जोड़ने का काम करते हैं: नगर विकास राज्यमंत्री

**● सीतापुर सभासद संघ का समरसता तहरी भोज आयोजित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर सभासद संघ सीतापुर द्वारा शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में समरसता तहरी भोज एवं विशिष्टजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया गया। समरसता तहरी भोज में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर तहरी खानी शुरू की, तो हर तरफ समरसता की बयार बहती नजर आई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राकेश त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद सभासद संघ द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मां सरस्वती की आराधना का पर्व है। यह सामाजिक समरसता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने का काम करते हैं। सीतापुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष के प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी ने नगर में हुए विकास कार्यों को वर्णन करते हुए नगर के विकास की आगामी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर जगह समरसता की आवश्यकता है, इसके लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। सीतापुर सभासद संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता पिंकू ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा




कि ऐसे आयोजन सामाजिक दूरियों को मिटाकर आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी समाज को जोड़ने वाले कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के लोगों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहित सभासद विनोद गिहार, किशोरी लाल, विष्णु वर्मा, रिजवान खान, कुसुम लता, सर्वेश विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, सुरेश कनौजिया, नितिन सिंह, राज किशोर सिंह, धीरज पांडेय, अनूप बाजपेयी, अश्वनी शुक्ला, चंद्र शेखर, रामशरण, प्रदीप गुप्ता, आदि मौजूद रहे।